WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, गुरुवार, 31 जुलाई 2025 शुक्ल पक्ष- सप्तमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 168 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

साय कैबिनेट के फैसले : नवा रायपुर में बनेगी क्रिकेट एकेडमी, खिलाड़ियों को मिलेगी इंटरनेशनल लेवल की ट्रेनिंग

अब ई-नीलामी से दी जाएगी रेत खदानें

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट की बैठक हुई। सभी मंत्रियों की मौजूदगी में सरकार ने कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। नवा रायपुर के परसदा में क्रिकेट खिलाडि़यों के लिए एकेडमी बनाई जाएगी। इसकी स्थापना के लिए 7.96 एकड़ भूमि आबंटित किया गया है। कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिली है। वहीं, छत्तीसगढ़ में लगातार अवैध खनन-परिवहन मामले को देखते हुए रेत खदान के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया में भी बदलाव किया गया है। शेष पृष्ठ 6 पर

खनिज न्यास नियम में बदलाव

अब जिला खनिज न्यास की 70' राशि पीने के पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला-बाल विकास, रोजगार और स्वच्छता जैसे जरूरी कामों पर खर्च की जाएगी।

भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी के बाद अहम निर्णय

इसी तरह भारत माला परियोजना में अनियमितता के बाद सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है। कृषि भूमि के बाजार मूल्य की गणना के लिए 500 वर्गमीटर तक के भू-खंड की दर को खत्म करते हुए पूरे रकबे की गणना हेक्टेयर दर से की जाएगी।

रेत खनन के नए नियम

रेत के अवैध खनन पर रोक और पारदर्शिता के लिए नए नियम लागू होंगे, जिससे आम लोगों को सस्ती रेत मिलेगी और ई-नीलामी से खदानें दी जाएंगी।

कृषि भूमि मूल्य निर्धारण में बदलाव

अब ग्रामीण कृषि भूमि की कीमत हेक्टेयर में तय होगी, और निवेश क्षेत्रों की जमीन वर्गमीटर में आंकी जाएगी जिससे अनियमितताओं से बचा जा सकेगा।

अकादमी के लिए जमीन

नवा रायपुर में क्रिकेट अकादमी के लिए 7.96 एकड़ जमीन दी गई है, जिससे खिलाडि़यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग मिलेगी और राज्य को खेलों में पहचान मिलेगी।

कैबिनेट में लिए गए बड़े फैसले

- राज्य पुलिस सेवा के 2005-2009 बैच के अफसरों को सीनियर सिलेक्शन ग्रेड-पे स्केल देने 30 पद स्वीकृत ।
- वंचित वर्गों (एसटी, महिला, तृतीय लिंग) के लिए पैनआईआईटी के साथ गैर-लाभकारी संयुक्त उद्यम कंपनी को मंजूरी। इनमें स्किल डेवलपमेंट, रोजगार, फॉरेन लैंग्वेज ट्रेनिंग शामिल।
- पुराने वाहनों के चॉइस नंबर नए या दूसरे राज्य के वाहनों में ट्रांसफर शुल्क के साथ हो सकेंगे। शासकीय वाहनों पर शुल्क नहीं लगेगा।
- छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक 2025 के प्रारूप को मंजूरी।
- छात्र स्टार्टअप और नवाचार नीति को मंजूरी। 100 संस्थानों में 50 हजार छात्रों तक पहुंच, 150 स्टार्टअप को सपोर्ट।
- छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी (संशोधन) विधेयक 2025 को मंजूरी।
- राजधानी क्षेत्र प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी। रायपुर, दुर्ग-भिलाई और नया रायपुर के विकास के लिए।
- जीएसटी (संशोधन) विधेयक 2025 को मंजूरी। इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर के नियम और अधिक प्रभावी होंगे।
- बकाया कर, ब्याज और पेनल्टी निपटान विधेयक (संशोधन) को मंजूरी। व्यापारियों को राहत और मामलों का जल्द निपटारा।
- छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता संशोधन को मंजूरी। नक्शा बंटवारा, नामांतरण आसान, अवैध प्लाटिंग पर रोक।
- कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय अधिनियम 2004 में संशोधन विधेयक को मंजूरी।

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं बेगानी शादी में अब्दुल्ला दिवाना। एक खबरिया चैनल डिबेट के दौरान मौलाना साजिद रशीदी ने सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव की धर्म पत्नि और सपा सांसद डिम्पल यादव पर अभ्रद टिप्पणी कर दी। जिसपर खुद डिम्पल यादव और उनके पति परमेश्वर अखिलेश यादव ने तो कोई ऐतराज नहीं जताया लेकिन भाजपाईयों ने इसे एक भारतीय नारी का अपमान करार देते हुए सिर पर आसमान उठा लिया। यह तो मुदैई सुस्त गवाह चूस्त वाली बात हो गई। यह पीडीए का आपसी मामला है। भाजपाईयों को दूसरे के भटे में टांग अडाकर खालीपीली बोम नहीं मारना चाहिए।

नमों की गिरफ्तारी पर संसद में गरजे दुर्ग और बस्तर के सांसद: बोले-

छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी और धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं करेंगे

***नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में नन गिरफ्तारी का मामला एक बार फिर संसद में गूंजा। शून्यकाल के दौरान दुर्ग सांसद विजय बघेल और बस्तर सांसद महेश कश्यप ने सदन में मुद्दा उठाते हुए कांग्रेसियों पर भ्रम फ़ैलाने का आरोप लगाया। वहीं सांसद बघेल ने कहा- कांग्रेस के सांसद और नेता मानव तस्करी को बढ़ावा दे रहे हैं। संसद सत्र के शून्यकाल में मुद्दे को सांसद विजय बघेल ने सदन के सामने रखा। विजय बघेल ने कहा- दुर्ग रेलवे स्टेशन में मानव तस्करी और धर्मांतरण कर दो नन द्वारा बस्तर की भोली भाली आदिवासी बेटियों को आगरा ले जाया जा रहा था, जिन्हें दुर्ग जिला के हमारे जागरुक नागरिकों द्वारा बचाया गया। छत्तीसगढ़ शांतिप्रिय प्रदेश है हम हमारी सरकार अपनी आदिवासी बेटियों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।*

कांग्रेसी भ्रम फैला रहे: विजय बघेल

विजय बघेल ने कहा- कांग्रेस का चाल, चरित्र और चेहरा सबके सामने आ गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा सहित कांग्रेस के सांसद और नेता मानव तस्करी को बढ़ावा दे रहे हैं। यह नन के समर्थन में खड़े हो रहे हैं। विजय बघेल ने आगे कहा- शांतिप्रिय छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भ्रम फैलाकर अराजकता पैदा करना चाह रही है। कानून अपना काम कर रही है और यह सभी नन के समर्थन में खड़े होकर दबाव बनाने का काम कर रहे हैं।

जनजाति बेटियों की सुरक्षा के लिए बने कानून - बस्तर सांसद कश्यप

बस्तर सांसद महेश कश्यप ने भी सदन में अपनी बात रखी। उन्होंने नन गिरफ्तारी मामले को लेकर कहा- बस्तर की बेटियों को धर्मांतरण के जाल में फसाया जा रहा है। विपक्ष के नाता हमारी आदिवासी बेटियों की तस्करी करने वाले लोगों को संरक्षण दे रहे हैं। इनको नहीं पता है कि, शेष पृष्ठ 6 पर

केरल के सांसदों ने दुर्ग में गिरफ्तार हुई नन को रिहा करने की मांग की

इन दिनों दो ननों की छत्तीसगढ़ में गिरफ्तारी को लेकर सियासत गरमाई हुई है। ननों के गिरफ्तारी मामले का विरोध करने के लिए कांग्रेस महासचिव और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को दिल्ली में संसद परिसर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रियंका गांधी ने छत्तीसगढ़ की सरकार से दोनों नन को रिहा करने की मांग की। उन्होंने कहा हम अल्पसंख्यकों पर इस तरह के हमले का विरोध कर रहे हैं। हम संसद में यह मुद्दा उठा चुके हैं और आज भी उठाएंगे। सच कहूं तो सरकार किसी भी चीज के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती। मुझे सरकार से किसी कार्रवाई की उम्मीद नहीं है, लेकिन आवाज उठाना हमारा कर्तव्य है।

हिबी ईडन ने दिया था स्थगन प्रस्ताव

वहीं कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया है। जिसमें उन्होंने घटना पर सदन में चर्चा की मांग की है। उन्होंने कहा- ननों के खिलाफ अवैध गिरफ्तारी कर उन पर मनगढ़ंत आरोप लगाया जा रहा है। यह भीड़ हिंसा का हिस्सा है जो धार्मिक स्वतंत्रता, धर्मनिरपेक्षता और कानून के शासन के मूलभूत सिद्धांतों पर हमला है।

शिकायत पर ननों पर विभिन्न धाराएं लगाई

दरअसल 25 जुलाई को छत्तीसगढ़ के दुर्ग रेलवे स्टेशन से केरल की दो ननों (सिस्टर प्रीथी मैरी और सिस्टर वंदना फ्रांसिस) और एक अन्य व्यक्ति, सकुमन मंडावी, को गिरफ्तार किया गया। उन पर आरोप है कि उन्होंने नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले की तीन आदिवासी लड़कियों को आगरा ले जाते हुए मानव तस्करी और धर्म परिवर्तन करवाने की कोशिश की थी। एक स्थानीय बजरंग दल कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर ननों पर विभिन्न धाराएं लगाई गई हैं।

बजरंग दल ने पुलिस के सामने पीटा : वृंदा

इसके बाद वृंदा करात ने राज्य सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। एफआईआर में धर्मांतरण और ह्यूमन ट्रैफिकिंग का उल्लेख किया गया है, हम पूछना चाहते हैं क्या छत्तीसगढ़ में कोई अलग कानून है। उन्होंने बजरंग दल को भी लपेटते हुए कहा कि, बजरंग दल के लोगों ने जबरन मारपीट कर बयान दिलाने की कोशिश की।

बीजापुर में पीडब्ल्यूडी के 5 बड़े अफसर गिरफ्तार

सड़क निर्माण में गड़बड़ी का मामला, पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हुई थी हत्या

बीजापुर/नवप्रदेश। जिस सड़क के निर्माण में गड़बड़ी की खबर दिखाए जाने के बाद बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या कर दी गई, उसी गड़बड़ी पर बुधवार को पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। गंगालूर-मिरतुल सड़क निर्माण में गड़बड़ी में शामिल पीडब्ल्यूडी के 5 बड़े अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए अफसरों में 2 रिटायर्ड ईई, एसडीओ और सब इंजीनियर शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि, पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या इसी सड़क की खबर दिखाने शेष पृष्ठ 6 पर

गिरफ्तारी से हिल गया विभाग

पुलिस अब तक चार आरोपियों सुरेश चंद्राकर, उनके दो भाई और एक सुपरवाइजर को हत्या के मामले में जेल भेज चुकी है। अब गहराई से की गई जांच के बाद सड़क निर्माण में घपले के लिए जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों पर शिकंजा कसना शुरू हुआ है। पांचों अफसरों को रिमांड पर लिया गया है।

1200 पन्नो की चार्जसीट

विशेष जांच दल एसआईटी की 1200 से अधिक पन्नों की चार्जशीट कॉल डाटा, रिकाइस, सीसीटीवी फुटेज व 72 गवाहों के बयानों के आधार यह चार्जसीट तैयार की गई थी।

छत्तीसगढ़ पुलिस के 3 अधिकारी एसीबी-ईओडबल्यू भेजे गए

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस के तीन अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर एसीबी-ईओडबल्यू में भेजा गया है। इसमें एक एडिशनल एसपी, डीएसपी और इंस्पेक्टर शामिल है। राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने यह आदेश जारी किया है। इस आदेश के मुताबिक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल

तीसरी वाहिनी में तैनात एएसपी जयप्रकाश बढ़ई, डीएसपी प्रभात पटेल और इंस्पेक्टर नवीन देवांगन शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य प्रशासनिक सेवा के 75 अधिकारी इधर से उधर

सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को राज्य प्रशासनिक सेवा के 75 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इस आदेश में विभिन्न जिलों में तैनात डिप्टी कलेक्टर, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर और सीईओ जिला पंचायत स्तर के अधिकारियों को नई पदस्थापना दी गई है। तबादला सूची में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, कोरबा, बस्तर, राजनांदगांव, नारायणपुर, बालोद, कोरिया, मुंगेली, महासमुंद सहित कई जिलों के अधिकारी शामिल हैं।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी अमेरिका रवाना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वित्तमंत्री ओपी चौधरी सात दिवसीय अमेरिका यात्रा पर रवाना होंगे। इस यात्रा का उद्देश्य अमेरिका में बसे प्रवासी छत्तीसगढ़वासियों से संवाद स्थापित कर उन्हें राज्य के विकास अभियान से जोडऩा है। वित्त मंत्री चौधरी इस दौरान अमेरिका में रह रहे छत्तीसगढ़ी मूल के नागरिकों को प्रदेश के समग्र विकास में भागीदार बनने के लिए प्रेरित करेंगे तथा उन्हें वर्ष 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में तैयार ''छत्तीसगढ़ अंजोर विजन 204700 से अवगत कराएंगे। वे आगामी एनआरआई शिखर सम्मेलन में प्रवासियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भी आमंत्रण देंगे। अपनी यात्रा के दौरान मंत्री चौधरी अमेरिका में अध्ययनरत छत्तीसगढ़ी युवाओं से संवाद कर उनके लिए एक सशक्त सपोर्ट सिस्टम के निर्माण की दिशा में सुझाव प्राप्त करेंगे।

प्रीति मांझी युवा कांग्रेस की बनीं राष्ट्रीय सचिव

जीपीएम/नवप्रदेश। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के एक छोटे से गांव में रहने वाली प्रीति मांझी को कांग्रेस ने बड़ी जवाबदारी देते हुए युवक कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव बनाया है। जिसके बाद से प्रीति को बधाई और शुभकामनाएं देने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रीति मांझी जीपीएम जिले के गौरेला विकासखंड के एक छोटे से गाँव गांगपुर की रहने वाली हैं, प्रीति मांझी को कांग्रेस पार्टी ने युवक कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। यह उनके लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रीति मांझी की इस उपलब्धि ने निश्चित रूप से उनके परिवार का नाम रोशन किया है। वह युवक कांग्रेस में अपनी भूमिका निभाते हुए युवाओं के लिए काम करती रही हैं। आगे भी प्रीति मांझी को अपने क्षेत्र और प्रदेश के साथ देश के लिए अच्छा काम करते हुए कांग्रेस और युवक कांग्रेस को आगे बढ़ाते हुए आगे ले जाने का काम करेगी। उनकी यह उपलब्धि निश्चित रूप से उन्हें और भी प्रेरित करेगी और वह अपने क्षेत्र के लिए और भी अच्छा काम कर पाएंगी। प्रीति मांझी को युवक कांग्रेस का राष्ट्रीय संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

ऑपरेशन शिवशक्ति : सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया, तीन हथियार बरामद

पुंछ (आईएएनएस)। भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर एक सफल आतंकवाद-रोधी अभियान चलाया। इस अभियान को 'ऑपरेशन शिवशक्ति' नाम दिया गया है।

इस ऑपरेशन में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया है, जो सीमा पार से घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। इस ऑपरेशन में तीन हथियार भी बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की सटीक और समन्वित खुफिया जानकारी के आधार पर की गई।

व्हाइट नाइट कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। एक्स पोस्ट में लिखा है, हमारी सतर्क सेना ने सटीक टारगेट के साथ त्वरित कार्रवाई से आतंकियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया। यह अभियान बुधवार सुबह शुरू हुआ और अभी भी जारी है।

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर फैसला रखा सुरक्षित

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने नगदी बरामद होने के आरोपों का सामना कर रहे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर सुनवाई के बाद बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। पीठ ने न्यायमूर्ति वर्मा को सुको के न्यायाधीश पद से हटाने से संबंधित संसद में महाभियोग प्रस्ताव का जिक्र करते हुए यह भी संकेत दिया कि अदालत इस मामले में हस्तक्षेप करने से बच सकती है।

दुर्ग और रायपुर में ईडी और ईओडब्ल्यू का छापा

दवा खरीदी में 660 करोड़ रु का घोटाला मामले में मोक्षित के ठिकानों पर दबिश

रायपुर/दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में मोक्षित कॉर्पोरेशन के कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। ईडी और ईओडब्ल्यू की संयुक्त कार्रवाई में दुर्ग स्थित तीन आवासीय परिसरों और कार्यालयों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, इस छापेमारी में दो दर्जन से अधिक अधिकारी शामिल थे, जिनके साथ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान भी भारी संख्या में तैनात रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर को चारों ओर से घेर लिया गया और किसी भी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक लगा दी गई।

बताया जा रहा है कि यह छापेमारी छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) में हुए 650 करोड़ रुपए से अधिक के घोटाले से जुड़ी हुई है। इस घोटाले में पहले भी कई बार कार्रवाई हो चुकी है। लगभग छह महीने पहले ईओडब्ल्यू और शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

चेतावनी 8.7 तीव्रता के भूकंप के बाद जापान के कुछ हिस्सों में सुनामी की लहरें

रूस में शक्तिशाली भूकंप के बाद कई देशों में सुनामी की चेतावनी जारी की

बीजिंग (आईएएनएस)। रूस के कामचटका प्रायद्वीप में बुधवार सुबह 8.7 तीव्रता के भूकंप के बाद चीन, पेरू और इक्वाडोर सहित प्रशांत महासागर में कई देशों के तटीय इलाकों के लिए सुनामी चेतावनी जारी की गई है। इससे पूरे प्रशांत क्षेत्र में चिंता बढ़ गई है। शक्तिशाली भूकंप का केंद्र पेट्रोपाव्लोव्स्क-कामचत्स्की शहर से लगभग 119 किमी दूर था, जो रूस का एक शहर है जिसकी आबादी 1.8 लाख के करीब है। इस भूकंप के बाद रूस, जापान, अमेरिका (हवाई और अलास्का), ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और प्रशांत महासागर के कई द्वीप देशों में तुरंत सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई। अधिकारियों ने भूकंप के केंद्र के करीब, खासकर कामचटका प्रायद्वीप में कई इलाकों से तुरंत लोगों को खाली कराने का

काम शुरू कर दिया, क्योंकि वहां 3-4 मीटर (10 से 13 फीट) ऊंची सुनामी लहरों की चेतावनी मिली थी। एहतियात के तौर पर संवेदनशील तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को ऊंचे क्षेत्रों या सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया। अधिकारियों का मानना है कि चीन के पूर्वी तटीय क्षेत्रों में सुनामी की लहरें पहुंच सकती हैं, इसलिए वे इस बारे में गंभीर रूप से चिंतित हैं। राष्ट्रीय संसाधन मंत्रालय ने एक सलाह में बताया कि नवीनतम चेतावनी और विश्लेषणों के आधार पर मंत्रालय के सुनामी सलाहकार केंद्र ने तय किया है कि भूकंप ने सुनामी उत्पन्न की है, जिससे चीन के कुछ तटीय क्षेत्रों को क्षति पहुंचने का खतरा है।

"निवारक निकासी" की घोषणा

पेरू की नौसेना के जल सर्वेक्षण एवं नौवहन निदेशालय ने एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र के विश्लेषण और मूल्यांकन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है कि भूकंप के कारण पेरू के तटीय क्षेत्रों में सुनामी की चेतावनी उत्पन्न हुई है। गैलापागोस द्वीपसमूह के लिए 'निवारक निकासी' की घोषणा की है। जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र द्वारा विश्लेषण और मूल्यांकन के बाद यह निर्धारित किया गया है कि यह घटना पेरू के तट के लिए सुनामी की चेतावनी है।

5 लाख का इनामी नक्सली ढेर, लॉन्चर सहित विस्फोटक जप्त

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिले के केरलापाल थाना क्षेत्र अंतर्गत डोंगिनपारा जंगल में मंगलवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। सुरक्षाबलों ने पांच लाख के इनामी माओवादी कोटला गंगा उर्फ मुचाकी गंगा को मार गिराया है, जो केरलापाल एरिया कमेटी में सक्रिय पदाधिकारी था। यह मुठभेड़ सुकमा और दंतेवाड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र में संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई।

पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि माओवादी मूवमेंट की पुख्ता सूचना पर सुकमा डीआरजी, एसटीएफ और सीआरपीएफ की टीमों ने संयुक्त अभियान चलाया। मंगलवार सुबह से मुठभेड़ रुक-रुक कर जारी रही, जिसमें अंततः एक वर्दीधारी शेष पृष्ठ 6 पर

किसानों, महिलाओं, एसएमएसई और पेशेवरों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलता भारत-यूके

नई दिल्ली/ए.। भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता पर हुए हस्ताक्षर केवल एक कागजी करार नहीं, बल्कि यह 21वीं सदी की वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की भूमिका को और मजबूत करने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। यह डील भारत-ब्रिटेन संबंधों में व्यापारिक विश्वास, रणनीतिक समानता और सामाजिक समावेश की वह नींव है जिस पर भविष्य की आर्थिक इमारत खड़ी होगी।

भारत-ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक डील, अपार संभावनाएं

सीईटीए को भारत और ब्रिटेन के बीच अब तक की सबसे बड़ी व्यापारिक डील कहा जा रहा है। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब पूरी दुनिया एक अधिक संतुलित, विविध और समावेशी वैश्विक व्यापार व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। यह सिर्फ बड़े कॉरपोरेट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किसानों, महिलाओं, युवाओं, एमएसएमई और पेशेवरों के लिए नए अवसरों का द्वार खोलता है। यह डील ऐसे वक्त में हुई है जब दुनिया के अनेक हिस्सों में व्यापार संधियों को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। ब्रेक्जिट के बाद ब्रिटेन अपने वैश्विक व्यापार साझेदारों की ओर नए सिरे से देख रहा था और भारत जैसे उभरते बाजार के साथ दीर्घकालिक समझौता उसकी प्राथमिकता में था। वहीं भारत भी 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन के तहत अपने उत्पादों और सेवाओं को वैश्विक बाजार में ले जाने के लिए रणनीतिक साझेदारियों की तलाश कर रहा था। इस समझौते ने दोनों देशों की आर्थिक आकांक्षाओं को एक साझा मंच पर लाकर खड़ा कर दिया है।

किन क्षेत्रों को मिलेगा फायदा?

यह समझौता वस्त्र, आईटी, फार्मास्युटिकल्स, कृषि उत्पाद, शिक्षा, वित्तीय सेवाओं और लॉजिस्टिक्स जैसे कई प्रमुख क्षेत्रों को सीधे लाभ पहुंचाएगा। खास बात यह है कि भारत की ओर से यह सुनिश्चित किया गया है कि एमएसएमई और ग्रामीण उद्योगों को भी इस साझेदारी से लाभ मिले। इसका एक बड़ा असर यह होगा कि भारत के पारंपरिक और स्थानीय उत्पादों को अब ब्रिटिश बाजार में प्राथमिकता मिल सकेगी, जिससे न केवल निर्यात बढ़ेगा बल्कि ग्रामीण और कुटीर उद्योगों को नई जान भी मिलेगी।

रोजगार और युवा शक्ति के लिए सुनहरा अवसर

यह समझौता न केवल व्यापार बढ़ाएगा, बल्कि इससे भारत के युवाओं को ब्रिटेन में पेशेवर अवसर मिलने का रास्ता भी खुलेगा। दोनों देशों के बीच स्किल डेवेलपमेंट और एजुकेशन सेक्टर में सहयोग बढ़ेगा। इससे भारत के तकनीकी विशेषज्ञों, हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स और अन्य क्षेत्रों के युवा ब्रिटेन के कार्यबल का हिस्सा बन सकेंगे।

किसानों और महिलाओं को कैसे मिलेगा लाभ?

भारतीय कृषि उत्पादों- जैसे ऑर्गेनिक चाय, मसाले, और फल-सब्जियों को ब्रिटेन के सुपरमार्केट्स तक पहुंचाने के लिए अब और कम टैक्स और सरल प्रक्रिया लागू होगी। किसानों की आय में प्रत्यक्ष वृद्धि की संभावना है। वहीं महिला उद्यमियों को भी हैंडीक्राफ्ट्स, टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में ब्रिटिश बाजार में प्रवेश करने का बड़ा अवसर मिलेगा।

समावेशी विकास की दिशा में कदम

इस समझौते की खासियत यह है कि यह केवल मुनाफे के आधार पर नहीं, बल्कि समावेशी विकास की सोच पर आधारित है। इसमें पारदर्शिता, पर्यावरणीय सरोकार, और सामाजिक न्याय के सिद्धांत भी शामिल किए गए हैं। ऐसे में यह समझौता टिकाऊ विकास लक्ष्यों की ओर भी एक व्यावहारिक पहल है।

राजनीतिक इच्छाशक्ति की विजय

भारत और ब्रिटेन के बीच इस डील को संभव बनाने में दोनों देशों की राजनीतिक इच्छाशक्ति और नेतृत्व की दूरदृष्टि की अहम भूमिका रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने इस करार को केवल आर्थिक सौदा न मानकर, इसे एक रणनीतिक साझेदारी के रूप में देखा है, जो दोनों देशों को भू-राजनीतिक स्तर पर भी एक नई ताकत देगा।

क्यों है ऐतिहासिक है यह डील?

भारत-यूके एफटीए का यह नया अध्याय केवल दो देशों के बीच व्यापारिक संबंधों का विस्तार नहीं है, बल्कि यह भारत की आत्मनिर्भरता, वैश्विक नेतृत्व और समावेशी विकास की नीतियों की एक सफल परिणति है। यह समझौता भारत के लिए इसलिए ऐतिहासिक है क्योंकि इससे न केवल आर्थिक लाभ मिलेगा, बल्कि सामाजिक और रणनीतिक रूप से भी यह भारत को मजबूत करेगा।

न्यूज गैलरी

ट्रंप ने रूस को दी चेतावनी, 10 दिन में युद्ध खत्म करे, नहीं तो कड़े टैरिफ का सामना

वाशिंगटन (आईएएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस को यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए 10 दिन की समय सीमा दी है। यह घोषणा उन्होंने स्कॉटलैंड की यात्रा से वाशिंगटन लौटते समय पत्रकारों से बातचीत में की। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर रूस 10 दिन में युद्धविराम पर सहमत नहीं होता, तो अमेरिका रूस पर कड़े टैरिफऔर अन्य प्रतिबंध लगाएगा। दो सप्ताह पहले, 14 जुलाई को ट्रंप ने रूस को 50 दिन का समय देते हुए चेतावनी दी थी कि अगर युद्धविराम नहीं हुआ तो रूस को 'कठोर टैरिफ' का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, उन्होंने सोमवार को ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ बैठक के दौरान समय सीमा को घटाकर 10 या 12 दिन कर दिया, तथा मास्को द्वारा समझौता करने की इच्छा न दिखाने÷ पर निराशा व्यक्त की। इस बयान पर रूस की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने मंगलवार को कहा कि रूस ने ट्रंप के बयान पर ध्यान दिया है, लेकिन यूक्रेन में उसका ÷विशेष सैन्य अभियान÷ जारी रहेगा। पेसकोव ने यह भी कहा कि रूस शांति प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन वह अपने हितों को सुनिश्चित करते हुए ही कोई समझौता करेगा। इस बीच, यूक्रेन में युद्ध की स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। रविवार को रूस ने यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी सूमी क्षेत्र में ड्रोन और मिसाइल हमले किए, जिसमें चार लोग घायल हो गए। दूसरी ओर, रूसी अधिकारियों ने दावा किया कि उन्होंने 150 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया।

राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विदेश मंत्री ने दिया जवाब, बोले-

22 अप्रैल से 16 जून तक पीएम मोदी-ट्रंप में कोई बातचीत नहीं

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राज्यसभा में बुधवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की विदेश और रक्षा नीति पर विपक्ष के सवालों का करारा जवाब दिया। जयशंकर ने कहा कि भारत ने निर्धारित लक्ष्यों पर सटीक कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दुनिया के किसी भी नेता ने भारत पर दबाव नहीं डाला।

इसी दौरान विदेश मंत्री जब संसद में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जवाब दे रहे थे, तभी विपक्षी नेता हंगामा करने लगे। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं को टोकते हुए कहा, ''मैं उनको कहना चाहता हूं, वो कान खोलकर सुन लें। 22 अप्रैल से 16 जून तक, एक बार भी प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप के बीच फोन पर बातचीत नहीं हुई थी। उन्होंने कहा कि अमेरिका, सऊदी अरब और अन्य देशों से जो भी संवाद हुआ, वह पूरी तरह पारदर्शी और रिकॉर्ड में है। उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि भारत ने स्पष्ट कर दिया कि पाकिस्तान यदि संघर्ष विराम चाहता है, तो उसे हमारे डीजीएमओ चैनल से संवाद करना होगा। चीन और पाकिस्तान को लेकर विपक्ष पर हमला बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत की कूटनीतिक सफलता इस बात से साबित होती है कि यूएनएससी में भारत भले ही स्थायी सदस्य न हो, लेकिन सुरक्षा परिषद प्रमुख का बयान भारत के पक्ष में आया। रूस सहित कई देशों ने भारत का समर्थन किया।

उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, ''जो लोग मुंबई हमलों पर चुप रहे थे, आज वे हमें ज्ञान दे रहे हैं।'' विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारतीय सेना को किसी के समर्थन की जरूरत नहीं है और उसने आतंकियों के ठिकानों पर खुद ही सफलतापूर्वक कार्रवाई की है। उन्होंने नूर खान एयरबेस सहित कई आतंकवादी और सैन्य ठिकानों पर की गई तबाही का जिक्र करते हुए कहा कि सेना का श्रेय किसी और को देना उसका अपमान होगा।

भारत की नई रणनीति राज्यसभा में प्रस्तुत

'न्यू नॉर्मल' और 'कांग्रेस नॉर्मल' की तुलना करते हुए जयशंकर ने पांच बिंदुओं पर आधारित भारत की नई रणनीति राज्यसभा में प्रस्तुत की। चीन-पाकिस्तान संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसा और कहा कि कुछ नेता 'ओलंपिक की क्लासरूम' में जाकर चीन का ज्ञान लेकर आए हैं और चीनी राजदूत से 'ट्यूशन' लेते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2006 में कांग्रेस सरकार ने हू जिंताओ की यात्रा के दौरान चीनी कंपनियों को 3जी और 4जी जैसे क्षेत्रों में आमंत्रित कर देश की सुरक्षा से समझौता किया।

एसआईआर विवाद: संसद के बाहर विपक्ष ने किया जोरदार विरोध

नई दिल्ली (आईएएनएस)। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर संसद में लगातार गतिरोध बना हुआ है। बुधवार को कांग्रेस समेत विपक्ष के लगभग सभी दलों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। सोनिया गांधी ने एसआईआर के खिलाफ इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद धर्मेंद्र यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष उसके मंसूबों को सफल नहीं होने देगा। वहीं, सपा सांसद आनंद भदौरिया ने मांग की कि सरकार चुनाव आयोग से कहे कि एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और इस पर संसद में चर्चा कराई जाए। सीपीआई (एमएल) के सांसद राजा राम सिंह ने आरोप लगाया कि एसआईआर भाजपा की साजिश है, जिसके जरिए गरीबों, प्रवासी मजदूरों और महिलाओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इस प्रक्रिया को रद्द किया जाए और संसद में इस पर विस्तृत चर्चा हो।

देश की चुनावी व्यवस्था प्रभावित

सीपीआई सांसद पी. संतोष ने भी एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह सिर्फबिहार का मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे पूरे देश की चुनावी व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चुनाव आयोग पर नियंत्रण कर रखा है और इसीलिए यह प्रक्रिया बंद की जानी चाहिए। विपक्ष के आरोपों पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जवाब देते हुए कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है।

देश के 1,65,000 डाकघर 4 अगस्त तक हो जाएंगे डिजिटल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। देश भर में 86,000 से ज्यादा डाकघर डिजिटल हो गए हैं और इस वर्ष 4 अगस्त तक लगभग 1,65,000 डाकघरों का पूरा नेटवर्क नए प्लेटफॉर्म पर शिफ्ट हो जाएगा। यह केंद्र सरकार द्वारा भारतीय डाक को एक तकनीक-संचालित, नागरिक-केंद्रित लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स प्रदाता के रूप में पुनर्स्थापित करने के लिए शुरू की गई सुधार पहल का हिस्सा है।

बुधवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि आईटी 2.0 फ्रेमवर्क के तहत भारतीय डाक के तकनीकी परिवर्तन का उद्देश्य रियल-टाइम ट्रैक और ट्रेस क्षमताएं, बल्क ग्राहकों के लिए अनुकूलित सेवाएं, डिलीवरी का इलेक्ट्रॉनिक प्रमाण, ओटीपी-आधारित प्रमाणीकरण, डिजिटल भुगतान और ओपन एपीआई इंटीग्रेशन शामिल करना है। उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप, विभाग ने मौजूदा डाकघरों के सेवा क्षेत्रों को कंसोलिडेट करने वाले डेडिकेटेड डिलीवरी सेंटर स्थापित कर सभी श्रेणियों के मेल और पार्सल के लिए केंद्रीकृत वितरण शुरू किया है।

इस तरह की डिलीवरी विभाग को रविवार और छुट्टियों के दिनों में डिलीवरी के साथ-साथ सुबह और शाम की डिलीवरी के विकल्प सहित मजबूत डिलीवरी सर्विस प्रदान करने में सक्षम बनाएंगे। बयान में कहा गया है कि पहले चरण के दौरान देश भर में कुल 344 डिलीवरी केंद्र शुरू किए गए हैं। इस परिवर्तन के मुख्य स्तंभों में से एक भारतीय डाक की प्रणालियों का प्रमुख नेशनल डिजिटल कॉमर्स इकोसिस्टम के साथ इंटीग्रेशन है। अधिकारियों के अनुसार, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) वॉलेट-आधारित प्रीपेड बुकिंग, केंद्रीकृत ऑर्डर ट्रैकिंग और ओएनडीसी की लेखा प्रणालियों के साथ स्वचालित मिलान को सक्षम करेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) के साथ अपने सहयोग के माध्यम से, भारतीय डाक भुगतान ट्रैकिंग और कैश-ऑन-डिलीवरी (सीओडी) निपटान के लिए एपीआई-संचालित स्वचालित मूल्य निर्धारण और केंद्रीकृत डैशबोर्ड प्रदान करेगा।

---

2 अगस्त को जारी होगी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त

नई दिल्ली/आईएएनएस। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की अगली किस्त 2 अगस्त को जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम में, यह किस्त जारी करेंगे। वर्ष 2019 में इस योजना के शुभारंभ के बाद से, 19 किस्तों के माध्यम से किसानों के खातों में ?3.69 लाख करोड़ हस्तांतरित किए जा चुके हैं। वहीं, 20वीं किस्त में 9.7 करोड़ किसानों को ?20,500 करोड़ हस्तांतरित किए जाएंगे। अगले महीने 2 अगस्त को होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा और अधिकतम किसानों तक इसका लाभ पहुंचाने के लिए बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस दौरान, कृषि मंत्री ने अधिकारियों को राष्ट्रीय, राज्य, जिला और ग्राम स्तर पर किसानों को इस कार्यक्रम से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम को एक राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में आयोजित करने का आह्वान किया। कृषि विज्ञान केंद्रों को निर्देश देते हुए, चौहान ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, किसानों को तीन किस्तों में ?6,000 हस्तांतरित किए जा रहे हैं, प्रत्येक किस्त हर चार महीने में जारी की जाती है। इस प्रक्रिया में कृषि विज्ञान केंद्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने शीघ्र तैयारियां करने का आह्वान किया और कहा कि इस कार्यक्रम को उत्सव और मिशन दोनों के रूप में मनाया जाना चाहिए, क्योंकि यह प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण सुनिश्चित करता है और जन जागरूकता अभियान के रूप में कार्य करता है। केंद्रीय मंत्री ने किसानों से 2 अगस्त के कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया और कहा कि यह योजना से लाभ उठाने और कृषि विकास कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक अवसर है।

राज्यसभा के सभी सांसदों को पीएम मोदी से जवाब की उम्मीद : प्रियंका चतुर्वेदी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्ष के तमाम सवालों के जवाब दिए। पीएम मोदी के इस संबोधन पर शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कई गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जवाब भले ही लंबा और विस्तृत रहा हो, लेकिन उसमें कई ऐसे बिंदु हैं जो अभी भी अस्पष्ट हैं और जिन पर स्पष्टता की जरूरत है। प्रियंका चतुर्वेदी ने बुधवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में करीब दो घंटे तक जवाब दिया। लेकिन, अब जो बात सामने आ रही है, वह यह है कि इस विषय पर पीएम मोदी राज्यसभा में नहीं बोलेंगे, जबकि राज्यसभा के सभी सांसद उनसे जवाब की उम्मीद कर रहे थे। लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी के जवाब में कई ऐसी बातें थीं जो और अधिक सवाल पैदा करती हैं।

राज्यसभा: मनोज झा ने कहा पहलगाम आतंकवादी हमला देश की सामूहिक पीड़ा

नई दिल्ली (आईएएनएस)। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने पहलगाम आतंकवादी हमले को देश की सामूहिक पीड़ा बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल हमले में मारे गए 26 व्यक्तियों के परिवारों की पीड़ा नहीं, बल्कि पूरे देश की पीड़ा है। मनोज झा ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि एक परिपक्व लोकतंत्र में यह अंतर स्पष्ट होना चाहिए कि सैन्य सेवा और राजनीतिक नेतृत्व अलग-अलग चीजें हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में प्रधानमंत्री को सरकार का पक्ष रखना चाहिए था, लेकिन पीएम ने कहा कि वे भारत का पक्ष रखने सदन में आए हैं। झा ने कहा कि हमने प्रश्न सरकार से किए हैं; हमारा प्रश्न भारत माता से नहीं है, न ही सेना से। मनोज झा ने कहा कि 'गवर्नमेंट एज नॉट द नेशन' चाहे कोई भी सरकार हो, वह राष्ट्र की पर्याय नहीं है। उन्होंने कहा कि कल हममें से बहुत सारे लोग नहीं होंगे।

लोकसभा | **डिजिटल समाचार प्रकाशकों और ऑनलाइन क्यूरेटेड सामग्री के प्रकाशकों के लिए आचार संहिता का प्रावधान**

अश्लील और असंवेदनशील सामग्री वाले 43 ओटीटी प्लेटफॉर्म ब्लॉक: वैष्णव

नई दिल्ली (आईएएनएस)। केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद को सूचित किया कि अश्लील, अडल्ट, हिंसक या सांस्कृतिक रूप से असंवेदनशील सामग्री के प्रसार को रोकने और कानूनी एवं नैतिक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अब तक 43 ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म ब्लॉक किए गए हैं।

सरकार ने आईटी अधिनियम, 2000 के तहत 25 फरवरी 2021 को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया, आचार संहिता) नियम, 2021 को अधिसूचित किया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया, नियमों के भाग-आईआईआई में डिजिटल समाचार प्रकाशकों और ऑनलाइन क्यूरेटेड सामग्री (ओटीटी प्लेटफॉर्म) के प्रकाशकों के लिए एक आचार संहिता का प्रावधान है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का दायित्व है कि वे ऐसी कोई भी सामग्री प्रसारित न करें, जो वर्तमान में लागू कानून द्वारा निषिद्ध है। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नियमों की अनुसूची में दिए गए सामान्य दिशानिर्देशों के आधार पर, सामग्री का आयु-आधारित स्व-वर्गीकरण करने के लिए बाध्य हैं, जिसमें नग्नता, यौन और हिंसा से संबंधित चित्रण से संबंधित प्रावधान शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री के अनुसार, ओटीटी प्लेटफॉर्म बच्चों के लिए आयु-अनुचित सामग्री को प्रतिबंधित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय लागू करने के लिए भी बाध्य हैं, जिसमें पर्याप्त पहुंच नियंत्रण उपाय शामिल हैं। इसके अलावा, आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 79(3)(बी) में संबंधित सरकारों द्वारा मध्यस्थों को गैरकानूनी कार्य या सामग्री की सूचना देने का प्रावधान है ताकि ऐसी सामग्री तक पहुंच को असक्षम किया जा सके। सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म और ओटीटी प्लेटफॉर्म के स्व-नियामक निकायों को अपने प्लेटफॉर्म पर सामग्री की मेजबानी करते समय भारतीय कानूनों और आईटी नियम, 2021 के तहत निर्धारित आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करने के लिए पहले ही एक सलाह जारी कर दी है।

25 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक पब्लिक एक्सेस को बंद करने का निर्देश

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, संबंधित मंत्रालयों के साथ उचित परामर्श के बाद अब तक 43 ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर दिया गया है। गैरकानूनी और अश्लील सामग्री पर नकेल कसने के लिए, सरकार ने पिछले सप्ताह इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) को उल्लू, एएलटीटी और देसीफ्लिक्स जैसे बड़े और लोकप्रिय नामों सहित 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स तक पब्लिक एक्सेस को बंद करने का निर्देश दिया। इस कदम का उद्देश्य ऐसी सामग्री के प्रसार पर अंकुश लगाना था, जिसे यौन रूप से स्पष्ट और भारतीय कानूनी व सांस्कृतिक मानकों का उल्लंघन करने वाला माना जाता है। प्रतिबंधित ऐप्स में बिग शॉट्स ऐप, बूमेक्स, नवरसा लाइट, गुलाब ऐप, कंगन ऐप, बुल ऐप, जलवा ऐप, वाउ एंटरटेनमेंट, लुक एंटरटेनमेंट, हिटप्राइम, फेनेओ, शोएक्स, सोल टॉकीज, अड्डा टीवी, हॉटएक्स वीआईपी, हलचल ऐप, मूडएक्स, नियॉनएक्स वीआईपी, फुगी, मोजफ्लिक्स और ट्राइफ्लिक्स शामिल हैं।

पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन अब 15 अगस्त तक

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित होने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुमोदन जमा करने की अंतिम तारीख को 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त 2025 कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने इसकी घोषणा करते हुए बताया कि सभी नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन प्रक्रिया 15 मार्च 2025 से शुरू हो चुकी थी और पहले 31 जुलाई को समाप्त होने वाली थी।

सभी के लिए खुला अवसर

पद्म पुरस्कारों के लिए जाति, व्यवसाय, पद या लिंग का कोई भेदभाव नहीं है, और सभी व्यक्ति इसके लिए पात्र हैं। हालांकि, चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर अन्य सरकारी सेवक, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारी शामिल हैं, इन पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं हैं। गृह मंत्रालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वयं या अन्य योग्य व्यक्तियों को नामांकित करें, खासकर महिलाओं, कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों, जनजातियों, दिव्यांग व्यक्तियों और निस्वार्थ समाज सेवा करने वालों को।

नामांकन के लिए जरूरी दिशा-निर्देश: नामांकन में सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें अधिकतम 800 शब्दों का एक उद्धरण (साइटेशन) अनिवार्य है।

अब गणित के सवाल, जीवविज्ञान के कांसेप्ट और अर्थशास्त्र की थ्योरी समझना हुआ आसान

■ **रायगढ़ के खरसिया ब्लॉक के तीन स्कूलों को युक्तियुक्तकरण से मिले 11 विषय-विशेषज्ञ व्याख्याता**

रायपुर। राज्य शासन की युक्तियुक्तकरण नीति से रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड के कई स्कूलों में शिक्षा का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। लंबे समय से विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी से जूझ रहे विद्यार्थियों को अब राहत मिली है। युक्तियुक्तकरण के तहत खरसिया ब्लॉक के तीन हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कुल 11 व्याख्याताओं की पदस्थापना की गई है। इससे न केवल स्कूलों में पढ़ाई की गति तेज हुई है, बल्कि विद्यार्थियों में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की उपलब्धता से छात्रों को अब गणित के जटिल सवाल, जीवविज्ञान के कांसेप्ट और अर्थशास्त्र की गूढ़ थ्योरी को समझने में आसानी हो रही है। विज्ञान और वाणिज्य संकाय के विषयों में विशेषज्ञता बेहद महत्वपूर्ण होती है, जिससे छात्रों की बुनियाद मजबूत होती है। इससे उनकी परीक्षा तैयारी और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदर्शन दोनों ही बेहतर होने की संभावना है।

शासकीय हाई स्कूल पामगढ़ में अब हिंदी, अर्थशास्त्र और संस्कृत विषयों के लिए व्याख्याता उपलब्ध हैं। शा. हाई स्कूल छोटे मुड़पार में गणित, भूगोल और संस्कृत विषयों के विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। वहीं नगर पालिका शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरसिया में इतिहास, हिंदी, गणित, अंग्रेज़ी और जीवविज्ञान के व्याख्याता पदस्थ किए गए हैं।

इसके साथ ही खरसिया ब्लॉक के 29 एकल शिक्षकीय स्कूलों में भी शिक्षकों की नई पदस्थापना की गई है। इससे स्कूलों का संचालन सुव्यवस्थित हुआ है। नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ इन स्कूलों में नियमित कक्षाएं लग रही हैं और छात्रों की उपस्थिति में भी वृद्धि देखी जा रही है। पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि बढ़ी है और पालकों में भी संतोष का वातावरण है कि अब उनके बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और मार्गदर्शन मिल रहा है।

युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के माध्यम से उन स्कूलों तक शिक्षकों की पहुंच सुनिश्चित की गई है, जो वर्षों से शिक्षक विहीन या कम शिक्षकों की स्थिति में कार्यरत थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही इस नीति की व्यापक सराहना हो रही है। पालकों और विद्यार्थियों ने इस पहल के लिए शासन का आभार जताया है।

गंदगी फैलाने वाले दुकानों पर निगम ने लगाया 4 हजार जुर्माना

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम को दुकानों में गन्दगी की प्राप्त जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेते हुए नगर निगम आयुक्त विश्वदीप द्वारा दिए गए निर्देशानुसार और नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर क्षीरसागर नायक के नेतृत्व में जोन 5 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जोन स्वास्थ्य अधिकारी सन्दीप वर्मा, स्व'छता निरीक्षक सर्वश्री दिलीप साहू, प्रेम मानिकपुरी, दिलीप भारती की उपस्थिति में जोन 5 क्षेत्र अंतर्गत ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्रमांक ×9 में खाना खजाना, सुंदर नगर रेस्टोरेंट एवं फल दुकान मंगल बाजार में गंदगी होने की जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेंने दुकानों की स्व'छता व्यवस्था के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान प्राप्त जनशिकायत सही पायी गयी और दुकानों में गन्दगी पायी गयी. इस पर जोन 5 जोन कमिश्नर के निर्देश पर सम्बंधित दुकान संचालकों को भविष्य के लिए कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए कुल 4400 रुपये का ई जुर्माना किया गया और गन्दगी से सम्बंधित प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया गया।

ऑटो चालक से लूटपाट, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। सिटी सेंटर माल के सामने अज्ञात तीन युवकों ने ऑटो रिक्शा चालक से मारपीट कर 2 हजार रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी इंदु पाल 34 वर्ष ग्राम चेरिया का रहने वाला है। प्रार्थी पेशे से ऑटो चालक है। बताया जाता है कि प्रार्थी के ऑटो में तीन अज्ञात युवक सवारी कर रहे थे, तभी सिटी सेंटर माल के सामने ऑटो को रूकवाकर ऑटो चालक से मारपीट कर नकदी 2 हजार रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर महिला से 3 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। शेयर मार्केट में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर दो लोगों ने महिला से 3 लाख रुपए ठग लिए। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया दुर्गा साहू 42 वर्ष राजीव नगर राजनांदगांव की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी बैजनाथ साहू एवं राजेश्वरी साहू ने साहू कॉम्प्लेक्स टिकरापारा के पास प्रार्थिया से कहा कि शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने पर ज्यादा मुनाफा कमा सकती हो कहते हुए झांसे में लिया और उससे 3 लाख रुपए ऐंठ लिए। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

यूनिवर्सिटी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 17 लाख से अधिक की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी में नौकरी लगाने का झांसा देकर 17 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुरेश कुमार साहू 37 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी छोटेलाल यादव ने प्रार्थी व अन्य लोगों को पंडित रविशंकर यूनिवर्सिटी में लैब असिस्टेंट व कम्प्यूटर प्रोग्रामर के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर 17 लाख 66 हजार रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवा कांग्रेस की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने युवा कांग्रेस की नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। छत्तीसगढ़ के भिलाई के मोहम्मद शाहिद को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं पेंड्रा जिले की प्रीति मांझी को युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव बनाया गया है। एआईसीसी से आदेश भी जारी किया गया है।

मोहम्मद शाहिद बने राष्ट्रीय महासचिव

युवा कांग्रेस में राष्ट्रीय महासचिव के पद पर मोहम्मद शाहिद नियुक्त किया गया है। सूची में 14 युवा चेहरों के नाम शामिल हैं। मोहम्मद शाहिद के अलावा अजय छिकारा, खुशबू मंगला शर्मा, लेनिन प्रसाद, मनीष चौधरी, मितेंद्र दर्शन सिंह, निगम भंडारी, शेष नारायण ओझा, शिवि चौहान, स्मृति लेंका, श्रवण राव, सुरभि द्विवेदी, तारह जॉनी और विकास छिकारा का नाम शामिल है।

प्रीति मांझी को बनाया गया राष्ट्रीय संयुक्त सचिव

छत्तीसगढ़ के पेंड्रा जिले की प्रीति मांझी को भी कांग्रेस पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। प्रीति मांझी को युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय संयुक्त सचिव बनाया गया है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व दिल्ली में राहुल गांधी और प्रीति मांझी के बीच मुलाकात हुई थी।

दिल्ली रवाना हुए सीएम विष्णुदेव साय

मोदी-शाह से मुलाकात तय, कैबिनेट विस्तार, नई कार्यकारिणी पर लग सकती है मुहर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार को 1 साल 7 महीने से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन अब तक मंत्रिमंडल का पूर्ण गठन नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज यानी 30 जुलाई को दिल्ली दौरे पर रवाना हो रहे हैं, और इस दौरे को भाजपा संगठन और सरकार दोनों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनकी मुलाकात तय है। सूत्रों के मुताबिक, इस दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ में लंबित कैबिनेट विस्तार और भाजपा की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। मुख्यमंत्री 1 अगस्त को छत्तीसगढ़ के सांसदों के साथ डिनर कार्यक्रम में भी शामिल होंगे, जहां संगठन के बड़े नेता मौजूद रहेंगे।

19 महीने से अधूरी टीम

साय सरकार ने 13 दिसंबर 2023 को शपथ ली थी। साय कैबिनेट का जब गठन हुआ तो मुख्यमंत्री सहित 12 मंत्री थे। जबकि प्रदेश में 13 मंत्रियों को कैबिनेट में रखा जाता रहा है। तो पहले से ही एक खाली था। लोकसभा चुनाव के समय बृजमोहन अग्रवाल ने इस्तीफा दिया, तो 11 मंत्री बचे। कुल मिलाकर 2 मंत्रियों की जगह साय कैबिनेट में इस वक्त खाली है। भाजपा विधायकों के भीतर भी इस मुद्दे पर नाराजगी की खबरें कई बार सामने आ चुकी हैं।

संसदीय सचिवों की घोषणा भी संभव

दिल्ली दौरे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद सिर्फ कैबिनेट विस्तार ही नहीं, बल्कि संसदीय सचिवों की नियुक्ति पर भी मुहर लग सकती है। माना जा रहा है कि संभावित मंत्रियों के नामों के साथ ही संसदीय सचिवों की सूची भी जारी की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में संसदीय सचिव नियुक्त करने की परंपरा भाजपा सरकार के दौरान शुरू हुई थी, जब डॉ. रमन सिंह मुख्यमंत्री थे। उस समय कांग्रेस ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी और इसे 'मिनी कैबिनेट' करार देते हुए असंवैधानिक बताया था।

दिल्ली में अहम बैठकें, साथ होंगे संगठन प्रमुख भी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी दिल्ली में मौजूद रहेंगे। यह पहली बार है जब सरकार और संगठन दोनों के प्रमुख एक साथ राजधानी में चर्चा के लिए पहुंचे हैं। इससे संकेत मिल रहा है कि अब लंबित निर्णयों पर मुहर लग सकती है। बीजेपी के सूत्रों के मुताबिक, पार्टी हाईकमान चाहता है कि छत्तीसगढ़ में संगठन और सरकार के बीच तालमेल और मजबूत हो। नई कार्यकारिणी में 2028 के विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए चेहरों को शामिल किया जाएगा।

1 अगस्त को सांसदों के साथ डिनर

1 अगस्त को दिल्ली में छत्तीसगढ़ के भाजपा सांसदों के साथ रात्रिभोज का आयोजन किया जा रहा हैं। इस डिनर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव और पवन साय भी मौजूद होंगे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस डिनर से पहले ही केंद्रीय नेताओं से मुख्यमंत्री की बैठक होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ से जुड़े दोनों बड़े विषयों कैबिनेट विस्तार और संगठनात्मक फेरबदल पर फैसला हो सकता है।

ऑनलाइन निवेश धोखाधड़ी युवक से 17 लाख रुपये की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में ऑनलाइन निवेश के नाम पर एक गंभीर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जिसमें एक युवक से शेयर बाजार में बड़ा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर 17 लाख रुपये से अधिक की ठगी की गई है। यह मामला रायपुर के टिकरापारा थाना क्षेत्र का है, और पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आदर्श नगर निवासी सूरज कुमार घोष को मठपारा स्थित उनके घर के पास एक अज्ञात व्यक्ति का व्हाट्सएप संदेश मिला, जिसमें दावा किया गया था कि शेयर बाजार में निवेश करने पर कम समय में दोगुना से ज्यादा रिटर्न मिल सकता है। बार-बार मुनाफे का प्रलोभन देकर आरोपी ने सूरज को अपने जाल में फंसा लिया। आरोपी ने पीड़ित को 'आनंद राठी शेयर ऐप' के बारे में बताया और उसे इस ऐप के माध्यम से निवेश करने के लिए प्रेरित किया। विश्वास में आकर सूरज ने 23 जून से 8 जुलाई के बीच विभिन्न चरणों में 17 लाख रुपये से अधिक की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी। हालांकि, जब सूरज ने निवेश के बाद मुनाफे की जानकारी लेने की कोशिश की, तो न तो कोई उत्तर मिला और न ही ऐप या व्यक्ति से संपर्क हो सका। यह घटना सूरज के लिए एक शॉक के रूप में सामने आई, जब उसे एहसास हुआ कि वह एक संगठित साइबर फ्रॉड का शिकार हो चुका है। इस मामले में पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 318(4) के तहत केस दर्ज किया है और साइबर ठगी की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि डिजिटल माध्यम से होने वाली इस तरह की ठगी की घटनाओं से सतर्क रहना बेहद जरूरी है, खासकर जब कोई अनजान व्यक्ति शेयर बाजार में त्वरित लाभ का लालच दे रहा हो।

तहसीलदार एवं भूअभिलेख अधीक्षकों की हड़ताल समाप्त होने के संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में राजस्व कर्मियों के हड्ताल पर चले जाने के कारण भूमि का आबंटन व्यपवर्तन सहित अन्य काम लंबित हो गये है। राजस्व मंत्री कार्यालय के अनुसार आंदोलनरत तहसीलदारों से चर्चा चल रही है जिसके आज समाप्त होने की संभावना है।

राजस्व कर्मचारी संघ द्वारा मिली जानकारी के अनुसार तहसील नायब तहसीलदार एवं भूअभिलेख अधीक्षक इस समय अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गये है जिसके कारण इस समय तहसील कार्यालय सूने पड़ गये हैं। तहसील कार्यालय में भूमि का का नामांतरण बटांकर तथा व्यपवर्तन एवं ऋष्टा पुस्तिका बनाए जाते हैं। जिसको लेकर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग परेशान हो रहे है। तहसील और एसडीएम कार्यालय में पेशी दर पेशी बढ़ाई जा रही है। जमीन का सीमांकन का कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

राजस्व कर्मचारी संघ के अंतर्गत राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारी ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है। राजस्व निरीक्षकों की पदोन्नति परीक्षा में हुई घोटालों को लेकर वे लोग नाराज है। पटवारियों के अनुसार बाढ़ सहित अन्य आपदा आने पर वे महत्वपूर्ण कार्य करते है लेकिन उनकी बेहतर उपेक्षा की जा रही है। राजस्व मंत्री के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आज केबिनेट की बैठक के पश्चात एक महत्वपूर्ण बैठक होगी जिसमें अंतिम फैसला कर लिया जाएगा। ज्ञात रहे पटवारी एवं राजस्व निरीक्षकों ने मांग की है कि उन्हें भी विभागीय पदोन्नति में 50 प्रतिशत स्थान दिया जाए।

ननों की गिरफ्तारी भाजपा सरकार का अलोकतांत्रिक कृत्य : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने ननो की गिरफ्तारी को भाजपा सरकार का अलोकतांत्रिक कदम बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार ने बजरंग दल और आरएसएस के एजेंडे के तहत ननों को बिना किसी ठोस कारण के गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ननों की गिरफ्तारी के पहले किसी प्रकार की जांच पड़ताल नहीं किया। बजरंग दल के लोग स्टेशन पर ननों के साथ मारपीट करके हुड़दंग किये और सरकार ने आनन फानन में बिना जांच के तथ्यहीन आरोपों के आधार पर ननों को गिरफ्तार कर लिया। केरल भाजपा के अध्यक्ष राजीव चन्द्रशेखर ने भी इस बात को माना है कि गिरफ्तार ननों का धर्मांतरण एवं मानव तस्करी से कोई संबंध नहीं है। इनकी गिरफ्तारी गलत है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि ननों पर तीन महिलाओं के धर्मांतरण का आरोप एवं मानव तस्करी का आरोप लगाया गया है, जबकि हकीकत यह है कि ये ननें जिन तीन महिलाओं को लेकर जा रही थी वे सभी बालिग है तथा अपने परिजनों की सहमति से नौकरी के लिए जा रही थी। एक तरफ भाजपा सरकार महिलाओं को रोजगार नहीं दे पा रही, महिलाएं रोजी-रोटी की तलाश में पलायन कर रही है।

प्रदेश में मानसून की गतिविधियां स्थिर रहेगी : डॉ. चंद्रा

■ **राज्य में 12 प्रतिशत औसत से अधिक वर्षा**

रायपुर/नवप्रदेश। मौसम विभाग के अनुसार आगामी कुछ दिनों में मानसून की गतिविधियां स्थिर रहेगी। खाड़ी में कोई सिस्टम नहीं होने के कारण फिलहाल वर्षा नहीं होगी।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चंद्रा के अनुसार पिछले दिनों पूरे प्रदेश में 12 प्रतिशत से अधिक वर्षा हो गई है। जिसके कारण नदी नाले उफान पर चल रहे हैं। कृषि विभाग के अनुसार बियासी रोपाई का काम तेज चल रहा है। आगामी कुछ दिनों में पूरे प्रदेश में मानसून की गतिविधियां स्थित रहेगी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से दक्षिण बांग्लादेश तक गुजरात, उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र, झारखंड और उससे लगे उत्तरी छत्तीसगढ़, और गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है।

मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, दिल्ली, उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र, सतना, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, दीघा और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है।

एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास 5.8 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल दिनांक 30 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्के से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडने् की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है । कल के बाद प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में कमी होने की संभावना है।

प्रशासनिक कार्रवाई *व्हीआईपी ट्रीटमेंट और सिंडिकेट संचालन के लग रहे आरोप*

कोयला लेवी घोटाला: रायपुर जेल में बंद आरोपी सूर्यकांत त्रिपाठी होंगे शिफ्ट

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के चर्चित कोयला लेवी घोटाले में फंसे आरोपी सूर्यकांत त्रिपाठी को रायपुर से अंबिकापुर जेल में शिफ्ट किए जाने की तैयारी की जा रही है। जेल प्रशासन ने विशेष ईडी कोर्ट में इस बाबत अर्जी दाखिल की है, जिस पर आज सुनवाई होनी है। जेल अधिकारियों का आरोप है कि सूर्यकांत जेल में अनुशासनहीनता कर रहे हैं और प्रशासनिक कार्रवाई में सहयोग नहीं कर रहे।

बताया गया है कि ईडी की विशेष अदालत में रायपुर जेल में बंद कोयला, आबकारी और कस्टम मिलिंग मामलों से जुड़े आरोपियों को लेकर शिकायत दर्ज की गई थी। इन पर आरोप है कि ये आरोपी जेल के अंदर एक संगठित सिंडिकेट चला रहे थे और उन्हें विशेष सुविधाएं मिल रही थीं। इस मामले के उजागर होने के बाद रायपुर जेल प्रशासन ने सभी आरोपियों को राज्य की अलग-अलग जेलों में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे कोर्ट ने मंजूरी दी।

इस बीच, प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने पीएमएलए अधिनियम 2002 के तहत कोयला घोटाले के मुख्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी और अन्य से जुड़ी 49.73 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियों को 30 जनवरी 2025 तक अनंतिम रूप से

कुर्क कर लिया है। इसमें बैंक खातों में जमा राशि, लग्जरी वाहन, नकदी, सोना-चांदी के आभूषण और जमीनें शामिल हैं। ये संपत्तियां न सिर्फ सूर्यकांत तिवारी की, बल्कि उनके साथ अन्य आरोपियों की भी हैं।

क्या है कोयला लेवी घोटाला?

यह मामला छत्तीसगढ़ में कोयले के अवैध परिवहन और उस पर अवैध वसूली से जुड़ा है। ईडी की जांच के अनुसार, सरकारी संरक्षण में एक संगठित नेटवर्क तैयार कर कोयला कारोबारियों से प्रति टन लाखों की उगाही की जाती थी। यह पैसा बिचौलियों और रसूखदार अधिकारियों के माध्यम से सफेद किया जाता था। आरोप है कि यह अवैध कमाई राजनीतिक दलों की फंडिंग, महंगी संपत्तियों की खरीद और विलासितापूर्ण जीवनशैली में खर्च की गई।

जांच में यह भी सामने आया है कि इस घोटाले में नौकरशाहों, कारोबारियों और कुछ नेताओं की संलिप्तता रही है। ईडी और अन्य जांच एजेंसियों ने अब तक करोड़ों की संपत्ति जब्त की है और कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

फिलहाल सूर्यकांत त्रिपाठी को रायपुर जेल से हटाकर अंबिकापुर भेजने की प्रक्रिया जारी है। कोर्ट से हरी झंडी मिलने पर जल्द ही उन्हें ट्रांसफर किया जाएगा।

सुविचार

इंसान भी एक तरह का सांप ही है जिसकी पूरी जिंदगी बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल आदि के बिल भरने में ही गुजर जाती है। - अज्ञात

पहलगाम हमले के गुनाहगारों का हिसाब

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के गुनाहगारों का हिसाब होना शुरू हो गया है। इस आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादी मारे गये हैं। जिनमें से दो पाकिस्तानी है और एक मुख्य आरोपी हासिम मूशा भी शामिल है इनके पास से अमेरिका में निर्मित हथियार भी बरामद हुए हैं साथ ही ऐसे सबूत भी मिले हैं जिससे यह साबित होता की ये आतंकवादी पाकिस्तानी हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र की ताजी रिर्पोट में भी इस बात का खुलासा हो गया है कि कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के तार पाकिस्तान से जुडे हुए हैं और इस हमले की साजिश सीमा पार रावल पिंडी में रची गई थी। संयुक्त राष्ट्र की रिर्पोट के मुताबिक पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी कुख्यात आतंकी संगठन टीआरएफ में एक बार नहीं बल्कि दो बार ली थी और टीरआएफ का लश्कर-ए-तैयबा से है। इस रिपोर्ट में यह दावा भी किया गया है कि लश्कर की मदद के बिना पहलगाम में आतंकी हमला संभव ही नहीं था। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के बाद अब इस बात में कोई संदेह नहीं रह गया है की पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का ही हाथ है। भारत की उन विपक्षी पार्टियों को भी अब इसपर विश्वास कर लेना चाहिए कि पहलगाम की आतंकी घटना पाकिस्तान के इशारे पर ही अंजाम दी गई थी। हालांकि भारत सरकार शुरू से यह कह रही है लेकिन विपक्ष को सरकार की बात पर भरोसा ही नहीं है। कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने तो दो दिन पहले ही यह बयान दिया था कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ होने का सबूत सामने नहीं आया है। अन्य विपक्षी पार्टियों के नेता भी एक तरह से पाकिस्तान को क्लीन चिट देने का काम करते रहे हैं और उनके बयान पाकिस्तानी मीडिया में सुर्खियां बनते रहे हैं। संसद के मानसून सत्र में आपरेशन सिंदूर पर हुई चर्चा के दौरान भी सरकार की ओर से इस बारे में विपक्ष द्वारा उठाये गये तमाम सवालों का जवाब दे दिया गया है। किन्तु सरकार के बदले विदेशी नेताओं और एजेंसियों के झूठ पर भरोसा करने वाले विपक्ष को अब संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट पर तो यकीन दिखाना ही चाहिए और आपरेशन सिंदूर को लेकर व्यर्थ का बवाल खड़ा नहीं करना चाहिए। वैसे भी पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर अभी सिर्फ स्थगित हुआ है। खत्म नहीं हुआ है। भारतीय सेना की सतर्कता के चलते बुधवार को कश्मीर में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को सेना ने जहन्नूम रसीद कर दिया है। जाहिर है पाक अभी भी नापाक इरादों से बाज नहीं आ रहा है ऐसे में उसके खिलाफ आपरेशन सिंदूर पार्ट 2 कभी भी शुरू हो सकता है।

पंचायत सचिव ने निकाली विधायक की हेकडी

बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के एक विधायकत भाई विरेन्द्र की सारी हेकडी एक पंचायत सचिव ने निकालकर रख दी। यह मामला बिहार के राजनीतिक गलियारें में चटखारेदार चर्चा का विषय बन गया है। राजद विधायक भाई विरेन्द्र ने एक पंचायत सचिव संदीप कुमार को मोबाइल करके जमकर हडकाया और उसे जूता मारने की बात कही यही नहीं बल्कि विधायक से जुबानदाराजी करने वाले उक्त पंचायत सचिव को इसका अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। किन्तु पंचायत सचिव पर विधायक की धौंस पटटी का कोई असर नहीं पड़ा और उसने थाने में जाकर उक्त विधायक के खिलाफ एसटी एससी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज करा दिया है। इस घटना से साबित हो गया है कि नेता और नौकरशाह दोनों ही मगरूर हो गये हैं। खासतौर पर बिहार में तो कोई किसी से कम नहीं है। विधायक भाई विरेन्द्र ने एक सरकारी कर्मचारी के साथ जो अभद्रता की है उससे यह स्पष्ट हो गया है कि वे इसी तरह सभी के साथ हेकडी दिखाते हैं वहीं पंचायत सचिव संदीप कुमार ने भी विधायक के साथ जुबानदारी कर यह प्रमाणित कर दिया है कि वह अदना सा पंचायत सचिव जब विधायक के साथ इस तरह पेश आ सकता है तो आम जनता के प्रति उसका व्यवहार कैसा होगा। देखना दिलचस्प होगा कि इस घटना को लेकर बिहार का शासन प्रशासन किसके खिलाफ कैसी कार्यवाही कर पाता है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ एक दूसरे के जो तकनीक है उनके जीवन में उनका सम्मान करो। जो जिस सेवा में पारंगत है उसका सम्मान करो।

◆ साम्यवाद का सिद्धांत है बड़ों को छोटा करो और छोटों को बड़ा करो। परमपिता का सिद्धांत है बड़ों को और बड़ा और छोटों को बड़ा करना। मेरे गुरु जी का सिद्धांत है यहां किसी को छोटा नहीं करना किसी को छोटा करके बड़ा नहीं बना जा सकता; बड़ा बनने की एक वर्शत्त होती है, सब बड़े बनो! सब बड़े बनो! सब समश्द्ध बनो सम्मान करो ! मानव धन जो खोए हुए हो उन्हें फिर से प्राप्त करो

◆ अमश्त की गोद में बैठ कर विष की तरह बन गए हो ! क्यों कैसे हुआ ये परिवर्तन ? उठो, जागो ! किसी श्रेष्ठ महापुरुष की उंगलियां पकड़ के अब व चलना शुरू करो।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1658 उत्तराधिकार के युद्ध में अपने भाइयों को पराजित करने के बाद, औरंगजेब ने छठे मुगल सम्राट का ताज पहनाया। 1703 अंग्रेजी के लेखक डैनियल डेफे को एक चर्च के राजनीतिक रूप से व्यंग्य करते हुए हाई चर्च टायर्स को प्रकाशित करने के बाद एक स्तंभित विदेशी परिवाद में रखा गया था। 1737 वेल्स के राजकुमार फ्रेडरिक इंग्लिश कोर्ट से भाग निकला। 1741 बावरिया के चार्ल्स अल्बर्ट ने ऊपरी ऑस्ट्रिया और बोहेमिया पर हमला किया। 1777 दूसरी कॉन्टिनेंटल कांग्रेस ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें एक महानुभाव मार्किस डी लाफायेट को एक मेजर जनरल के रूप में अमेरिकी क्रांतिकारी में प्रवेश करने की अनुमति दी गई। 1788 मैरीलैंड अमेरिकी संविधान की पुष्टि करने वाला सातवां राज्य बना। 1822 एडिनबर्ग में आखिरी सार्वजनिक फांसी दी गयी। 1848 फ्रांस ने अपने उपनिवेशों से आखिरी गुलामों को भी मुक्त किया। 1855 अमेरिका के पहले पशु चिकित्सा

योगेश कुमार गोयल

उनके चर्चित उपन्यासों में बाजार-ए-हुस्न (उर्दू में), गोदान, कर्मभूमि, गबन, सेवा सदन, कायाकल्प, मनोरमा, निर्मला, प्रतिज्ञा प्रेमाश्रम, रंगभूमि, वरदान, प्रेमा इत्यादि और कहानियों में पूस की रात, नमक का दरोगा, बूढ़ी काकी, कफन, मंत्र, नशा, शतरंज के खिलाड़ी, आत्माराम, बड़े भाईसाहब, बड़े घर की बेटी, उधार की घड़ी, जुर्माना इत्यादि बहुत प्रसिद्ध रही। अपना अंतिम कालजयी उपन्यास 'गोदान' उन्होंने वर्ष 1936 में लिखा, जो बेहद चर्चित रहा और आज भी आधुनिक क्लासिक माना जाता है। प्रेमचंद की कुछ कहानियों पर उनके निधन के बाद फिल्में भी बनी। 1980 में उनके उपन्यास 'निर्मला' पर एक टीवी धारावाहिक भी बना, जो काफी लोकप्रिय हुआ था। 1938 में उनके एक उपन्यास 'सेवासदन' पर फिल्म बनी। 1963 में 'गोदान' और 1966 में 'गबन' उपन्यास पर फिल्में बनी। 1977 में उनकी कहानी 'कफन' पर फिल्मकार मृणाल सेन द्वारा 'ओका ऊरी कथा' नामक तेलुगू फिल्म बनाई गई, जिसे सर्वश्रेष्ठ तेलुगू फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। उनकी दो कहानियों 1977 में उनकी एक कहानी 'शतरंज के खिलाड़ी' और 1981 में 'सद्गति' पर बॉलीवुड फिल्मकार सत्यजित राय ने फिल्में बनाई।

मुंशी प्रेमचंदः जिनकी कहानियों में सांस लेता है भारत

आधुनिक हिन्दी साहित्य के पितामह और उपन्यास सम्राट महान् कथाकार मुंशी प्रेमचंद ने अपने लेखन के माध्यम से न सिर्फ दासता के विरुद्ध आवाज उठाई बल्कि लेखकों के उत्पीड़न के विरुद्ध भी सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने उपन्यासों और कहानियों के अलावा नाटक, समीक्षा, लेख, संस्मरण इत्यादि कई विधाओं में साहित्य सृजन किया। प्रेमचंद ऐसे कहानीकार और साहित्यकार थे, जिन्हें आज भी सबसे ज्यादा पढ़ा जाता रहा है। उन्हें 'आम आदमी का साहित्यकार' भी कहा जाता है। चूंकि उनकी लगभग सभी कहानियां आम जीवन और उसके सरोकारों से ही जुड़ी होती थी, इसीलिए उनके सबसे ज्यादा पाठक आम लोग रहे हैं। दरअसल उन्होंने अपने सम्पूर्ण साहित्य लेखन में एक आम गरीब आदमी की पीड़ा को न केवल समझा बल्कि अपनी कहानियों और उपन्यासों के जरिये उसका निदान बताने का प्रयास भी किया। उन्होंने अपनी लगभग सभी रचनाओं में आम आदमी की भावनाओं, उनकी परिस्थितियों, समस्याओं तथा संवेदनाओं का मार्मिक शब्दांकन किया। आज भी हिन्दी भाषी दिग्गज लेखकों और साहित्यकारों का यही मानना है कि मुंशी प्रेमचंद जैसा कलमकार हिन्दी साहित्य में न आज तक कोई हुआ है और न होगा। अपनी रचनाओं के माध्यम से उन्होंने समाज को सदैव रूढ़िवादी परम्पराओं और कुरीतियों से निकालने का प्रयास किया। उन्हें 'हिन्दी साहित्य का माइलस्टोन' भी कहा जाता है।

कम ही लोग यह जानते हैं कि जो मुंशी प्रेमचंद हिन्दी लेखन के लिए इतने विख्यात रहे हैं, उन्होंने अपने लेखन की शुरुआत उर्दू से की थी। अपना पहला साहित्यिक कार्य उन्होंने गोरखपुर से उर्दू में शुरू किया था और 1909 में कानपुर के 'जमाना प्रेस' से उर्दू में ही उनका पहला कहानी-संग्रह 'सोज ए वतन' प्रकाशित हुआ था, जिसकी सभी प्रतियां ब्रिटिश सरकार द्वारा जब्त कर ली गई थी। उस समय में वे उर्दू में 'नबावराय' के नाम से लिखते थे। उनका लिखा कहानी संग्रह जब्त करने के बाद 'जमाना' के सम्पादक मुंशी दयानारायण ने उन्हें परामर्श दिया कि भविष्य में अंग्रेज सरकार की नाराजगी से बचने के लिए नवाब राय के बजाय वे नए

उपनाम 'प्रेमचंद' के नाम से लिखना शुरू करें। इस प्रकार वे नवाब राय से प्रेमचंद बन गए। उत्तर प्रदेश में वाराणसी के लमही गांव के डाक मुंशी अजायबलाल के घर 31 जुलाई 1880 को जन्मे धनपत राय श्रीवास्तव उर्फमुंशी प्रेमचंद की आज हम 145वीं जयंती मना रहे हैं। प्रेमचंद वकील बनना चाहते थे लेकिन आर्थिक तंगी के चलते उनका वह सपना पूरा नहीं हो सका। मुंशी प्रेमचंद विधवा विवाह के पक्षधर थे और इसी कारण उन्होंने पहली पत्नी के निधन के बाद समाज के विरुद्ध जाकर वर्ष 1905 में 25 साल की आयु में शिवरानी नामक एक बाल विधवा से विवाह किया, जिसके बाद उनकी आर्थिक और पारिवारिक स्थितियों में बदलाव आया। वैसे तो उन्होंने 13 वर्ष की उम्र में लेखन कार्य शुरू कर दिया था लेकिन उनके लेखन में परिपक्वता शिवरानी से विवाह के बाद ही आई थी, जिससे उनके लेखन की मांग बढ़ने लगी। उनकी दूसरी पत्नी शिवरानी ने ही बाद में उनकी जीवनी लिखी थी। अपने जीवन के आखिरी दिनों में प्रेमचंद जलोदर नामक बीमारी से ग्रसित हो गए थे और 8 अक्तूबर 1936 को दुनिया से अलविदा हो गए।

मुंशी प्रेमचंद एक दिन बालेमियां मैदान में महात्मा गांधी का भाषण सुनने गए और उनके विचारों से इस कदर प्रभावित हुए कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार की सरकारी नौकरी से त्यागपत्र दे दिया और उसके बाद पूरी तरह से स्वतंत्र लेखन में जुट गए। अपने जीवनकाल में मुंशी प्रेमचंद ने कुल 15 उपन्यास, 300 से अधिक कहानियां, 3 नाटक, 10 अनुवाद, 7 बाल पुस्तकें और हजारों की संख्या में लेखों व संस्मरणों की रचना की। उनके चर्चित उपन्यासों में बाजार-ए-हुस्न (उर्दू में), गोदान, कर्मभूमि, गबन, सेवा सदन, कायाकल्प, मनोरमा, निर्मला, प्रतिज्ञा प्रेमाश्रम, रंगभूमि, वरदान, प्रेमा इत्यादि और कहानियों में पूस की रात, नमक का दरोगा, बूढ़ी काकी, कफन, मंत्र, नशा, शतरंज के खिलाड़ी, आत्माराम, बड़े भाईसाहब, बड़े घर की बेटी, उधार की घड़ी, जुर्माना इत्यादि बहुत प्रसिद्ध रही। अपना अंतिम कालजयी उपन्यास 'गोदान' उन्होंने वर्ष 1936 में लिखा, जो बेहद चर्चित रहा और आज भी आधुनिक क्लासिक माना जाता है। प्रेमचंद की कुछ कहानियों पर उनके निधन के बाद फिल्में भी बनी। 1980 में उनके उपन्यास 'निर्मला' पर एक टीवी धारावाहिक भी बना, जो काफी लोकप्रिय हुआ था। 1938 में उनके एक उपन्यास 'सेवासदन' पर फिल्म बनी। 1963 में 'गोदान' और 1966 में 'गबन' उपन्यास पर फिल्में बनी। 1977 में उनकी कहानी 'कफन' पर फिल्मकार मृणाल सेन द्वारा 'ओका ऊरी कथा' नामक तेलुगू फिल्म बनाई गई, जिसे सर्वश्रेष्ठ तेलुगू फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। उनकी दो कहानियों 1977 में उनकी एक कहानी 'शतरंज के खिलाड़ी' और 1981 में 'सद्गति' पर बॉलीवुड फिल्मकार सत्यजित राय ने फिल्में बनाई।

तारकेश्वर मिश्र

नतीजा यही है कि आजादी के सात दशक बाद आज भी अक्सर सीवर की सफाई के लिए उसमें उतरे मजदूर अपनी जान गंवा रहे हैं। विचित्र है कि एक ओर विज्ञान और तकनीक की उपलब्धियों की बदौलत कृत्रिम मेधा से सभी काम आसान होने और अंतरिक्ष तक में अनुसंधान की नई ऊंचाई छूने के दावे किए जा रहे हैं, दूसरी ओर अमानवीय हालात में कुछ लोगों को अपनी जान जोखिम में डाल कर सीवर में घुस कर उसकी सफाई करनी पड़ रही है। क्या ऐसा इसलिए हो पा रहा है कि इस समस्या के पीड़ित आमतौर पर समाज के सबसे कमजोर तबके से आते हैं? मानवीय श्रम की जगह तकनीक के उपयोग से बहुमूल्य जीवन को बचाया जाना चाहिए। ये काम सिर्फकागजों तक सीमित न रहे। बदलाव व्यवहार में भी नजर आए। हमारे कानून को ठीक से लागू न कर पाने से किसी की दर्दनाक मौत नहीं होनी चाहिए। सीवर कर्मियों की मौत पर रोते-बिलखते और असहाय परिवारों का अंतहीन दर्द अब खत्म होना ही चाहिए। दुर्भाग्य से परिवार के कमाने वाले व्यक्ति के मर जाने के बाद उसके परिवार व बच्चों की परवरिश की कोई व्यवस्था नहीं होती।

सीवर में दर्दनाक मौतों का अंतहीन सिलसिला

उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जनपद के महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज में बीती 24 जुलाई को सीवर लाइन में सफाई के लिए उतरे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। सीवर लाइन में मजदूरों को बगैर सुरक्षा किट के उतारा गया। निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को लापरवाही मिली है। ये कोई ऐसा पहला मामला नहीं है। आये दिन देश के किसी न किसी कोने से ऐसे दुखद समाचार आते रहते हैं। विडंबना यह है कि अदालतों के सख्त दिशा निर्देश और नियमों के बावजूद सीवर में दर्दनाक मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

यह बेहद कष्टकारी व अमानवीय है कि 21वीं सदी में भी कुछ लोग हाथ से मैला साफ करने के व्यवसाय में लगे हैं। जहां सीवर में उतरते ही मौत उनका इंतजार कर रही होती है। लेकिन कोर्ट और सरकारों की सख्ती जमीन पर नजर नहीं आती। सरकार व स्थानीय निकाय यूं तो सीवर साफकरने के लिये कर्मचारी नहीं रखते, लेकिन ठेकेदारों के जरिये ये काम बदस्तूर जारी है। फलतः सीवर में उतरने से मरने वालों को न तो मुआवजा मिल पाता है और न ही किसी की जवाबदेही तय हो पाती है।

बीती 22 जून को यूपी के वृंदावन में सीवर सफाई कर रहे दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना केशव धाम पुलिस चौकी के निकट स्थित एक पेट्रोल पंप के पास गेस्टहाउस के सीवर की सफाई के दौरान हुई। 4 जून को उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में सीवेज सफाई के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। मजदूर बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सीवर में उतरे थे।3 जून को ओडिशा के नबरंगपुर जिले में एक निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई। 6 मई को पंजाब के बठिंडा में एक ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई लिए उतरे तीन लोग फिर जिंदा नहीं लौट पाए। एक सप्ताह बाद, हरियाणा के रोहतक के माजरा गांव में एक व्यक्ति और उसके दो बेटे एक -दूसरे को जहरीले मैनहोल से बचाने की कोशिश में एक के बाद एक मर गए।

बीती 15 मई को फरीदाबाद में एक मकान मालिक ने नियुक्त सफाईकर्मी को बचाने के लिए सैप्टिक टैंक में छलांग लगा दी। दोनों की ही जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई।राजस्थान के अलवर जिले के खेड़ली कस्बे में बीती 19 अप्रैल को एक पेपर मिल में सीवर टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस और दलदल में फंसने के कारण दो लोगों की मौत हो गई। बीती 21 फरवरी को दिल्ली के नरेला में एक अपार्टमेंट में सीवर की सफाई के दौरान दो कर्मचारियों की जहरीली गैस से मौत हो गई।निश्चित रूप से ये अलग-अलग दुर्घटनाएं नहीं हैं बल्कि ये व्यवस्था की विद्रूपता के चलते हुई हत्याएं हैं। जिसके कारक तंत्र की

उदासीनता, अवैधता और जातीय विवशता में निहित हैं।

विडंबना ही है कि रोजगार के रूप में हाथ से सफाई के रोजगार पर प्रतिबंध, सफाईकर्मियों के पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा खतरनाक सफाई पर प्रतिबंध लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मौतों का सिलसिला थमा नहीं है। ऐसे मामलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की जाती है। सुरक्षा उपकरण नदारद रहते हैं। अकसर इसकी जवाबदेही से बचा जाता है।

दरअसल, अक्सर सरकारी तंत्र ठेकेदारों को दोषी ठहराकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। आखिर इन ठेकेदारों को काम पर कौन रखता है। निस्संदेह, सरकारी तंत्र भी इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार है। आखिर सफाईकर्मियों से जुड़े सुरक्षा मानकों की निगरानी की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती? नगर पालिकाएं और राज्य एजेंसियां आउटसोर्सिंग की दुहाई देकर अपने कानूनी और नैतिक कर्तव्यों से बच नहीं सकती। दुर्भाग्य से इन हादसों का स्याह पक्ष जातीय विद्रूपता भी है। अधिकांश सफाई कर्मचारी समाज में हाशिये पर पड़े समुदायों से आते हैं। सफाई जैसा महत्वपूर्ण काम करने के बावजूद उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। सीवर सफाई के लिये मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम नहीं टूटता। कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली। मशीनें तो धूल फांक रही हैं और इंसानों को नरक में धकेला जा रहा है। निर्विवाद रूप से हमारे समाज पर मैनुअल स्कैवेंजिंग एक काला धब्बा है।

न्यायपालिका सख्ती से इसे रोकने को कहती है, सत्ताधीश आदेश की औपचारिकता पूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सीवर की जहरीली गैस में लोगों के मरने का सिलसिला थमा नहीं है। किसी सफाईकर्मी के मरने पर कुछ समय तो हो-हल्ला होता है, मगर फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। वक्त की दरकार है कि नगर निकायों को इन हादसों के लिये सीधे जवाबदेह बनाया जाए। सीवर की सफाई से जुड़ी मौत के लिये स्वतः कानूनी कार्रवाई, तत्काल मुआवजा और विभागीय कार्रवाई की जाए।

आखिर क्या वजह है कि सीवर में सफाई करने उतरे मजदूरों की जोखिम भरी जिंदगी और इस काम में उनके अस्तित्व और गरिमा के सवाल पर सोचना हमें जरूरी नहीं लगता? इस मसले पर शीर्ष अदालत के स्पष्ट निर्देश और तीखी टिप्पणियों के बावजूद सरकारों ने शायद ही कभी निजी ठेकेदारों के खिलाफ सख्ती बरतने, किसी की जिम्मेदारी तय करने और सीवर में जोखिम भरे हालात में किसी इंसान को उतारने पर रोक को लेकर गंभीरता दिखाई हो।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

उसकी चिट्ठी फिर

उसकी चिट्ठी फिर आई है! पेड़ों पर पसरी लतिकाएं, गह पाई क्या उसकी बाँहें आक-अगुण द्रुम-पात नशीले किलक रहे कुसुम संग पीले , खुश्बू साँसों में भर-भर क्या पाती-पाती हरियाई है ? उसकी चिट्ठी फिर आई है ! लहर छुपाए बैठी नदियाँ भूल गई क्या ठहरी घड़ियां? माँझी बिन नद-तल में अटकी नाव किनारे से थी भटकी , हिलकोरे के अभिनंदन से बहक किनारे तक आई है ? उसकी चिट्ठी फिर आई है! गति-यति हारी-मारी कविता भूली चंदा, भूली सविता । सावन की धुन के सरगम में अभिधा-आशय भर व्यंजन में। बूँद-बूँद तर विन्यासों में क्या फिर से सुर-लय पाई है ? उसकी चिट्ठी फिर आई है ! - **पंकज कुमार बसंत**

बहता दुख कतरा-

बहता दुख कतरा-कतरा-सा टीसता मन ।। बूढ़ी आँखों पे टँगा रहता चश्मा इंतजार का।। छुटा जो साथ टूटा भग्न हृदय अंतिम बेला ।।। सहेजें हम शब्दों की अलमारी सिखाती दादी।। बुजुर्ग पिता मांगे स्नेह कंबल अंतिम पल।। - **सत्या शर्मा कीर्ति**

चांद गर कल डरा नहीं होता, सूर्य

चांद गर कल डरा नहीं होता, सूर्य का सर तना नहीं होता। आसमां को रिझा के क्या होगा, आसमां तो खुदा नहीं होता। बिक चुका है वहाँ का न्यायालय, इसलिए फ़ैसला नहीं होता। उस तरफ़ चलते हैं नये खोजी, जिस तरफ़ रास्ता नहीं होता। मैं ग़ुनाहे-वफ़ा भी क्यूं न करूँ, अपनी दुनिया में क्या नहीं होता। सेवा बीमार मां की गर करते, तो तेरा सर झुका नहीं होता। इतनी नाराज़ है खुशी मुझसे, मुद्दतों सामना नहीं होता। - **डॉ संजय दानी दुर्ग)**

अभी ज़ोरों से दिल धड़का हमारा,

अभी ज़ोरों से दिल धड़का हमारा, कहीं तो हो रहा चर्चा हमारा। वो बाँहें डाल देता है गले में,उतर जाता है सब गुस्सा हमारा। कभी तो रात भर जागे थे हम भी, कभी तो था कोई किस्सा हमारा। कभी खुशबू से भी होती थीं बातें, बहुत मासूम था रिश्ता हमारा। गवाही दे रहीं हैं अब दीवारें,कभी आबाद था कमरा हमारा। न जाने कब हुए तन्हा सफ़र में, कभी तो साथ था साया हमारा। - **रूबी झा 'कमल'**

दुनिया की भीड़ में मेरा अलग

दुनिया की भीड़ में मेरा अलग फसाना है, मुझे खुद से खुद को तन्हाई से मिलाना है, भले ही मैं महफ़िल में तन्हा दिखती हूँ पर वीरान नहीं, मेरे अंदर भी एक ज़माना है। - **नीरजा मेहता**

तेरह तेरह में लिखें, प्रिय उल्लाला

तेरह तेरह में लिखें , प्रिय उल्लाला छंद। ग्यारह मात्रा लघु सधें, कहे राज मतिमंद।। विषम चरण प्रारम्भ हो, दीर्घ य लघु लघु जान। तेरहवीं यति दीर्घ हो, कविवर लें संज्ञान।। कुछ विद्वत जन मत अलग,पंद्रह तेरह मान। अट्ठाईस स साधते, नाम चंद्रमणि जान।। विषम छंद दोहा लिखें, धरि उल्लाला नाम।। यति गति छन्दस प्राण हैं, पिंगल करूँ प्रणाम। - **राजकिशोर मिश्र 'राज' प्रतापगढ़ी**

इस तरह से रिश्ते खफा

इस तरह से रिश्ते खफ़ा हो गए, अपने ही जैसे बेवफ़ा हो गए। कभी जो कहते थे हमसे ÷तुमसे मिलकर बेहतर हुए, आज वही चुरा कर नज़रें, हमें ही नज़रें दिखाने लगे हैं। - **बबली सिन्हा वान्या**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको अपने आर्थिक प्रयासों पर पूरा ध्यान देना होगा।

वृषः आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको बड़ों की बातों को पूरा ध्यान देना होगा। आपको धन से संबंधित यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी।

मिथुनः आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। नौकरी में कार्यरत लोगों के ऊपर काम का दवाब रहने से थोड़ी टेंशन बनी रहेगी।

कर्कः आज का दिन सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। मन में किसी काम को लेकर टेशन बनी रहेगी।

सिंहः आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाले हैं। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

कन्याः आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। कुछ नए लोगों से संपर्क बढ़ेगा।

तुलाः आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए थोड़ा सावधान रहने के लिए रहेगा, क्योंकि आपसे कोई गलती हो सकती है।

वृश्चिकः आज आप किसी से धन उधार लेने से बचें और आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी।

मकरः आज का दिन आपके लिए किसी बड़े लक्ष्य की पूर्ति के लिए रहेगा। आप अपने करीबियों से तालमेल बनाकर चलेंगे।

कुंभः आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपको एक साथ कई काम हाथ लगेंगे, जिन्हें आप आसानी से पूरा कर सकेंगे।

मीनः आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में काम करने के लिए रहेगा। औद्योगिक क्षेत्रों में आपका अच्छा नाम रहेगा।

सूर्योदय : 05:57, सूर्यास्त : 19:10, चन्द्रोदय : 10:47, चन्द्रास्त : 22:39, अयन : दक्षिणायन, ऋतु : वर्षा, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु) विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), युगाब्द (कलि संवत) : 5127, मास : श्रावण, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : चित्रा, योग : साध्य, प्रथम करण : कौलव (13:40 तक), द्वितीय करण : तैतिल (26:41+ तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : कर्क, चंद्र : कन्या, मंगल - कन्या (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध - कर्क (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी) शनि : मीन (उदित, पश्चिम, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) अंतर-संसदीय संघ की 149वीं सभा कहाँ आयोजित की गई थी?

2) हाल ही में खबरों में रही कोयल नदी का उद्गम स्थल क्या है?

3) सेना स्पेक्टाबिलिस, एक आक्रामक प्रजाति, को किस राज्य के जंगलों से हटाया जा रहा है?

4) केन्दु पत्ता, जिसे तेंदू पत्ता भी कहा जाता है, किस भारतीय राज्य का ग्रीन गोल्ड कहलाता है?

5) किस देश ने सिचुआन नामक एक नया उभयचर आक्रमण जहाज लॉन्च किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जेनेवा (2) पलामू टाइगर रिजर्व (3) [illegible] (4) ओडिशा (5) चीन

शब्द सागर

वार्ड में बुनियादी सुविधाओं के लिए पार्षद ने सौंपा महापौर को पत्र

■ महिला आईपीएस ऑफिसर भावना गुप्ता को बलौदाबाजार भाटापारा जिले का एसपी बनाया गया

धमतरी/नवप्रदेश। जोधापुर वार्ड क्रमांक 36 के पार्षद सत्येन्द्र देवांगन ने वार्डवासियों की समस्याओं और विकास कार्यों को लेकर नगर निगम महापौर रामू रोहरा को दो महत्त्वपूर्ण पत्र सौंपे हैं। पहले पत्र में पार्षद ने ट्रेंचिंग सेंटर से लगे कृषकों की जमीन में पानी भराव की समस्या को लेकर अंडरग्राउंड नाली निर्माण की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि बारिश का पानी उचित निकासी के अभाव में किसानों के फसल को नुकसान पहुँचा रहा है। उन्होंने वार्डवासियों की पीड़ा को प्राथमिकता देते हुए त्वरित निर्माण कार्य की मांग की है। दूसरे पत्र में पार्षद ने जोधापुर वार्ड में चार विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है, जिनमें सीसी रोड,रंग मंच निर्माण कार्य शामिल हैं। इन कार्यों की अनुमानित लागत 31.47 लाख रुपये दर्शाई गई है। महापौर से निवेदन किया है कि जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाय।

नपाध्यक्ष ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

आवेदनों के तत्काल निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका दफ्तर में जनदर्शन के माध्यम से आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ सभी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विभिन्न वार्डो से राशन कार्ड, नल कनेक्शन, वृद्धा पेंशन, नाली निर्माण, सफाई व मूलभूत समस्याओं से संबंधित आवेदन मिले थे। श्री साहू ने समस्त आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर समस्त विभाग प्रभारी गण व बड़ी संख्या में आवेदक उपस्थित रहे।

निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मानसेवी शिक्षकों के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया

धरसीवा/नवप्रदेश। जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलतरा में मानसेवी शिक्षकों के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (छ्स्स्र) गतिविधियों के सामाजिक सरोकार अंतर्गत जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड शिक्षा के प्रति दृढ़ संकल्पित है निको द्वारा आसपास गांव के सरपंच एवं शाला प्रबंधन समिति के मांग के अनुसार स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था, जल निकासी निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, शौचालय निर्माण ,प्रशिक्षण, मानसेवी शिक्षकों हेतु आर्थिक सहयोग , अन्य विकास कार्य सहित 500 से अधिक प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष शिक्षण सामग्री देकर पुरस्कृत करता है इसी कड़ी में आज शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिलतरा में मानसेवी शिक्षकों के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिलतरा के सरपंच प्रतिनिधि एवं उपसरपंच रामकुमार वर्मा जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड से श्री आलोक पांडेय अध्यक्ष मानव संसाधन विभाग , मोहम्मद मोहिबुल्लाह खान, उपमहाप्रबंधक मानव संसाधन विभाग राम स्नेही गौराहा प्रबंधक मानव संसाधन विभाग राजेंद्र राठौड़ संसाधन विभाग , शाला विकास समिति के पदाधिकारी एवं स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

लोक गायक भगवती प्रसाद साहू को बधाई

धरसीवां/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन सम्राट एवं लोक गायक भगवती प्रसाद साहू जो कि नगर पंचायत कुंरा वार्ड क्र 07 थाना धरसीवां जिला रायपुर के निवासी है उसे डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम की सुनहरी यादें कार्यक्रम समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ जालमपुर धमतरी में प्रांतीय अध्यक्ष आर बंजारे द्वारा सम्मानित किया गया । यह हमारे नगर पंचायत एवं धरसीवा क्षेत्र नगर वासियों के लिए गौरव की बात है जिसके लिए भगवती साहू को नगर के कूंरा सहित आस पास के प्रशंसकों ने बधाई दिया है।

गांव के ट्रांसफार्मर से क्वाइल व ऑयल की चोरी

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम मुंडपहार के ट्रांसफार्मर से ऑयल चोरी के मामले में बलौदा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस को छ्ग. स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं. लि. बलौदा में पदस्थ कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि बलौदा वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम मुंडपहार में लगे ट्रांसफार्मर क्वाइल एवं ऑयल कुल (कीमत करीब 30 हजार रुपए) 24-25 जुलाई के दरमियानी रात अज्ञात ने चोरी कर ली है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफधारा 305(ई) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

युवक से 42 हजार का गांजा जब्त, भेजा जेल

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने नयापारा क्षेत्र से 42 हजार रुपये से ज्यादा का गांजा जब्त किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नयापारा वार्ड नंबर 8 में अशोक यादव (35) के घर में दबिश दी। घर के पोर्च से आरोपी के कब्जे से 2.811 किलो गांजा, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, मोबाइल जब्त किया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

विद्यालय में मनाई नाग पंचमी

महासमुंद/नवप्रदेश। वृंदावन विद्यालय में श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर संस्था प्रमुख एमआर विश्वनाथन व संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्या इंदु मिश्रा, शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों ने नाग देवता की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर सुजाता विश्वनाथन ने नाग पंचमी का महत्व बताते हुए पौराणिक कथा सुनाई। वरिष्ठ शिक्षिका रेखा साहू व होमेष साहू ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अमृता चंद्राकर, जागृति साहू, प्रवीण साहू, रिंकी कुर्रे, संध्या सोना, नीरू मांझी, सुषमा साहू, चंदना सोनी, हीना खान, दीपशिखा गायकवाड़, अमन वर्मा, तुषार निर्वाण आदि का सहयोग रहा।

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया एलुमिनी मीट-2025

छुरा /नवप्रदेश। आईएसबीएम विश्वविद्यालय, में बुधवार को एलुमिनी मीट -2025 का आयोजन किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह और आत्मीयता के वातावरण में संपन्न हुआ। सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में उत्तीर्ण विश्वविद्यालय के पुराने छात्रों ने भाग लिया और अपने अनुभवों को साझा किया।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. एन. कुमार. स्वामी ने कहा कि जब हम छात्र होते हैं तब तक पढ़ने के दौरान की गई गतिविधियों का महत्व समझ में नहीं आता, लेकिन जैसे ही हम संस्थान से दूर होते हैं उसका महत्व समझ में आने लगता है। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हमारी सबसे बड़ी ताकत और हमारे विश्वविद्यालय के ब्रांड एंबेसडर हैं। उनका जुड़ाव हमारी पहचान को मजबूत करता है।

स्वागत वक्तव्य देते हुए छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ शुभाशीष बिस्वास ने कहा कि पूर्व छात्रों की उपलब्धियाँ हमें प्रेरणा देती हैं और वर्तमान छात्रों के लिए एक दिशा भी तय करती हैं। यह सम्मेलन न केवल पुराने दोस्तों से मिलवाने का कार्य करता है बल्कि कई पेशेवर अवसरों के नए द्वार भी खोलता है।

पूर्व छात्र गुलशन यादव ने छात्र जीवन की यादों को साझा करते हुए कहा कि अलग अलग जगहों और संस्कृतियों से आने वाले लोगों के साथ मिलकर पढ़ाई करना, इंटर्नशिप करना नया अनुभव होता है। एनएसएस इकाई के साथ मिलकर कुछ सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए भी अपनी इच्छा जाहिर की। इस क्रम में पूर्व छात्र प्रतीक सिन्हा ने लीगल ऐड पर विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के साथ मिलकर आसपास गाँव में अगले दो तीन महीनों में जागरूकता पहल चलाने की बात कही। विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ पी. विश्वनाथन ने पूर्व छात्रों के सम्मेलन का महत्व एवं संगठन पर अपना संबोधन दिया। विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ पूनम वर्मा ने कहा कि पुराने छात्र किसी वृक्ष के जड़ की तरह होते हैं। किसी वृक्ष की ऊंचाई इस बात पर निर्भर होती हैं कि उसकी जड़े कितनी मजबूत और ज़मीन में कितनी गहरी धंसी हुई हैं। फार्मेसी एवं एलाइड साइंस के विभागाध्यक्ष श्री युगलकिशोर राजपूत ने एलुमिनी एसोसिएशन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने एलुमिनी सदस्यों के साथ होने वाले विभिन्न बैठकों तथा उनके संगठन के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। इस सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में उत्तीर्ण बहुत सारे छात्रों ने भाग लिया।कला एवं मानविकी संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ दिवाकर तिवारी ने कहा कि कोई भी विश्वविद्यालय केवल इमारतों और कागज़ों पर छपे प्रमाणपत्रों से नहीं पहचाना जाता, बल्कि अपने छात्रों की उपलब्धियों, उनके सोचने और काम करने के तरीक़े, तथा जीवन और समाज के प्रति उनकी बुनियादी समझ से पहचाना जाता है। पूर्व छात्र हमारे गौरवशाली अतीत और उज्ज्वल भविष्य के सेतु हैं। आप जैसा होंगे वैसी ही विश्वविद्यालय की संस्कृति विकसित होगी।

बरसते पानी में उपाध्यक्ष ने देखी वार्डों की सफाई व्यवस्था

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, वार्ड नंबर 16 पार्षद धनेंद्र विक्की चंद्राकर, भाजपा नेता राकेश श्रीवास्तव ने वार्ड 14 व 16 की नालियों का जायजा लेते भारी बारिश में सफाई कराई। सफाई प्रभारी दिलीप चंद्राकर मौके पर थे, उनसे कहा गया कि नाली की सफाई के लिए यदि स्लेब तोड़ने की जरूरत हो तो उसे हटाकर करें। सफाई में कोताही न बरती जाए। बरसात का समय है, नालियों की गंदगी से वायरस बरसाती बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। जहां जहां नालिया जाम है उसे तत्काल खुलवाएं। नाली से निकले कचरे के ढेर को भी तत्काल हटाएं। सफाई की कमी के कारण महासमुंद शहर सफाई रेटिंग में बहुत पीछे चला गया है। सही मानिटरिंग की जरूरत है। सफाई मेट की बैठक कर उन्हें निर्देशित करें कि नालियों की ठीक से सफाई होनी चाहिए तथा सफाई उपरान्त मलबा तत्काल हटाएं। उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने इसके अलावा और भी बाकी वार्डों में सफाई का बरसते पानी में निरीक्षण किया।

निगम के वाहनों मे डीजल और मरम्मत के नाम पर भारी भ्रष्टाचार

■ जिलाधीश को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग

धमतरी/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम में वाहनों में डीजल उपयोग एवं वाहन मरम्मत के नाम पर भारी भ्रष्टाचार का मामला आरटीआई के माध्यम से सामने आया है । जिला युवा कांग्रेस धमतरी के महासचिव गीतराम सिन्हा ने जिलाधीश को एक ज्ञापन सौंपकर मामले की आवश्यक जाँच कर दोषियों के उपर कार्यवाही करने की मांग की है ।

ज्ञापन में कहा गया है कि है कि नगर पालिक निगम धमतरी में आरटीआई के माध्यम से एक जानकारी मिली है जिसमें वाहन क्रमांक छ्त्त05॥ 5794 सुमो वाहन, जो नगर निगम प्रशासन के द्वारा उपायुक्त प्रवीण सार्वा को विभिन्न प्रकार के प्रशासनिक गतिविधियों के संचालन हेतु उपलब्ध कराया गया है। जो वाहन माह जनवरी 2025 से मरम्मत हेतु टाटा मोटर्स गैरेज रूद्री रोड धमतरी में निगम प्रशासन द्वारा भेजी गई थी। वाहन मरम्मत के बाद मोटर्स गैरेज से रिलीज की गई है। इस दौरान फरवरी 2025 से जून 2025 तक गैरेज में खड़ी वाहन में डिलज भरवाया गया है। जो जानकारी आरटीआई के माध्यम से प्राप्त हुई है। चूंकि यह जानकारी जून माह तक उपलब्ध करवाई गई है, और वाहन जुलाई माह में गैरेज से रिलीज हुई है इस आधार पर वाहन में डिजल जुलाई माह तक डलवाई गई होगी। उक्त आरटीआई के माध्यम से यह भी जानकारी प्राप्त हुआ है कि इस अवधि में मोटर सायकल छ्त्त05ऋ5794 मे भी डिजल डलवाया गया है, एवं वाहन मरम्मत के पश्चात राशि भुगतान हेतु अन्य फर्म के बिल का उपयोग किया गया है, साथ ही वाहन मरम्मत हेतु किसी भी प्रकार से कोई प्रशासनिक पत्राचार नही किया गया है ।

जमीन का सीमांकन और नक्शा दुरुस्त कराने चक्कर काट रहा युवक

महासमुंद/नवप्रदेश। अपनी जमीन का सीमांकन और नक्शा दुरुस्त कराने के लिए एक युवक पिछले चार सालों से दफ्तरों का धक्के खा रहा है। युवक ने एक बार फिर से कलेक्टर को आवेदन सौंपा है। आवेदन में कहा है कि राजस्व विभाग की लापरवाही और टालमटोल के कारण उनकी भूमि संबंधी प्रकरण अधर में लटका हुआ है साथ ही उनका भविष्य, पढ़ाई और आजीविका भी प्रभावित हो रही है।

वार्ड नंबर 1 बसना निवासी अविनाश बाघ ने आवेदन में कहा है कि 2021-22 में, जब मधुस्मिता पति ज्योतिष ने उनकी भूमि पर घेराबंदी की तब उन्होंने तहसीलदार बसना को अतिक्रमण हटाने के लिए आवेदन दिया, तब तत्कालीन तहसीलदार के आदेश पर पटवारी मौके पर पहुंचे, पंचनामा तैयार हुआ। लेकिन, कार्रवाई अधूरी छोड़ दी गई। 2025 में बार-बार आवेदन देने के बाद 15 जुलाई को सीमांकन पूर्ण कर मौके पर पंचनामा भी बनाया गया। बावजूद 29 जुलाई तक न सीमांकन रिपोर्ट जमा हुई है और न ही नक्शा दुरुस्ती पूरी हुई है। युवक का आरोप है कि जिन लोगों ने उनकी भूमि पर अवैध कब्जा किया मधुस्मिता पति ज्योतिष, फकीर कुमार देवता पिता गुणसागर और पार्वती पति शरदचंद्र उनके नाम पर तो ऑनलाइन नक्शा दुरुस्ती कर दी गई। युवक ने सीमांकन टीम, 2 राजस्व निरीक्षक और 5 पटवारियों के द्वारा जो सीमांकन कार्य पूर्ण किया गया है उसकी अंतिम रिपोर्ट और नक्शा जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राजस्व निरीक्षक बसना, राकेश साहू का कहना है कि बसना में उपलब्ध पुराने नक्शों पर आरआई, पटवारी, स्क्रीनिंग अधिकारी और भूअभिलेख अधीक्षक के हस्ताक्षर नहीं हैं इसलिए मैं नक्शा दुरुस्त नहीं करूंगा। जबकि सालों से इन्हीं नक्शों पर अन्य लोगों का काम होता आया है और उनके पास 1985 से 86 का प्रमाणित, हस्ताक्षरित नक्शा की सत्यप्रतिलिपि भी उपलब्ध है, फिर भी उनकी फाइल को लटाकाए रखना गलत है।

बाबा बेद्यनाथ धाम के दर्शन कर प्रदेश की सुख शांति समृद्धि की कामना

धरसीवां/नवप्रदेश। सावन का महीना जहां कांवरियात्रियों के लिए शिव के भक्तों के लिए यह माह बहुत ही हर्षोल्लास का महीना माना जाता है श्रावण मास में जहां भक्तगण अपनी भक्ति में लिन रहते है उसी कड़ी मे श्रावण मास के पावन तीसरे सोमवार को नितिन गौरीशंकर अग्रवाल ने ईस्ट मित्रो बाबा भोलेनाथ के भक्तो साथ बाबा बेद्यनाथ धाम एवं वासुकीनाथ जी के दर्शन कर प्रदेश की सुख शांति समृद्धि की कामना के लिए आज

शिव जी की आराधना किया एवं बाबा के श्रृंगार आरती मे भाग लेकर सभी भक्तो ने बाबा का पूजन किया सच मे पुरे वातावरण मे हर हर महादेव के जयकारों से गूंजते रहे । शिव के प्रति आस्था और राष्ट्र के प्रति भक्ति का अद्भुत समावेश अनुभव किया।

व्यक्ति से मारपीट अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सरायपाली पुलिस ने मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को सविता कुर्रे ने बताया कि 20 जुलाई की दोपहर 1:30 से 02 बजे के बीच गांव का बहादुर सोनवानी उनके पति मेलाराम कुर्रे को बुलाने आया और घर के सामने गली में ले जाकर किसी बात को लेकर उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की।

रक्षासूत्र | **बाजार में 20 रुपए से लेकर 200 रुपए तक की राखी उपलब्ध**

रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में सजने लगी राखियों की दूकानें

छुरा /नवप्रदेश। बाजारों में भाई बहन के अमर प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में अभी से ही राखी की दूकान सजने लगी है। कारोबारियों ने विभिन्न प्रकार के राखियां का भंडारण कर अपनी दुकानों में राखी सजा दी है। जिसके भाई दूसरे प्रदेश में रहते हैं उनकी बहना अभी से ही राखी खरीद कर भाई को भेजने की तैयारी में जुट गई है। बाजार में 20 रुपए से लेकर 200 रुपए तक की राखी उपलब्ध है। मांग पर विशेष राखियां भी उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चों के लिए भीम, लाइट जलने वाली घड़ी नुमा राखियां के साथ बड़ों के लिए रेशमी, डोरी वाली, डायमंड फैशनेबल राखियां ज्यादा पसंद की जा रही है। बाजार में राखी के साथ अक्षत और लाल

टीका भी पैकिंग में मिल रहें हैं। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि इस बार रक्षाबंधन के लिए भद्रा मुक्त समय मिल रहा है। लेकिन इस बार सावन की पूर्णिमा दो दिन है, यही नहीं भद्रा भी 9 अगस्त की सुबह खत्म हो जाएगी, इसलिए राखी बंधन के लिए शुभ समय काफी मिल रही है। दरअसल पूर्णिमा तिथि की बात की जाएं, तो पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 1.24 बजे समाप्त होगी, ऐसे में सूर्योदय 9 अगस्त को उदय मिल रहा है, इसलिए 9 अगस्त दिन शनिवार को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन आयुष्मान एवं सौभाग्य बांधने का शुभ मुहूर्त सुबह 5.39 बजे से दोपहर 1.24 बजे तक है। राखी के साथ साथ मिठाई की दूकान भी सजी हुई है, जहां बहने अपने भाइयों के लिए मिठाई खरीद रही है। क्षेत्र में रक्षाबंधन के त्योहार की तैयारियां जोरों पर है, और लोग इस त्योहार को मनाने के लिए उत्साहित हैं। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती है और उनकी लंबी उम्र, सुख समृद्धि की कामना करती है। इस त्योहार पर लोग अपने रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलने जाते हैं, जिससे आपसी प्रेम और भाईचारा बढ़ता है।

सिरपुर में मारपीट अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सिरपुर गंधेश्वर मंदिर के पास मारपीट करने वाले अज्ञात के खिलाफ तुमगांव थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि सिरपुर निवासी गोपाल ध्रुव और उसके साथी गंधेश्वर मंदिर के पास गंगा आरती के लिए टेंट लगाए थे। इस दौरान वे हाथ पैर धोने के लिए गंधेश्वर मंदिर के सामने नल में गए थे, तभी कुछ लोगों ने वहां आकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। जिससे उसके सिर, बाएं कान के पीछे, बांये हाथ की कोहनी में चोटें आई है, वहीं उसके साथी चैनसिंग निषाद के सिर, रिंकू ठाकुर की पीठ व बांये हाथ में चोटें आई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफधारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

शराब बेचने की शिकायत करने वाले उपसरपंच को 75 हजार की पैनाल्टी

■ सरपंच ने ग्राम सभा में कोचिया के नुकसान का भरपाई करने का दिया फरमान

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खुर्सीपार में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ की गई शिकायत उपसरपंच दुर्गेश साहू को महंगा पड़ गया। उन्हें ग्राम सभा ने 75 हजार रुपये का अर्थ दंड लगा दिया।

22 जुलाई को जनपद सदस्य पारस सांखला, राहुल चंद्राकर सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों ने कोमाखान थाना में ओडिशा ब्रांड अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ डिप्टी सीएम के संज्ञान में लाते हुए बागबाहरा एसडीओपी को लिखित शिकायत दी और प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के बाद खुर्सीपार गांव में एक पंचायत बैठक आयोजित की गई, जिसमें रामेश्वर चक्रधारी, पूर्व सरपंच प्रहलाद बरिहा, अगनू निषाद, दिलीप चक्रधारी, धनीराम उर्फ कुशल साहू और दशरथ साहू ने मिलकर फैसला सुनाया कि उपसरपंच दुर्गेश साहू ने गांव के आर्थिक हित को नुकसान पहुंचाया है। इसलिए शराब कोचिया को 25 हजार रुपये का नुकसान होने पर उसे मुआवजा दिया जाए और गांव के खिलाफ शिकायत करने पर उपसरपंच को 50 हजार रुपये दंड देना होगा। इस फैसले से आक्रोशित उपसरपंच दुर्गेश साहू ने कहा कि मैं पंचायत का निर्वाचित प्रतिनिधि हूं। अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करना मेरा कर्तव्य है। यह दंड पंचायत व्यवस्था और लोकतंत्र का अपमान है।

न्यूज गैलरी

चार दिवसीय कार्यशाला शुरु

खैरागढ़। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के कथक नृत्य विभाग में चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने उक्त कार्यशाला का आयोजन कम समय में कुलपति लवली शर्मा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शुरू किया गया है। इस कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में शासकीय महाविद्यालय इंदौर की प्रोफेसर डॉ.सुचित्रा हरमालकर को आमंत्रित किया गया है। प्रो.डॉ.सुचित्रा हरमालकर रायगढ़ घराने की प्रतिनिधि कलाकार एवं गुरु हैं जिनके द्वारा कथक नृत्य विभाग के विद्यार्थियों को रायगढ़ घराने की परंपरागत बंदिशों की सूक्ष्मता से धैर्य के साथ तालीम दी जा रही है। कथक नृत्य की शिक्षा लेने विद्यार्थीगण इस कार्यशाला में रुचि ले रहे हैं और प्रतिदिन कार्यशाला में उपस्थित हो रहे हैं।

हड़ताल के बाद रसोइया संघ ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

खैरागढ़। मध्यान्ह भोजन मे खाना बनाने वाले रसोइया संघ की तीन दिवसीय हड़ताल तीसरे दिन कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन के साथ समाप्त हूई। रसोइयो ने इससे पहले तीन दिन तक स्थानीय अंबेडकर चौक मे तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगो को लेकर आवाज बुलंद करते प्रदेश की भाजपा सरकार से अपने घोषणापत्र मे शामिल रसोइया संघ के मानदेय बढ़ोत्तरी की घोषणा को पूर्ण करने की मांग की। इस दौरान रसोइया संघ ने सरकार पर 17 माह गुजरने के बाद भी वादाखिलाफी का आरोप लगाते मांगो को जल्द पूर्ण किए जाने की मांग की।

भोरमदेव शक्कर कारखाना ने जारी की किश्त रिकवरी राशि

कवर्धा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयासों एवं कलेक्टर कबीरधाम के मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना, राम्हेपुर ने एक नई मिसाल कायम की है। बीते चार वर्षों में पहली बार एक ही किश्त में और इतनी शीघ्रता से गन्ना किसानों को 27.79 करोड़ की रिकवरी राशि का भुगतान जारी किया गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने के एमडी जीएस शर्मा ने बताया है कि इससे पूर्व मई माह में ही किसानों को 87.65 करोड़ की एफआरपी राशि का भुगतान पूरा कर लिया था। इस प्रकार कुल मिलाकर इस वर्ष किसानों को 115 करोड़ से अधिक की धनराशि प्राप्त हो चुकी है। त्योहारों के सीजन में भुगतान से क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिले।

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना समय की माँग है: उपमुख्यमंत्री शर्मा

- **स्पेस ऑन व्हील्स प्रदर्शनी, इसरो वैज्ञानिकों से विद्यार्थियों को मिला संवाद का अवसर**
- **विद्यार्थियों ने बारीकी से अवलोकन किया और अपनी कल्पनाओं को विस्तार दिए**

कवर्धा/नवप्रदेश। भारत की अंतरिक्ष विज्ञान में उपलब्धियों को आमजन, विशेषकर विद्यार्थियों से जोड़ने के उद्देश्य से नेशनल स्पेस डे 2025 के अवसर पर आज शासकीय पी.जी. कॉलेज, कवर्धा में एक विशेष विज्ञान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने माता सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ किया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति और अस्मिता को समर्पित राजकीय गीत अरपा पैरी के धार की भावपूर्ण प्रस्तुति भी दी।

कार्यकम में विशिष्ट अथिति के रूप में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद से वैज्ञानिकगण डॉ. आनंद अरूर, जुगल किशोर मणि, अरुण एस. सूर्यवंशी, पी. काश्वेर, डॉ. अमित दुबे, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी विशेष रूप में आमंत्रित थे। कार्यकम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, नपा अध्यक्ष चन्द्र

प्रकाश चन्द्रवंशी एवं पीजी कालेज के प्रभारी प्रचार्य डॉ. ऋचा मिश्रा, रिंकश वैष्णव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

यह आयोजन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में, साइंस क्लब, पी.जी. कॉलेज कवर्धा द्वारा आयोजित किया गया। कॉलेज परिसर के इंडोर ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए स्पेस क्विज, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, ऑनलाइन डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन, सीधे संवाद सत्र तथा इसरो की चलित प्रदर्शनी ÷स्पेस ऑन व्हील्स÷ को एक दिन के लिए प्रदर्शित किया गया।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि विज्ञान का सही आशय केवल जिज्ञासा को शांत करना नहीं है, बल्कि खोज, अनुसंधान और जिज्ञासा को और अधिक प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज और मानव सभ्यता में विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और जीवन शैली में गहराई से रचा-बसा है। हमारी दैनिक दिनचर्या, खान-पान, रहन-सहन और पूजा-पद्धति में विज्ञान की गूंज स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। बीते समय में गांव की माताएँ और महिलाएँ अधिक शिक्षित नहीं होती थीं, फिर भी वे अपने रसोई घर को पूर्णतः वैज्ञानिक ढंग से संचालित करती थीं। भारत में रसोई केवल खाना पकाने की जगह नहीं, बल्कि एक शोधशाला की तरह होती थी, जहाँ स्वच्छता, पोषण और संतुलन को सबसे अधिक महत्व दिया जाता था।

कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित इसरो एवं सीकॉस्ट से आए वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें विज्ञान और अंतरिक्ष मिशनों की बारीकियों से अवगत कराया।

स्वयं-भू लिंगेश्वर में लिपटे नाग राज का दर्शन करने श्रृद्धालुओं की रही भीड़

- **शिवनाथ नदी से बोल बम के कांवड़िए स्वयं-भू-लिंगेश्वर में आते है जल चढ़ाने, श्रद्धा भक्ति की बह रही बयार**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नाग पंचमी के अवसर पर ग्राम भांठा गांव में भगवान स्वयं भू शिव लिंगेश्वर का दर्शन करने सुबह से ही श्रद्धालुओ का तांता रहा। बता दें कि संस्कार धानी नगरी से लगभग 10 किलोमीटर दूर गठुला- भेड़ीकला ग्राम के निकट ग्राम भांठागांव में भीषण गर्मी के दिनों धरती फोड़ उत्पन्न हुए भगवान स्वयं भू शिव लिंगेश्वर की श्रावण मास में पूरे भक्ति- भाव से पूजा -अर्चना हो रही है। सावन के हर सोमवार को बोल बम कांवरिए शहर के शिवनाथ नदी से जल लाकर भगवान स्वयं भू शिव लिंगेश्वर में चढ़ाते हैं। वहीं भक्तों द्वारा

रोजाना ओम नमः शिवाय,व महामृत्युंजय जाप, शिव चालीसा आदि का निरंतर जाप से ग्राम भांठागांव का माहौल शिवमय बना हुआ है। लोग भगवान शिव लिंगेश्वर में लिपटे नाग जोड़े व यहां विचरण करने वाले सर्पो का दर्शन कर धन्य महसूस कर रहे हैं।

बताया जाता है कि भांटागाव के स्वयं भू शिव लिंगेश्वर मनुष्य के हृदय की तरह धड़कता है। इसमे इलेक्ट्रॉनिक बंद घड़ी टिकाने से अपने आप चालू हो जाता है।मंदिर में भगवान शिव की कृपा से असाध्य रोगों को भी दूर किया जाता। मंदिर के पूजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि भगवान स्वयं भू शिव लिंगेश्वर का चमत्कारी शिव लिंग का दर्शन करने लोग जहां दूर-दूर से आते हैं वहीं असाध्य रोगों के रोगियों द्वारा मंदिर के जड़ी- बूटी युक्त औषधि खाकर ठीक हो जाते हैं । मंदिर में दर्शन करने आए पी डब्ल्यू डी अधिकारी एन के डडसेन, खैरागढ़ के चिरंजीव सिन्हा,ईनेश्वर साहू संस्कार धानी के सतीश तिवारी, थानेश्वर यादव,देवेश हटवार,ग्राम के खेमलाल साहू, नरोत्तम साहू आदि ने बताया कि भगवान शिव की कृपा से मंदिर में आने वाले असाध्य रोगियों के दुख-दर्द दूर हो जाते हैं।

लोग भगवान स्वयं भू शिव लिंगेश्वर का दर्शन लाभ सहित शारीरिक व्याधियो से भी मुक्ति पा रहे हैं। यही वजह है कि श्रावण मास में स्वयं भू शिव लिंगेश्वर मंदिर में शिव लिंग में लिपटे नाग- सर्प का दर्शन करने लोगों का तांता लगा रहता है। शिव भक्ति की यहां बयार बह रही है। उक्ताशय की जानकारी ग्राम के नरोत्तम साहू द्वारा दी गई।

फूलों की वर्षा के साथ निकाली तीसरी डाक कांवड़ यात्रा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सावन पर्व पर डाक कांवड यात्रा मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर बर्फानी धाम मां पाताल भैरवी मंदिर पहुंची। हिंदू जागरण मंच ने नंदई चौक, गंज चौक एवं मानव मंदिर चौक मे फूल बरसा कर डाक कांवरियो के साथ अन्य कांवरियों का स्वागत अभिनंदन किया। हिंदू जागरण मंच द्वारा डाक कावड़िया के लिए जल की व्यवस्था की थी। डाक कांवड बर्फानी धाम पहुंचने पर राजेश मारू ने पुष्प से स्वागत कर फलाहारी कराया। आयोजनकर्ता शिवगण माँ पाताल भैरवी बर्फानी धाम से राजेश मारू, श्री महाकाल मंदिर सिंघोला से पवन डागा, हिंदू जागरण मंच से सुशील लडडा, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, राज बहादुर सिंह, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना जिला अध्यक्ष विजय साहू, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन, सिटी बजाकर इस यात्रा प्रारंभ किया। चौथे सोमवार को मोहराशिवनाथ नदी से जल लेकर जाएगी।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का कार्यकर्ताओ ने किया स्वागत

बालोद/नवप्रदेश। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का संक्षिप्त दौरे में बालोद जिला मुख्यालय आगमन हुआ। इस अवसर पर जिला भाजपा के नेताओ और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय विश्राम गृह में आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किये। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने जिले में संगठन के कार्यो की जानकारी ली। वहीं उन्होंने सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को बधाई देते हुए पार्टी संगठन के लिए ऊर्जा के साथ काम करने की बात कही। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं को अपना योगदान देने की भी बात कही। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, वरिष्ठ नेता यशवंत जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन साहू, कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, जिला महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव, सौरभ लुनिया, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर अभिषेक शुक्ला, शाहिद खान, कौशल साहू, भुवनेश्वरी ठाकुर, हरीश कटक्षरे, टीनेश्वर बघेल, प्रेम साहू, पूजा मोंटी यादव, निशा योगी, विनोद जैन, जितेंद्र साहू, लोकेश श्रीवास्तव, अकबर तिगाला, रविप्रकाश पांडेय, कमल पंपालिया, मनीष झा, प्राची ललवानी, नूपुर सोनवानी, संजय साहू, रौनक कत्याल, पुष्पेंद्र तिवारी, राहुल साहू,तुषार, प्रदीप मिनपाल, दिनेश अग्रवाल, कमल बजाज, एकांत पवार, यश नेभवानी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अवैध प्रार्थना सभा व धर्मांतरण के विरोध में निकाली आक्रोश रैली

बालोद/नवप्रदेश। जिले के अंदर धर्मांतरण,अवैध प्रार्थना सभा व गौ तस्करी व हीरापुर में कब्रिस्तान की मांग के विरोध में सुबह से ही हो रहे बारिश के बीच ग्राम हीरापुर के सैकड़ों ग्रामीण महिलाओं व विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बालोद शहर के अंदर एक आक्रोश रैली निकाली।

हीरापुर से प्रारंभ यह रैली मुख्य मार्ग से होते हुए तहसील कार्यालय बालोद पहुंचा। जहां एसडीएम को मांगपत्र व ज्ञापन सौपा व आक्रोश रैली में शामिल सभी ग्रामीणजन ट्रैक्टरों में सवार होकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे व धर्मांतरण के विरोध में जोरदार

नारेबाजी की गई। धर्मांतरण,गौ तस्करी व कब्रिस्तान की मांग को लेकर रैली में शामिल सैकड़ो सनातन हिन्दू समाज के लोग काफी आक्रोशित थे। शहर में हो रहे बारिश के बीच भी रैली में शामिल लोगो का जोश कम नही हुआ। जिले में सनातन हिंदू धर्म समाज को कमजोर करने,आपस मे बांटने व समाज के बीच वैमनस्यता फैलाने का काम लंबे समय से कुछ धर्मांतरित हिंदू ईसाई जो कि अपने आप को ईसा मसीह के प्रति विश्वासी शब्द का इस्तेमाल कर ईसाई धर्मावलंबी बताते है, के द्वारा गैर कानूनी रूप से मतांतरण व धर्मांतरण को बढ़ावा देने गांव गांव में अपने घरों में अवैध प्रार्थना सभा का संचालन कर रहे है। इनके द्वारा किये जा रहे ऐसे धर्मविरोधी कार्य से शहर,नगर,सहित बालोद जिला के कई ग्रामों में आपसी विवाद की स्थिति निर्मित हुई है। वही कई स्थानों पर भविष्य में बड़ी घटना होने की आशंका भी बना हुआ है। जिसे रोकने की प्रमुख मांग है।

आक्रोश रैली में शामिल संगठन के द्वारा कुछ चिन्हित स्थानों की जानकारी प्रशासन को दिया गया। वही बताया गया कि बालोद जिले के शहर से लगे गांव हीरापुर,सिवनी,कुन्दरूपारा,डौंडी नगर, मरकाटोला गुदुम डौंडीलोहारा नगर, पसौद,साल्हे बाजार,संजारी,रानाखुज्जी, अर्जुंदा ,मनकी,माहूद बी,गुंडरदेही के रेंगाकठेरा, दल्ली राजहरा के वार्ड 5,चिखलाकसा सिनेमा टाकीज के सामने,गुरुर क्षेत्र के धनोरा,सनोद,भोथली सहित अन्य स्थानों पर तेजी के साथ अवैध प्रार्थना सभाओं का प्रचलन बढ़ा है। जिसको बंद करने की मांग किया गया।

जिला प्रशासन से चर्चा के बाद यह निर्णय हुआ कि हीरापुर में कब्रिस्तान के लिए जगह नही दी जाएगी,वही जिले के अंदर चल रहे अवैध प्रार्थना सभाओं पर भी सख्त कार्यवाही की जाएगी। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक के साथ विश्व हिंदू परिषद व हीरापुर के ग्रामीणों की बैठक जिला कलेक्टर कक्ष में हुई जिसमें अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई।

मंडल कमेटी के गठन हेतु जिला कांग्रेस प्रभारी विकास उपाध्याय ने ली बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के राजीव भवन में आज जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी एवं पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बेमेतरा जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों के बैठक ली। बैठक में विशेष रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा भी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पूरे जिले में मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन करना है और इसके लिए सभी मंडलों में योग्य और निर्भीक जुझारू तथा सर्वमान्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ही मौका दिया जाएगा और जिसे भी मंडल

अध्यक्ष बनाया जाएगा पूरे मंडल के कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्य करेंगे।

उपाध्याय ने कहा कि वैसे तो कांग्रेस का सिपाही भाजपा के नापाक इरादों से डरने वाला नहीं है। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में सरकार नहीं चला पा रही है। लोगों को समझ ही नहीं आ रहा है कि प्रदेश सरकार को खींच कौन रहा है। यह रिमोट कंट्रोल सरकार बनकर रह गई है। आम जनता ने जो उम्मीद के साथ सत्ता सौंप थी वह धराशाई हो गई है। बैठक को पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने भी संबोधित किया। जिसमें उन्होंने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से अपील किया कि आपस के मतभेद बुलाकर कांग्रेस को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करना है तथा जनता को भाजपा की नाकामी को बताना है। मंडल कमेटी का गठन भी आप लोगों के बीच से ही तय किया जाना है साथ ही साथ ऐसे व्यक्ति को मंडल अध्यक्ष के रूप में कार्यकर्ता चयनित करें जिसके नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता कार्य करना चाहते हो साथ ही साथ उस नाम पर सभी एक राय हो। इस बैठक को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कहा कि जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओ को भाजपा के दबाव और डर के आगे झुकना नहीं है। कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता भाजपा के सौ सौ कार्यकर्ताओं पर भारी है। हमारे कार्यकर्ता जनता से सीधे जुड़े हुए हैं। जन समस्याओं को हमें सामने लाना है साथ ही साथ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे अपने क्षेत्र की जन समस्याओं को उठाएं। जनमानस की समस्याओं को सामने लाएं और उन्हें हल करने का भर्षक प्रयास करें। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने कार्यकर्ताओं को मंडल कमेटी के गठन में बहुत ही सतर्कता बरतने तथा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को मंडल कमेटी में प्रमुख पदों पर स्थान देने तथा चुनाव करने की बात कही।

तीन नाबालिक बालको की सकुशल वापसी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कान्ता प्रसाद ने चौकी तुमड़ीबोड़ थाना लालबाग आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29.07.2025 को सुबह 9:30 घर से उसके बच्चे एंजल शाडिल्य पिता कान्ता प्रसाद उम्र 12 वर्ष, सुधीर शाडिल्य पिता कान्त प्रसाद उम्र 8 वर्ष, प्रफुल शडिल्य पिता कान्ता प्रसाद उम्र 6 वर्ष जो ग्राम तुमडीबोड अपने घर से बिना बताये कही चले गये है, शाम तक बच्चे घर नही आने पर प्रार्थी के पिता के द्वारा बताने पर बच्चो का पता तलाश आसपास के स्थान, रिस्तेदार, नागबहारा मंदिर, पुराना घर, स्कुल में बच्चो का पता तलाश नही मिलने पर रिपोर्ट दर्ज करायी। मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से दिया गया बाद पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशानिर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन से चौकी प्रभारी तुमडीबोड दिलीप पटेल के नेतृत्व में टीम गठित कर अपृहताओं का पता तलाश किया जा रहा था जो कि अपृहत बालक का राजनांदगांव रानी सागर दरगाह के पास अपने चाचा के घर होने की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ का एक टीम अपहृता बच्चो के पता तलाश हेतु रवाना किया गया जो, अपहृता बच्चे को ऑपरेशन मुस्कान का अन्तर्गत 03 बच्चो को महज 06 घण्टे के भीतर बरामद किया गया जो अपने घर से राजनांदगांव घुमने के लिये अपनी मर्जी से बिना किसी को बताये घर से चला जाना बताये।

बच्चो के परिजनों द्वारा राजनांदगांव पुलिस को आभार व्यक्त करते हुए बहुत प्रसन्न हुए। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी दिलीप पटेल, प्रआर 1206 लोकनाथ वर्मा, आर. 494 चन्द्रशेखर यादव, आर. 227 संजय यारदा, कमल नेताम तथा सभी थाना स्टाफचौकी तुमडीबोड का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रहा।

प्रथम पेज का शेष

अब ई-नीलामी से दी जाएगी...

प्रस्तावित नियमों में संशोधन के बाद अब आवंटन की कार्रवाई इलेक्ट्रॉनिक नीलामी के माध्यम से होगी।

जनजाति बेटियों की सुरक्षा

बस्तर की आदिवासी बेटियों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। आगे उन्होंने कहा- शादी का लोभ देकर हमारी बेटियों को धर्मांतरण के जाल में फंसाया जा रहा है। ऐसे सैकड़ों मामले सामने आए हैं इसलिए जनजाति बहन- बेटियों के सुरक्षा के लिए कानून बनना चाहिए।

बीजापुर में पीडब्ल्यूडी के ..

के बाद हुई थी। गिरफ्तार अधिकारियों को 2 दिन के लिए रिमांड में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने पीडब्ल्यूडी के इन अफसरों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है।

जनता के पैसों से बनी सड़क, मगर ज़मीन पर बर्बादी की कहानी

73.08 करोड़ की लागत से मंजूर हुई यह सड़क बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कनेक्टिविटी का जरिया बननी थी। मगर निर्माण कार्य में कथित भ्रष्टाचार ने सड़क की हालत शुरू से ही खस्ता कर दी थी। इसे लेकर आवाज़ उठाने वाले युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या ने इस पूरे घोटाले को उजागर किया।

हत्या की जड़ में 'सिस्टम' की सड़ांध : मुकेश की रिपोर्टिंग ने ठेकेदार और संबंधित विभागों की नींद उड़ा दी थी। नतीजा एक पत्रकार की निर्मम हत्या। तीन जनवरी को उनका शव बीजापुर के चट्टानपारा इलाके में सुरेश चंद्राकर के एक निर्माणाधीन परिसर के सेप्टिक टैंक से मिला था।

छत्तीसगढ़ पुलिस के 3 ...

एसीबी-ईओडब्ल्यू में अपनी सेवाएं देंगे। राज्य सरकार ने मंगलवार को 5 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए थे। इस आदेश के मुताबिक, नम्रता जैन को रायपुर का अलग अपर कलेक्टर बनाया गया है।

दुर्ग और रायपुर में ईडी ...

एसीबी ने इस मामले में संयुक्त रेड डाली थी। अब मोक्षित कॉर्पोरेशन के नाम इस घोटाले से जुड़ने के बाद यह मामला प्रवर्तन निदेशालय के रडार पर आ गया है। सूत्रों के अनुसार, मोक्षित कॉर्पोरेशन की भूमिका इस घोटाले में संदिग्ध पाई गई है और इसीलिए जांच एजेंसियों ने गहन पड़ताल शुरू कर दी है। ईडी और ईओडब्ल्यू की ओर से इस संबंध में कोई बयान सामने नहीं आया है।

घोटाले से जुड़े और भी खुलासे होने की संभावना : सूत्रों के मुताबिक, ईडी इस मामले में शामिल अन्य लोगों और लेनदेन की गहन जांच कर रही है। इस घोटाले से जुड़े और भी खुलासे होने की संभावना है। इस मामले में पहले ही एंटी-करप्शन ब्यूरो और इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (एसीबी/ईओडब्ल्यू) ने शशांक चोपड़ा सहित कई अधिकारियों के खिलाफकेस दर्ज किया है। जांच एजेंसियां इस घोटाले के पूरे नेटवर्क को उजागर करने में जुटी हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) के घोटाला मामले में मोक्षित कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को इसी साल जनवरी में गिरफ्तार किया गया था। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की टीम ने यह कार्रवाई की थी।

5 लाख का इनामी नक्सली...

माओवादी ढेर हो गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान मौके से भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और नक्सली साहित्य बरामद किया गया। बरामद सामग्रियों में बीजीएल लॉन्चर राइफल, बीजीएल सेल व कॉटेज, वायरलेस सेट, डेटोनेटर, जिलेटिन रॉड, कोर्डेक्स वायर, बिजली तार, पिट्ठू और नक्सली दस्तावेज शामिल हैं। मारे गए नक्सली की पहचान गोगुंडा निवासी कोटला गंगा के रूप में हुई है, जिस पर शासन ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। इस मुठभेड़ के दौरान एक प्रेशर आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के तीन जवान घायल हो गए।

सभी को तत्काल मुठभेड़ स्थल से निकालकर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। फिलहाल सभी की हालत स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री सुंदरराज पी. ने कहा कि कठिन भौगोलिक और मौसमी परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बल पूरी निष्ठा के साथ बस्तरवासियों की सुरक्षा में जुटे हैं। उन्होंने माओवादियों से अपील की कि वे हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटें और सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ लें, अन्यथा उन्हें सख्त परिणाम भुगतने होंगे।

दंगल में 200 पहलवानों ने लगाया दांव

बालोद/नवप्रदेश। जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद के तत्वावधान में एक दिवसीय राज्य स्तरीय महिला-पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता बुधवारी बाजार शहीद स्मारक स्थल प्रांगण में आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ के कई जिलों से आए पहलवानों ने दंगल में दांव लगाए। कुश्ती की उपाधि रानी लक्ष्मी बाई में प्रथम स्थान अस्मिता गायकवाड़, द्वितीय निधी यादव, तृतीय स्थान पर आरती निर्मलकर विजेता रही। रानी दुर्गावती के लिए प्रथम स्थान पर स्वेच्छा चौहान, द्वितीय स्थान उमा केंवट, तृतीय वंदना कोमरा ने हासिल किया। पुरुष वर्ग से बाली उपाधि में प्रथम स्थान पर सतपाल यादव, द्वितीय डोमेंद्र निषाद, तृतीय हर्ष सोनी ने प्राप्त किया। कुश्ती प्रतियोगिता में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अंपायर लीना यादव, चिरंजीव साहू, नरेश कुमार, जयंत, विकास ठाकुर, मनोज साहू, संतोषी ने प्रतियोगिता आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। कुश्ती प्रतियोगिता के समापन पर विजय पारख ने सभी पहलवानों, उनके कोच, उस्ताद, अंपायर, समिति को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग करने वाले गणमान्य नागरिकों, अखाड़ा परिवार के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।आयोजन समिति जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद द्वारा पहलवानों के चाय-नाश्ते और भोजन के साथ ठहरने की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में बालोद जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारी अतिथि थे। कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान मंच पर भाजपा और कांग्रेस के स्थानीय नेता, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अखाड़ा के सह सचिव विजय पारख, शेष नारायण दुबे, टेक राम पटेल ने किया।

महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न विकास कार्यो की मिली स्वीकृति

■ हार्स राइडिंग ट्रेक निर्माण सहित 11 एजेण्डो पर हुई चर्चा

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आहूत की गई। बैठक में महापौर परिषद के सदस्यों के समक्ष 12 एजेण्डा विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से हार्स राइडिंग ट्रेक निर्माण, चौंक का नामकरण, सामुदायिक भवन का नामकरण, ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु इंदौर दौरा, राजस्व वृद्धि हेतु विद्युल पोल एवं ट्यूबलर पोल में विज्ञापन बोर्ड, सुरक्षा गार्ड की सेवांए हेतु कार्योत्तर एवं वित्तीय स्वीकृति, जलप्रदाय, स्वीमिंग पुल निर्माण, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण, भूखण्डों का पुनः निविदा आमंत्रित किया जाना है।

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जोन 01 प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में हार्स राइडिंग ट्रैक निर्माण कार्य एवं न्यू खुर्सीपार स्थित डबरा पारा चौंक का नाम परिवर्तित कर सम्राट अशोक चौंक करने की स्वीकृति मिली।

वार्ड क्रं. 27 शास्त्री नगर नहर के पास स्थित सामुदायिक भवन को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के नामकरण किये जाने एवं नगर पालिक निगम इंदौर (म.प्र.) में ठोस तथा सरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत किये गए उत्कृष्ट कार्यो के अवलोकन एवं अध्ययन हेतु नगर निगम भिलाई के महापौर, सभापति, समस्त पार्षदगण एवं संबंधित अधिकारियों को भेजे जाने की अनुमति हेतु तथा राजस्व आय की वृद्धि हेतु निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गो में स्थित विद्युत पोल एवं ट्यूबलर पोल में विज्ञापन बोर्ड (लॉली पॉप) लगाने के संबंध में महापौर परिषद से स्वीकृति मिली।

नगर निगम भिलाई के संपत्ति की सुरक्षा व्यवस्था हेतु 100 कार्यरत सुरक्षागार्ड की सेवांए जारी रखे गए की व्यय एवं कार्योत्तर की पुष्टि की वित्तीय स्वीकृति की अनुमति प्रदान करने एवं प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम में स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य, वार्ड क्रं. 70 हुड़को में सीवरेज पाईप लाईन एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य तथा नगर पालिक निगम भिलाई विभिन्न क्षेत्रों (योजनाओं) में रिक्त आवासीय/व्यवसायिक/आवास सह व्यवसायिक भूखण्डों के अंतरण के संबंध में पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने महापौर परिषद ने सहमति प्रदान की।

बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, केशव चैबे, एकांश बंछोर, चंद्रशेखर गंवई, रिता सिंह गेरा, नेहा साहू, मालती ठाकुर, उपायुक्त/सह सचिव नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त अजय राजपूत, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, अरविंद शर्मा, सुनील जैन, संजय अग्रवाल, विनीता वर्मा, लेखाधिकारी चंद्रभूषण साहू, राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता अर्पित बंजारे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

अब तक 505.0 मि.मी. वर्षा दर्ज

दुर्ग। जिले में 1 जून 2025 से 30 जुलाई 2025 तक 505.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा 640.2 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 390.7 मिमी. धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा बोरी में 473.6 मिमी, अहिवारा में 599.6 मिमी, भिलाई-3 में 432.2 मिमी और दुर्ग में 493.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 30 जुलाई 2025 को दुर्ग में 3.4 मिमी, धमधा में 0.0 मिमी, पाटन में 35.1 मिमी, बोरी में 12.0 मिमी, भिलाई 3 में 9.6 मिमी और अहिवारा में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन की आय-व्यय की कमान ईश्वर को

भिलाई। आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन की आवश्यक बैठक गत दिनों आंबेडकर पार्क सेक्टर 1 भिलाई में सम्पन्न हुआ। पूर्व अध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी के. उमाशंकर राव द्वारा नवनिर्वाचित समिति के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई। आय-व्यय का संपूर्ण जानकारी पूर्व कोषाधिकारी एम. ईश्वर राव द्वारा दी गई। उपस्थित सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए नव निर्वाचित पदाधिकारीयो को हार्दिक बधाइयां दी। चुनाव अधिकारी द्वारा चुनावी कार्य के आय-व्यय की सम्पूर्ण जानकारी दी। बैठक में मुख्य रूप से नव निर्वाचित अध्यक्ष ए दुर्योधन राव, महासचिव के प्रसाद राव, कोषाधिकारी एम ईश्वर राव, उपाध्यक्ष एम वेंकट राव, उप महासचिव पी जगदीश राव, कार्य समिति सदस्य डी शंकर राव, सी एच अप्पलस्वामी, के शिवकुमार रायुडू , जे श्रीनिवास राव ने एसोसिएशन के द्वारा जन उपयोगी तथा सेवा कार्य करने के संकल्प लिया गया। सम्माननीय वरिष्ठ सदस्य वी सुर्यनारायण, के पापा राव, यू लक्ष्मण मूर्ति, पी चंद्रशेखर, डी राजू, ए जगन्नाथ, एम कृष्णा एवं गणमान्य सदस्यों ने निरन्तर जनहित कार्य करने का संकल्प ली।

पंजीयन कराना अनिवार्य

दुर्ग। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के अंतर्गत मछली पालन व्यवसाय से जुड़े किसानों, समितियों एवं समूहों को अब केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पाने के लिए राष्ट्रीय मत्स्य पालन डिजिटल प्लेटफॉर्म (एनएफडीपी) पर पंजीयन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। मछली पालन विभाग की उप संचालक श्रीमती सीमा चंद्रवंशी ने बताया कि पंजीयन की प्रक्रिया कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) यानी च्वाईस सेंटर के माध्यम से की जायेगी। मछली पालन, मत्स्याखेट या मछली बिकी जैसे कार्यों में संलग्न सभी को पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा।

पं. प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा में 5 किमी पैदल चलकर पहुंचना होगा कथा स्थल

उतई तिराहा से जवाहर चौक तक सभी गाड़ियां प्रतिबंधित

भिलाई/नवप्रदेश। जिले के भिलाई स्थित जयंती स्टेडियम के पास 30 जुलाई से 5 अगस्त तक यातायात प्रभावित रहेगा। पास के ही ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के शिव महापुराण कथा आज से शुरू हुई है। बड़ी संख्या में शिव भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। इस दौरान यातायात पुलिस ने उतई तिराहा से जवाहर उद्यान चौक (फॉरेस्ट एवेन्यू मार्ग) तक सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। कथा सुनने आ रहे भक्त 5 किलोमीटर पैदल चलकर कथास्थल तक पहुंच पाएंगे।

कथा स्थल पर 5 बड़े वाटर फ्रूफ डोम बने

कथा के श्रोताओं की वृहद भीड़ की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बोल बम समिति की ओर से व्यापक रूप से तैयारियां की गई है। कथा के लिए बनाए गए व्यासपीठ से लगे 5 वाटर फ्रूफबड़े डोम बनाए गए हैं।

कथा सुनने आ रहे भक्तों के लिए दुर्ग यातायात पुलिस का रूट चार्ट तैयार किया है। जिसके तहत सुरक्षित

यातायात प्रबंधन के लिए पार्किंग और डायवर्शन प्लान निर्धारित है।

पुलिस ने अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए निर्धारित मार्गो और पार्किंग व्यवस्था का पालन करें।

वीआईपी पासधारी वाहनों को बेरोजगार तिराहा से प्रवेश लेकर अपने वाहन शहीद पार्क के सामने पार्किंग बनाया गया। उतई तिराहा से जवाहर उद्यान चौक (फॉरेस्ट एवेन्यू मार्ग) तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

जयंती स्टेडियम कटिंग (फॉरेस्ट एवेन्यू मार्ग) से कथा स्थल तक श्रद्धालुओं का पैदल आवागमन भी प्रतिबंधित रहेगा। रायपुर, चरोदा और भिलाई-03 की ओर से आने वाले वाहन टाटीबंध, कुम्हारी, पावर हाउस चौक, पावर हाउस अंडरब्रिज, मूर्गा चौक होते हुए भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 और सेक्टर-6 पुलिस ग्राउंड पार्किंग में अपने वाहन खड़ा कर कथा स्थल तक पैदल पहुंचेंगे।

बेमेतरा, धमधा एवं दुर्ग की दिशा से आने वाले वाहन धमधा, धमधा नाका ओवरब्रिज, ग्रीन चौक, राजेन्द्र पार्क, वाय सेप ब्रिज, सेक्टर-9 चौक होते हुए सेक्टर-7 स्कूल ग्राउंड या सेक्टर-6 पुलिस ग्राउंड पार्किंग में वाहन खड़ा कर सकेंगे।

राजनांदगांव और बालोद की ओर से आने वाले श्रद्धालु पुलगांव चौक, जेल तिराहा, डीपीएस चौक, भिलाई निवास कटिंग होकर हेलीपैड ग्राउंड या फुटबॉल ग्राउंड पार्किंग में वाहन खड़ा कर कथा स्थल तक पहुंच सकते हैं।

धमतरी-पाटन की ओर से आने वाले श्रद्धालु उतई, उतई तिराहा, डीपीएस चौक, भिलाई निवास कटिंग होकर हेलीपैड या फुटबॉल ग्राउंड पार्किंग में वाहन खड़ा करने के बाद पैदल कथा स्थल पर पहुंच सकते है।

सम्पूर्ण आयोजन अवधि में उक्त क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

कलश यात्रा के साथ झांकी निकली

शिव महापुराण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। 30 जुलाई की सुबह सेक्टर-5 स्थित गणेश मंदिर से यात्रा शुरू होकर जयंती स्टेडियम में सम्पन्न हुई। कलश यात्रा मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे, और नगर के कोने-कोने में शिवभक्ति की छवि नजर आई। इस आयोजन में विशाल बाहुबली हनुमान जी की झांकी, भगवान गणेश जी की भव्य झांकी, और हरियाणा से पधारे अघोरी संतों के विशेष दल ने विशेष आकर्षण का केंद्र बना।

नेमीनाथ परमात्मा का धूमधाम से मनाया जन्म कल्याणक महोत्सव

■ देश-प्रदेश से जुटे श्रद्धालू, परमात्मा की प्रतिमा का विभिन्न औषधियों से किया अभिषेक

दुर्ग/नवप्रदेश। श्री आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं सहजानंदी वर्षावास समिति द्वारा नवकार भवन ऋषभ नगर में गिरनार मंडन नेमीनाथ परमात्मा का जन्म कल्याणक महोत्सव प.पू. विराटसागर जी मसा आदि ठाणा के सानिध्य में विभिन्न औषधियों के 251 कलशों से परमात्मा का अभिषेक कर धूमधाम के साथ मनाया गया। महोत्सव में श्रद्धालुओं द्वारा संगीतमय भजनों की धुन में नाच गाकर परमात्मा की श्याम वर्णी प्रतिमा का विभिन्न औषधियों से अभिषेक किया गया। उल्लेखनीय है कि जीवदया प्रतिपालक , आबाल ब्रह्मचारी ,जैनों के 22 वे तीर्थंकर गिरनार मंडन नेमीनाथ परमात्मा ने का जन्म श्रावण शुक्ल पंचमी को हुआ था। आज के दिन को संपूर्ण विश्व में जैन समाज के द्वारा जीव दया दिवस के रूप में मनाया जाता है। पूजन के पश्चात आरती एवं मंगल दीपक की गई।

इस अवसर पर मूर्तिपूजक संघ के सदस्य बड़ी संख्या में जुटे। पूजन पश्चात सभी महानुभावों को प्रभावना प्रदान की गई। महोत्सव में दुर्ग-भिलाई के अलावा छत्तीसगढ़ व देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालू शामिल हुए।

देवांगन समाज के राकेश अध्यक्ष निर्वाचित

■ सचिव दुष्यंत देवांगन और भूषण देवांगन बने कोषाध्यक्ष

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर ब्लाक नगर देवांगन समाज का त्रिवर्षीय कार्यकाल हेतु प्रबंधकारिणी के 11 पदों का चुनाव मां परमेश्वरी सामाजिक भवन, गयानगर में सम्पन्न हुआ। चुनाव में कुल 89 पंजीकृत मतदाताओं में से 88 ने मतदान कर सामाजिक सहभागिता का परिचय दिया। इस प्रतिष्ठित चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए राकेश देवांगन और कृष्णा देवांगन के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें राकेश देवांगन ने 46 मतों के साथ 4 मतों से विजय प्राप्त की। राकेश देवांगन समाज के दूसरी बार अध्यक्ष बने है। इसी प्रकार सचिव पद के चुनाव में दुष्यंत देवांगन ने 47 मत पाकर प्रवेश कुमार देवांगन को 6 मतों से पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद के लिए भूषण देवांगन और सुरेश देवांगन के मध्य मुकाबले में भूषण देवांगन ने 6 मतों से जीत दर्ज की। चुनाव में उपाध्यक्ष अरुण देवांगन, हेमा देवांगन, सहसचिव अश्विनी कुमार देवांगन, ममता देवांगन चुने गए है। कार्यकारिणी सदस्य आशीष देवांगन, हरी प्रसाद देवांगन, ईश्वरी देवांगन, पद्मिनी बनाए गए है।

अखाड़ा सिर्फ खेल नहीं छग की संस्कृति-परंपरा जीवंत प्रतीक है : गजेन्द्र

■ नागपंचमी पर नयापारा में भव्य अखाड़ा आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। नागपंचमी के पावन अवसर पर जय बल भीम समिति नयापारा द्वारा भव्य अखाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव उपस्थित हुए और अखाड़ा कलाकारों के अद्भुत और रोमांचक प्रदर्शन देखे और उनका उत्साहवर्धन किये।

इस दौरान विधायक गजेन्द्र ने कहा कि अखाड़ा केवल एक खेल नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध

कला, संस्कृति और परंपरा का जीवंत उदाहरण है। यह हमारे सनातन संस्कृति के शौर्य, वीरता और अनुशासन का अद्भुत संगम है, जो युवा पीढ़ी को अनुशासित जीवन और आत्मबल की प्रेरणा देता है।

नयापारा चौक पर आयोजित एक दिवसीय भव्य आयोजन के दौरान प्रतिभाशाली अखाड़ा कलाकारों ने अपने अद्भुत और रोमांचक प्रदर्शन से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शकों की भीड़ से तालियों की गड़गड़ाहट गूंजता रहा।

कलाकारों ने पारंपरिक युद्ध कौशल सहित कई हैरतंगेज खेल का प्रदर्शित किये जिसे मोबाइल कैमरा में लोग कैप्चर करने होड़ लगी रही। पारंपरिक युद्ध कौशलों का जीवंत प्रदर्शन कार्यक्रम की मुख्य विशेषता रहा।

विधायक ने कहा की जय बल भीम समिति द्वारा आयोजित यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम रहा, बल्कि लोक संस्कृति के संरक्षण और प्रसार की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में भी सामने आया।

उन्होंने आयोजक समिति को इस आयोजन को हर वर्ष आयोजित करने आव्हान किये जिससे युवा पीढ़ी अनुशासन और कठिन अभ्यास से प्रेरित हो और लोक संस्कृति का संवर्धन हो सके।

कार्यक्रम में पार्षद मनीष साहू, गोविन्द देवांगन, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, रामसिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

मुरमुंदा विशेष शिविर में 40 का निराकरण

दुर्ग/नवप्रदेश। सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत धमधा विकासखण्ड के ग्राम मुरमुंदा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में क्लस्टर स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस शिविर के माध्यम से पूर्व में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। साथ ही नए आवेदन भी प्राप्त हुए। इस दौरान आज कुल 116 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 40 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष 76 आवेदन लंबित हैं। इससे पूर्व 20 मई 2025 को आयोजित सुशासन तिहार में कुल 2630 आवेदन प्राप्त हुए थे, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थे। शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित प्राप्त आवेदनों की जानकारी देते हुए उनके शत-प्रतिशत निराकरण के बारे में बताया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, धमधा जनपद पंचायत अध्यक्ष लिमन साहू, ग्राम सरपंच पुष्पा परमानंद साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

भिलाई इस्पात संयंत्र में 'संशोधित पीसीपी-2024' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के भिलाई प्रबंधन विकास केन्द्र (बीएमडीसी) में 25 और 26 जुलाई 2025 को ÷संशोधित पीसीपी-2024 के अंतर्गत सर्विस कॉन्ट्रैक्ट÷ विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एचआर-एलएंडडी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य संशोधित पीसीपी-2024 दिशा-निर्देशों की व्याख्या और उसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संयंत्र कर्मियों को जागरूक एवं दक्ष बनाना था।

इस समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (सीबीडी) श्री इन्द्रजीत सेनगुप्ता थे, जबकि महाप्रबंधक प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष (एचआर-एलएंडडी) संजीव कुमार श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्घाटन संबोधन में मुख्य अतिथि सेनगुप्ता ने सेवा अनुबंधों को संशोधित पीसीपी-2024 के अनुरूप संचालित करने की आवश्यकता और उससे जुड़ी जवाबदेही को रेखांकित किया। वहीं महाप्रबंधक प्रभारी श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव ने संस्थान के भीतर निरंतर अधिगम की संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की संकल्पना महाप्रबंधक (एचआर-एलएंडडी) श्री सौरभ वार्ष्णेय ने सीबीडी, सीसी-एनडब्ल्यू, सतर्कता तथा परिचालन विभागों से विचार-विमर्श कर तैयार की तथा इसका समन्वयन विकास सरिन द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने संवादात्मक व्याख्यान, शैक्षणिक सत्रों, केस स्टडीज़ तथा गहन चर्चा के माध्यम से नीति से जुड़ी व्यावहारिक जटिलताओं पर चर्चा की एवं बेहतर समझ विकसित करने का प्रयास किया। आयोजन में उप प्रबंधक (एचआर-एलएंडडी) श्री जोजन जोस ने सभी गणमान्य अतिथियों, विभाग प्रमुखों, संकायों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सीजीएम (सीसी-डब्लू), एसीवीओ, जीएम (आईईडी), विभिन्न विभागों के प्रमुखों, एचआर-एलएंडडी एवं बीएमडीसी की टीमों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कन्या महाविद्यालय में चला स्वच्छता अभियान

दुर्ग/नवप्रदेश। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वय द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत् राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के निर्देश में स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता के नारे लगाते हुए पांच बिल्डिंग निवासी कॉलोनी में 'स्वच्छता जागरूकता रैली' निकाली। तत्पश्चात् महाविद्यालय परिसर को पॉलीथीन (प्लास्टिक मुक्त) बनाने के लिए सफाई अभियान चलाया एवं अन्य छात्राओं को स्वच्छता हेतु प्रेरित करते हुए व्यक्तिगत रूप से परिसर को स्वच्छ रखने हेतु शपथ दिलायी। प्राचार्य श्रीवास्तव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन में बहुत आवश्यक है। इस दौरान पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें कु. सिमरन लाखे, हर्षिता, कविता मालेकर, हीम देशमुख, नीतू देशमुख, ममता महानंद। स्वच्छता से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी की गई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक की डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने की।

महापौर ने ली बैठक | **सफाई व्यवस्था को बेहतर करने पार्षदों ने रखे सुझाव**

वार्ड के सुपरवाइजर सफाई के बाद पार्षद से लेंगे हस्ताक्षर

रिसाली/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रिसाली के सफाई सुपरवाइजर अब हर दिन कार्यो की जानकारी पार्षद को देंगे। इसके अलावा वार्ड के नागरिकों से किए गए सफाई कार्य को प्रमाणित कराते हुए रजिस्टर में हस्ताक्षर लेंगे। यह निर्णय महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ली गई।

आयुक्त मोनिका वर्मा ने सफाई सुपरवाइजरों को निर्देश दी है कि वे प्रत्येक वार्ड के लिए तीन रजिस्टर बनाए। नाली सफाई प्रतिदिन कहां से कहां तक हुई इसे नागरिकों से प्रमाणित कराए। इसी तरह से सड़क और बाजार की

सफाई के बाद गैंग द्वारा किए कार्यो की पुष्टी कर क्षेत्रीय पार्षद को अवगत कराए। आयुक्त ने यह भी कहा कि पार्षद की सफाई संबंधी शिकायत को वे रिमार्क कॉलम में नोट कर जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को अवगत कराकर निराकरण करे। बुधवार को महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सदस्य अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, रंजीता बेनुआ, ममता यादव, जमुना ठाकुर, पार्षद चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, विनय नेताम, धर्मेन्द्र भगत, अनुप डे, शीला नारखेड़े, सोनिया देवांगन, रमा साहू, हरीशचन्द्र नायक, खिलेन्द्र चन्द्राकर, पार्वती, सारिका साहू आदि उपस्थि थे।

12 बजे के बाद बनेगा क्लस्टर

पार्षदों की शिकायत थी कि दोपहर 12 बजे के बाद सफाई कर्मचारी नजर नहीं आते है। उनका ड्यूटी 2 बजे तक है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने इसका निराकरण करते हुए कार्य योजना तैयार करने कहा कि अब 3 से 4 वार्ड का क्लस्टर बनेगा। बल्क में कर्मचारी एकत्र होकर प्रतिदिन किसी एक जगह सफाई करेंगे। इसके लिए पार्षद को रोस्टर उपलब्ध कराने भी कहा गया।

नई व्यवस्था

आयुक्त ने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। शीघ्र ही नागरिकों के लिए टेलीफोन नंबर उपलब्ध कराया जाएगा। नागरिक अब सीधे कंट्रोल रूम में शिकायत कर सकेंगे। शाम तक आए शिकायतों का निराकरण के लिए प्राथमिकता के आधार पर सूची तैयार कर सुपरवाइजर को दिया जाएगा।

आलबरस स्कूल में नवयुवकों के द्वारा वितरण किया पाठ्य सामग्री

दुर्ग(अंजोरा)/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला आलबरस में सभी कक्षा के बच्चे बच्चियों को युवाओं के द्वारा पाठ्य सामग्री वितरण किया गया बच्चों को पाठ सामग्री बांटने का उद्देश्य बच्चे निरंतर स्कूल आते रहे पढ़ाई लिखाई में आगे बढ़ते रहे पढ़ाई के साथ-साथ अपने गांव अपनी स्कूल और अपने माता-पिता का नाम आगे बढ़ते रहें। वितरण युवा समिति के नंदूराम देशमुख (उपसरपंच)अध्यक्ष सूरज रामटेक (रायपुर कोर्ट कर्मचारी) टूमेंद्र सोनू देशमुख(अंडा निकुम मंडल धर्म प्रचारक प्रमुख) राजा देशमुख (युवा कोषाध्यक्ष दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज एवं शिक्षाविद शाला समिति आलबरस) संजय नेताम (बजरंग दल कार्यकर्ता) एमंत देशमुख (युवा पंच) कन्हैया स्टेशनरी दुर्ग, हरिशंकर देशमुख, स्कूल की प्रधानपाठिका सावित्री चंदेल , गुमीता साहू और सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

राजिम की छात्राओं ने जम्मू-कश्मीर के जवानों के लिए भेजी स्वनिर्मित राखी

राजिम/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला सहिस पारा, राजिम की छात्राओं ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर एक अनूठी पहल की है। शिक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में छात्राओं ने अपने हाथों से रंग-बिरंगी और भावपूर्ण राखियां बनाईं और उन्हें जम्मू-कश्मीर में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों के लिए डाक के माध्यम से भेजा। इस पहल का उद्देश्य देश की सीमाओं पर तैनात वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करना है, जो वर्ष भर अपनी जान जोखिम में डालकर देशवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। छात्राओं के मन में यह विचार तब आया जब उन्होंने महसूस किया कि देश के सैनिक, जो हर पल हमारी रक्षा के लिए सीमाओं

पर डटे रहते हैं, त्योहारों के समय भी अपने परिवारों से दूर रहकर कर्तव्य निभाते हैं। रक्षाबंधन जैसे पवित्र पर्व पर उनकी कलाई सूनी न रहे, इस भावना के साथ छात्राओं ने अपने शिक्षकों के सहयोग से राखी बनाने का निर्णय लिया। इन राखियों को बनाने में छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और भावनाओं को समर्पित किया, ताकि प्रत्येक राखी जवानों के लिए प्रेम और शुभकामनाओं का प्रतीक बन सके।

छात्राओं ने राखी निर्माण के दौरान यह कामना की कि देश के ये वीर जवान हमेशा स्वस्थ रहें, दीर्घायु हों और उनकी बहादुरी देश की एकता और अखंडता को और मजबूत करे। स्वनिर्मित रक्षा सूत्रों को सजाने के लिए उन्होंने रंगीन धागों, मोतियों और अन्य सजावटी सामग्रियों का उपयोग किया। प्रत्येक राखी के साथ छात्राओं ने अपने हृदय से निकली शुभकामनाएं और प्रार्थनाएं भी जोड़ीं, जिसमें जवानों के साहस, समर्पण और बलिदान के प्रति उनकी गहरी कृतज्ञता झलकती है।

राखियों को डाक के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में तैनात सीआरपीएफ के जवानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। यह छोटी सी कोशिश उन जवानों के लिए एक बड़ा संदेश है, जो दिन-रात हमारी सुरक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। इस पहल ने न केवल छात्राओं को देशभक्ति की भावना से जोड़ा, बल्कि स्कूल और समुदाय के बीच एक सकारात्मक संदेश भी प्रसारित किया। शासकीय प्राथमिक शाला सहिस पारा, राजिम की यह पहल अन्य स्कूलों और समुदायों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकती है। यह दर्शाता है कि छोटे-छोटे कदमों से भी हम अपने देश के नायकों के प्रति अपनी कृतज्ञता और प्रेम व्यक्त कर सकते हैं।

छोटे प्रयासों से समाज और देश के लिए बड़ा बदलाव लाया जा सकता

इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक रेवती देशमुख और सहायक शिक्षक नेमीचंद साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने न केवल छात्राओं को राखी बनाने की प्रक्रिया में मार्गदर्शन प्रदान किया, बल्कि उन्हें देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी के मूल्यों को समझाने में भी सहायता की। इस पहल के माध्यम से छात्राओं में न केवल देश के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना जागृत हुई, बल्कि उन्हें यह भी समझ में आया कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी समाज और देश के लिए बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

अवैध खनन : चेन माउंटेन और एक हाइवा रेत खनिज विभाग ने की जप्त

राजिम/नवप्रदेश। जिले में अवैध रेत खनन पर शिकंजा कसने जिला प्रशासन ने एक बार फिर सख्ती दिखाई है। कलेक्टर बी.एस. उइके के स्पष्ट निर्देश पर सोमवार को खनिज विभाग की टीम ने पांडुका विकासखंड के कुरूसकेरा क्षेत्र में दबिश देकर अवैध खनन में लिप्त एक चेन मशीन और रेत से भरी एक हाइवा को जब्त किया। दोनों को थाना पांडुका लाकर सुरक्षित खड़ा किया गया है, जहां आगे की कार्रवाई जारी है। जानकारी के मुताबिक, जिले में अवैध रेत खनन की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद प्रशासन ने रणनीतिक रूप से क्षेत्र की निगरानी तेज की थी। सोमवार को बारिश के बावजूद अधिकारी और कर्मचारी छाता लेकर मौके पर पहुंचे और छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, अब तक सात चेन मशीनें जब्त की जा चुकी हैं–जिनमें से छह पांडुका थाने और एक फिंगेश्वर थाने में सुरक्षित रखी गई है।

प्रशासन की इस लगातार हो रही कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में खलबली मच गई है। कलेक्टर बी.एस. उइके ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जिले में अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

गरियाबंद और मैनपुर को आकांक्षी ब्लॉक रैंकिंग में बड़ी सफलता

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम से पिछड़े विकासखण्डों का हो रहा विकास : विधायक रोहित साहू

- नीति आयोग से मिला गोल्ड अरबसिल्वर मेडल, समर्पित कार्यों के लिए अधिकारी-कर्मचारियों का हुआ सम्मान

गरियाबंद/नवप्रदेश। नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत गरियाबंद जिले के मैनपुर और गरियाबंद विकासखंड ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए गोल्ड सौर सिल्वर मेडल प्राप्त किया है। यह सम्मान स्वास्थ्य, शिक्षा, सुपोषण, कृषि, पेयजल और सामाजिक विकास जैसे बुनियादी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया है। इस उपलब्धि को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान स्थिति मंगल भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अधिकारी और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू एवं जनप्रतिनिधि जनक राम ध्रुव उपस्थित रहे।

समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू एवं जनप्रतिनिधि जनक राम ध्रुव उपस्थित रहे। उनके साथ कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, कलेक्टर बी.एस. उइके और जिला पंचायत सीईओ बी. मरकाम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए।

जिला प्रशासन ने जानकारी दी कि नीति आयोग द्वारा जारी आकांक्षी ब्लॉकों की डेल्टा रैंकिंग में मैनपुर और गरियाबंद ने अपने प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से हितग्राहियों को योजनाओं का सीधा लाभ मिला और योजनाओं का सेचुरेशन (पूर्णता) हासिल किया गया।

कृषि, स्वास्थ्य, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, लीड बैंक, एनआरएलएम और शिक्षा विभाग जैसे प्रमुख विभागों ने निरंतर श्रम और प्रतिबद्धता से योजनाओं का क्रियान्वयन किया।

इस अवसर पर बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि मैनपुर और गरियाबंद जैसे दुर्गम क्षेत्रों में योजनाओं का सफल कार्यान्वयन पूरी टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। सभी को बधाई। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, पंचायत सहित अन्य विभाग के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

यह उपलब्धि सामूहिक विकास की प्रतिबद्धता का प्रतीक : रोहित साहू

इस अवसर पर कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि यह उपलब्धि केवल प्रशासकीय नहीं, बल्कि सामूहिक विकास की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इससे यह सिद्ध होता है कि इच्छाशक्ति और ईमानदारी से काम लिया जाए तो सबसे पिछड़ा क्षेत्र भी विकास के शिखर को छू सकता है। उन्होंने कार्यक्रम में राज्य और केंद्र सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं का भी बखान किया। विधायक ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार आदिवासी और पिछड़े जनजाति के लोगो के विकास के लिए काम कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य ओर अन्य बुनियादी सुविधाएं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने गोल्ड और सिल्वर मेडल के लिए जिला प्रशासन और सभी अधिकारी कर्मचारी को बधाई दी।

विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

- जीएनएम छात्राओ की पेंटिंग प्रतियोगिता
- हेपेटाइटिस से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में जानकारी साझा की गई

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण संस्था में 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर नर्सिंग छात्राओं की पेंटिंग प्रतियोगिता रखी गई। इस दौरान हेपेटाइटिस से बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव ने बताया कि हेपेटाइटिस का मुख्य कारण एल्कोहॉल के साथ-साथ नान-एल्कोहॉल फैटी लिवर भी होता है, हेपेटाइटिस से सावधानी बरतने के लिए एल्कोहॉल के साथ-साथ जंक फूड सेवन न करने की सलाह दी गई, हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण बुखार व थकान, भूख कम लगना, उल्टी, त्वचा में खुजली, गहरे रंग का पेशाब, शरीर में दर्द इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हेपेटाइटिस बी व सी के बारे में भी बताया गया कि असुरक्षित इंजेक्शन, गोदना, कान-नाक छिदवाने में संक्रमित सुई और स्याही के उपयोग, संक्रमित यौन संबंध और संक्रमित रक्त के संपर्क में आने से फैलता है। इससे बचाव के लिए इंजेक्शन और रेजर ब्लेड का एक ही बार उपयोग करें। रक्त पंजीकृत ब्लड बैंक से लें, नवाजातों को हेपेटाइटिस बी की खुराक दें, हेपेटाइटिस पॉजीटिव माताओं से जन्मे नवजात को 24 घंटे में हेपेटाइटिस इम्यूनो ग्लोबिन और एचबीआई जी इंजेक्शन लगाना जरूरी है। हेपेटाइटिस बी और सी निःशुल्क जांच, परामर्श, ईलाज और टीकाकरण की सुविधा जिले के सभी शासकीय अस्पतालों एवं मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध है। लोगों से अपील की गई कि वे नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं।

कृषि स्थायी समिति की प्रथम बैठक संपन्न, विभागीय योजनाओं की गई समीक्षा

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के कृषि स्थायी समिति की पहली बैठक सोमवार को उप संचालक कृषि कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कृषि स्थायी समिति की सभापति देवकी दीवान ने की। बैठक में समिति के सदस्यगण कुमारी भास्कर, रामदुलारी सिन्हा, रवि कुमार साहू, उप संचालक कृषि, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, सहायक संचालक उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन, बीज प्रक्रिया प्रभारी, जिला विपणन अधिकारी, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक तथा कृषि यंत्री उपस्थित रहे। बैठक में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं प्रगति का प्रस्तुतीकरण समिति के समक्ष किया गया। बीज एवं उर्वरक वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए सदस्यों ने सुझाव दिया कि डी.ए.पी. के स्थान पर एन.पी.के. व एस.एस.पी. जैसे वैकल्पिक उर्वरकों को अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जाए। सदस्यों ने निर्देशित किया कि जहां भी प्रशिक्षण, प्रदर्शन या अन्य कृषि संबंधी कार्यक्रम आयोजित हों, उसकी जानकारी समिति के सदस्यों को पूर्व में अनिवार्य रूप से दी जाए। उद्यानिकी विभाग को कृषकों के लिए नर्सरी भ्रमण कार्यक्रम संचालित करने और किसानों को धान के विकल्प के रूप में दलहन, तिलहन, मक्का एवं रागी की खेती के लिए प्रेरित करने हेतु प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग को कृत्रिम गर्भाधान योजनाओं को गति देने, वहीं कृषि यंत्री महासमुंद को कृषि यंत्र सेवा केंद्र की स्थापना एवं इससे जुड़ी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में बीज प्रक्रिया केंद्र में संचालित ग्रेडिंग मशीन की भी जानकारी समिति को प्रदान की गई। बैठक में किसानों के हित में लिए गए निर्णयों एवं दिए गए सुझावों को गंभीरता से क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल पंचमदीवान, शासकीय माध्यमिक शाला सुरखी में स्कूली बालिकाओं को एक माह का आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य बालिकाओं को शारीरिक मानसिक सामाजिक रूप से मजबूत एवं सशक्त बनाना है ताकि किसी भी खतरे का सामना कर सके।

मंडल सेक्टर जोन गठन के लिए प्रभारी ने ली बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज संगठन की बैठक आयोजित किया गया, जिसमें मंडल सेक्टर जोन के गठन की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमरजीत चावला, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष खिलावन बघेल के अध्यक्षता में, विशेष अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बैठक में चावला ने शहर के विभिन्न वार्डों एवं क्षेत्रों में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करने का लक्ष्य तय किया गया। प्रभारी ने बताया कि प्रत्येक मंडल, सेक्टर में स्थानीय स्तर पर सक्रिय

कार्यकर्ताओं की एक संगठित टीम गठित की जाएगी, जो जमीनी स्तर पर जनसमस्याओं के समाधान के साथ-साथ पार्टी की नीति और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएगी। साथ ही, यह संरचना आगामी चुनावों की तैयारी में भी एक निर्णायक भूमिका निभाएगी। बैठक मे प्रभारी ने कहा कि संगठन की जड़ें तभी मजबूत होंगी, जब हर स्तर पर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को स्पष्ट दिशा, उचित मंच और सहभागिता प्राप्त हो। मंडल सेक्टर जोन का गठन इसी सोच को साकार करने की दिशा में एक रणनीतिक प्रयास है, जिससे क्षेत्रीय मुद्दों का समाधान स्थानीय स्तर पर त्वरित रूप से किया जा सकेगा। बैठक में ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, अमन चंद्राकर युवक कांग्रेस अध्यक्ष, शाहबाज रजवानी एनएसयूआई अध्यक्ष, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री,गौरव चंद्राकर महामंत्री,प्रदीप चंद्राकर प्रदेश महामंत्री,लक्ष्मी देवांगन सदस्य छत्तीसगढ़ शासन,नितेंद्र बैनर्जी सेवादल अध्यक्ष, वीरेंद्र चंद्राकर,भारत सिंह ठाकुर,भानु सोनी मौजूद रहे।

कोपरा पांडुका अंचल में नागपंचमी गुरु शिष्यों ने मनाया

कोपरा नवापारा। नागपंचमी के पावन अवसर पर कुकदा बांध में आज आध्यात्म, श्रद्धा और संस्कार का एक अनोखा संगम देखने को मिला। नागपंचमी के अवसर पर गुरु शिष्यों के द्वारा भोलेनाथ के प्रति उनकी अटूट आस्था और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान भाव की झलक स्पष्ट दिखाई दे रहीं हैं।नागपंचमी को पारंपरिक पर्व के रूप गुरु शिष्यों के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। नागपंचमी के अवसर पर नाग देवता की पूजा अर्चना करने से भोले नाथ प्रसन्न होते हैं। नाग पंचमी सावन माह शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि को ही मनाया जाता हैं। आज के दिन गुरु शिष्य नाग पंचमी मना कर भगवान भोले नाथ से आशीर्वाद लेते हैं और सुख शांति की कामना करते हैं।इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक भाव से जोड़ना ही नहीं बल्कि उन्हें भारतीय परंपराओं की समझ और आदर का भाव देना भी है। गुरु

शिष्यों के द्वारा पूजन-अर्चन वैदिक मंत्रों के साथ किया गया। भोलेनाथ को जलाभिषेक कर फूलों से सजी थाली अर्पित की गई।शिष्यों ने हाथ जोड़कर ईश्वर से सुख-शांति और सद्बुद्धि की कामना की। नागपंचमी के अवसर पर नारायण साहू, चोवा राम साहू, रेवा साहू, रिखी साहू, चमन साहू, खिलेश्वर गोस्वामी, शेषनारायण साहू, गोपाल साहू, श्रवण नागरची, टीकम साहू, ओम कुमार साहू, बीसू साहू, खुमेश्वर साहू, अश्वनी तारक, बडू तारक, झामन साहू, लोकू साहू, राहुल साहू सहित उपस्थित थे।

अमृतेश्वर महादेव मंदिर में भजन संध्या के साथ प्रसादी वितरण

कुरूद/नवप्रदेश। जन सेवा संस्था कुरूद द्वारा आज अमृतेश्वर महादेव मंदिर में भजन संध्या के साथ आरती पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। इस भंडारा प्रसादी में माननीय विधायक अजय चंद्राकर जी पंकज नायडू, कृष्णकांत साहू,सुरेश अग्रवाल जितेंद्र चंद्राकर पुरुषोत्तम चंद्राकर,शेखर चंद्राकर जन सेवा संस्था के सदस्य गण दीपक शर्मा, विजय केला दीपक अग्रवाल अनिल चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, हरीश केला, सौरव चंद्राकर, योगेश चंद्राकर , हितेंद्र केला,गिरीश बाजपेई, टिंकू बंसल ,बालू केला ,महेश केला,गोविन्द शर्मा, लालू केला,सौरभ केला, सुशील केला ,कमलेश गांधी , मल्लू सिन्हा आदि सदस्य मौजूद रहे।

नए सिरे से कांग्रेस कमेटी का होगा गठन

गरियाबंद/नवप्रदेश। पीसीसी ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में नए सिरे से जवाबदेही तय करने जा रही है।इसके लिए पीसीसी द्वारा बनाए गए शहर कांग्रेस प्रभारी संजय नेताम ने आज शहर कांग्रेस का बैठक लिया।सेक्टरों को मंडल में परिवर्तित करने रूपरेखा बनाया गया।शहर में मौजूद 10 बूथों को दो सेक्टर में बांटा गया,और 2 सेक्टर मिला कर एक मंडल बनाया जा रहा है।भाजपा संगठन संरचना के तर्ज पर गठित मंडल में समन्वय स्थापित कर जवाबदारी तय किया जाएगा।पहले एक सेक्टर था,अब दो सेक्टर बनाया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा चेहरे को पद भार देकर संगठन में बेहतर समन्वय बनाया जा सके।

शहर प्रभारी संजय नेताम की मौजूदगी में आज बैठक में उन जवाबदारों के नाम पर भी राय सुमारी किया गया।तय नामों की सूची प्रभारी द्वारा कल जिला प्रभारी धनेन्द्र साहू को सौंपा जायेगा।अंतिम मुहर पीसीसी से लगेगी। इस बैठक में शहर अध्यक्ष प्रेम सोनवानी, पार्षद छगन यादव,वरिष्ठ नेता राजेश साहू,मुकेश रामटेक,योगेश बघेल,अवध राम यादव,प्रतिभा गणेश राम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

जलभराव | क्षमता का 70 प्रतिशत पानी भर गया

बारिश के चलते कोडार बांध का जल स्तर बढ़ा, 21.40 फीट पानी

- बारिश का पानी जंगल, नालों व खेतों के रास्ते पहुंच रहा बांध

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में पिछले 120 घंटे से हो रही निरंतर बारिश के चलते शहीद वीर नारायण सिंह बांध (कोडार) की क्षमता का 70 प्रतिशत पानी भर गया है। बागबाहरा के कैचमेंट एरिया से भी पर्याप्त पानी आने के कारण कोडार बांध भरने का क्रम जारी है। कोडार बांध में अभी तक 21.40 फीट पानी भर गया है। शहीद वीर नारायणन सिंह बांध (कोडार डेम) की क्षमता 30.50 फीट की है। इस बांध में बागबाहरा के नवापारा, खल्लारी, पटेवा, गबौद, सरायपाली, खैरवार, ठुमसा सहित 14 गांव कोडार बांध के कैचमेंट एरिया में आते हैं। जब बारिश होती है तो इन गांवों के जंगल, नालों व खेतों से पानी बहकर कोडार बांध तक पहुंचता है जिससे बांध भरने में सहायक होते हैं। बांध में एकत्रित इस पानी का उपयोग खरीफ फसल धान के लिए एक साल दांए नहर से व दूसरे साल बांए नहर से सिंचाई के लिए किया जाता है। इसके अलावा ग्रीष्मकाल में दांए व बांए नहर से लगभग 50 गांवों के तालाब भरे जाते हैं ताकि इन गांवो में निस्तारी की समस्या न हो। इस साल 1 अप्रैल से 4 मई तक निस्तारी के लिए बांध से पानी छोड़ा गया। बाद कोडार में 5.70 फीट पानी शेष रह गया था। गर्मी में पानी के वाष्पीकरण के बाद 5.30 फीट पानी बचा था। मानसून की शुरूआत में हुई बारिश के बाद बांध का जलस्तर 1 जुलाई को 7.50 फीट हो गया था। साल 1982 में बने कोडार बांध की लगभग 43 साल में एक बार भी सफाई नहीं हुई है जिससे बांध में सिल्ट जमा हो गया है और बांध की जलभराव क्षमता 15 फीसद कम हो गई है। अगर समय रहते ही बांध में जमे सिल्ट की सफाई नहीं होती है तो धीरे-धीरे सिल्ट बढ़ने से खरीफ फसल धान व निस्तारी के लिए समस्या उत्पन्न हो सकती है।

कोडार में तीन दिन में 3.7 फीट जल भराव

गर्मी में निस्तारी के लिए पानी देने के बाद 29 जून को कोडार में 5.30 फीट पानी था। जो मानसून की शुरूआत के बाद 1 जुलाई को 7.50 फीट, 10 जुलाई को यह बढ़कर 14.50 फीट हो गया। पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश जारी है। जिससे बागबाहरा के कैचमेंट एरिया से बांध में लगातार पानी एकत्रित हो रहा है। 25 जुलाई को बांध में 17.70 फीट पानी था जो अब 21.40 फीट हो गया है। पिछले पांच दिनों में ही कोडार में 3.7 फीट पानी भरा है।

न्यूज गैलरी

हिममणि सोम पेंशनर्स समाज में शामिल हुई

नगरी/नवप्रदेश। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नगरी से व्याख्याता पद से सेवानिवृत्त हुई हिममणि सोम ने छ ग़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा नगरी में उपस्थित होकर पेंशनर समाज की सदस्यता ग्रहण की । वरिष्ठ संरक्षक के एस परिहार एवं एल एन दीक्षित ने उनका गुलाल बंदन लगाकर तथा श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया । सदस्यता ग्रहण करने की सभी औपचारिकताएं सचिव पी आर चंद्रवंशी ने पूरी कराई । सभी उपस्थित पेंशनर्स समाज ने उन्हें दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की । इस अवसर पर बी एस सुरेशा, डी एस ध्रुव, जगदीश साहू, एल एस गजपाल, जे के साहू , आर एल साहू, एस एल मोहन , एस वर्मा, शकुन कश्यप, जी सी साहू एवं एस पी ग्वाले आदि पेंशनर्स उपस्थित रहे ।

खेल शिक्षक योगा शिक्षक के लिए आवेदन 5 तक

भाटापारा/नवप्रदेश। पी. एम. श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शिवलाल मेहता भाटापारा में सत्र 2025-26 हेतु अंशकालीन खेल शिक्षक /योगा शिक्षक के एक पद के लिए सेवाएं ली जानी है जिसके लिए न्यूनतम योग्यता शारीरिक शिक्षा में स्नातक डिग्री अथवा योग शिक्षा में स्नातक डिग्री होना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य केशव देवांगन ने बताया कि इस पद के लिए इच्छुक उमीदवार आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्रों सहित दिनाँक 05/08/25 तक विद्यालय में जमा कर सकते है। उम्मीदवार का चयन मेरिट आधार पर होगा जिसका निर्णय जिला स्तर पर जिला समिति के अनुसार होगा। अधिकृत जानकारी हेतु रावणभाटा स्थित विद्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

कुलदीप कम उम्र पर से मुर्तियां निर्माण कर रहे

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा निवासी कुलदीप प्रजापति

12वी से इसी वर्ष निकलकर अपनी कला को एक नया आयम दे रहा है बिना किसी से सीखे बीना किसी साचे कि मदद लिए अनेको अनेक आकृति का मुर्तिया तैयार कर रहा है इसने 5 फिट से अधिक बडी गणेश मुर्तिया तैयार की है ग्रामीण सत्यावान वा देवा वैष्णव ने बताया बिना सीखे मुर्तिया बनना आसन नही है कइ कठनाइयो का सामना करना पडता है फिर भी कुलदीप दृण संकल्प से मिट्टी से अनेको अनेक मुर्तिया बना रहा है।

जिप सभापति राजा जायसवाल वन महोत्सव में हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत अमलीडीह में पौधरोपण का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति राजा जयसवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं, प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए इससे न केवल पर्यावरण संतुलित होता हैं, बल्कि वायुमंडलीय शुद्धता भी बनी रहती हैं।

मायादेवी केशरवानी का निधन

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय सदर बाजार अनाज लाइन निवासी स्वर्गीय बालकृष्ण केसरवानी धर्म

पत्नी श्रीमती माया देवी केसरवानी (85 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया।उनकी अंतिम यात्रा आज गुरुवार को सुबह 10:00 बजे निवास स्थान सदर बाजार, अनाज लाइन से मारवाड़ी शमशान घाट के लिए निकलेगी । वह रामकिशन केसरवानी (रामू) हरीश केसरवानी (लालु)की माता जी एवं अधिवक्ता मोतीलाल ,मोहनलाल, विनोद कुमार प्रमोद कुमार केसरवानी की चाची थी।

रमेश भाई श्रीमाली का निधन

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय सदर बाजार स्थित अनुराधा ज्वैलर्स के संचालक एवं गुजराती समाज के

वरिष्ठ सदस्य रमेश भाई श्रीमाली का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया।वे लगभग 64 वर्ष के थे।उनका अंतिम संस्कार आज गुरुवार को प्रात: 10 बजे मारवाड़ी शमशान घाट में होगा।वे दिनेश श्रीमाली के भाई थे।

राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुए शिवरतन शर्मा

■ **एक राष्ट्र, एक चुनाव देश को स्थायित्व और विकास की ओर ले जाने वाला संकल्प हैं: शिवरतन**

भाटापारा/नवप्रदेश। केंद्रीय भाजपा कार्यालय दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यशाला में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा शामिल हुए।

शिवरतन शर्मा ने दूरभाष में चर्चा कर बताया की ÷एक राष्ट्र एक चुनाव÷ के संदर्भ दिल्ली भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय कार्यालय में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला 6संगठनात्मक बैठक8 में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, राष्ट्रीय मंत्री ओम प्रकाश धनकर, अनिल के एंटोनी एवं कामाख्या प्रसाद तासा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

शिवरतन शर्मा ने कहा की ÷एक राष्ट्र, एक चुनाव ङ्क देश को स्थायित्व और विकास की ओर ले जाने वाला संकल्प हैं !

कार्यशाला के विषय में बताते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा है कि केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक राष्ट्र एक चुनाव कार्यशाला में देश के सभी राज्यों के प्रतिनिधि मौजूद रहे. एक राष्ट्र एक चुनाव की देश को आवश्यकता है. इस कार्यशाला के माध्यम से एक राष्ट्र का अभियान बने, इस मुद्दे पर हमने चर्चा की है. शिवरतन शर्मा ने कहा है कि बार-बार देश के भीतर चुनाव होने से विकास कार्य बाधित होता है. पिछले 30 सालों का अगर इतिहास देखेंगे तो हर साल किसी न किसी राज्य का लोकसभा का चुनाव, विधानसभा का चुनाव, निकाय के चुनाव होते रहते हैं. लगातार साल भर चुनावी प्रक्रिया चलती रहती हैं, उसी कारण से जहां समय की बर्बादी होती है, धन की बर्बादी संसाधन की बर्बादी होती है. शिवरतन शर्मा ने कहा है कि इसके साथ-साथ पूरी सरकारी मशीनरी लगाई जाती है, मुझे जानकारी मिली अभी 2024 के लोकसभा का चुनाव हुआ, जिसमें एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारी लगे, देश को हमें अगर विकसित भारत बनाना है विकसित दिशा में लेकर जाना है. तो हमें संसाधनों को भी बचाना होगा और समय को भी बचाना होगा, जैसे-जैसे चुनाव बार-बार आते हैं तो बार-बार आचार संहिता लगते हैं और विकास के काम रुक जाते हैं। उन्होंने कहा कि देश के लिए, राष्ट्र के लिए, एक राष्ट्र एक चुनाव,, एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है. हर देशवासी को गंभीरता के साथ इसको लेना चाहिए।

सिहावा मेन रोड में भरा पानी वाहन चालक परेशान

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत भीतररास अंतर्गत सिहावा बस स्टेशन मुख्य मार्ग में बारिश के चलते पानी भर गया है कई घरो में पानी भर चुका है जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा स्कूली बच्चे भी इसी मार्ग से गुजरते हैं पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई है भीतररास संरपच रेमन्त शान्डिल्य ने बताया नाली निर्माण हेतु स्वीकृत हो चुका है लेकिन मनरेगा राशि की स्वीकृति नहीं हुई है उन्होंने इस विषय पर शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराया अपितु सीर्फ आश्वासन ही मिलता आया है उन्होंने ने मनरेगा राशि जल्द से जल्द स्वीकृति करने की अपील की है।

सेजेस सिंगपुर का थाती बनेगा नॉलेज सेंटर कुछ दिनों के बाद रविवार को भी दिखेंगे बच्चे

नगरी/नवप्रदेश। सेजेस सिंगपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की अनुशंसाओं को पूर्णतः क्रियान्वित करने का भरसक प्रयास विद्यालय एवम समुदाय के परस्पर सहयोग से जारी है। शिक्षा नीति की प्रमुख अनुशंसा है कि बच्चे हायर सेकेंडरी के पश्चात उच्च शिक्षा,व्यावसायिक शिक्षा या किसी न किसी प्रतियोगी परीक्षा में संलग्न हो। बच्चे कॉम्पिटीटर बने। ग्रामीण क्षेत्र में यह तभी सम्भव है जब बच्चों को इस सम्बंध में उचित मार्गदर्शन के साथ साथ पर्याप्त संसाधन मिले। सेजेस सिंगपुर में इस दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। आम पालकों से विचार विमर्श एवम उनकी सहमति पश्चात पुस्तकालय को ÷ थाती ÷ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों में टेलेंट होने के बाद भी शहर के महंगे कोचिंग की फीस जुटाने की क्षमता नहीं होती। बच्चे प्रतियोगी परीक्षा से सम्बंधित महंगी पुस्तकें नहीं खरीद पाते, फलतः ऐसे बच्चे प्रतियोगिता से ही दूर छिटक जाते हैं। इसी समस्या का समाधान निकालने की कोशिश सेजेस सिंगपुर के प्राचार्य ,शिक्षक एवम पालक कर रहे हैं। जब विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्ही पी. चन्द्रा ने पालकों के समक्ष इस एक लाइन

का प्रस्ताव ÷ हर माता पिता को अपने बच्चे के जन्म दिन पर एक प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तक विद्यालय को साल में एक बार देनी है। बदले में ऐसे बच्चों को पौने चार सौ प्रतियोगी पुस्तकें मिलेंगी आम पालकों में उत्साह का संचार हो गया। सभी पालकों ने एक मतेन प्राचार्य के प्रस्ताव पर मुहर लगा दिया। बैठक में ही इसके सफल क्रियान्वयन हेतु शिक्षक ,पालक तथा छात्र संघ परिषद के बच्चों को शामिल कर एक समिति गठित की गई।

व्याख्याता रामभुवन मारकोले को इसका संयोजक तथा जितेंद्र ध्रुव शिक्षक को सह संयोजक बनाया गया है। छात्र संघ परिषद के चार बच्चों को इस समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है।यह ग्रामीण जनों के संकल्प से स्थापित पुस्तकालय ' थाती ' को अब नॉलेज सेंटर के रूप में प्रसिद्धि मिलनी वाली है। इस 'थाती ' को समृद्ध करने के शिक्षक घर घर जाकर पालकों से सम्पर्क कर रहे हैं। पालकों से निवेदन किया जा रहा है कि वे अपनी शादी के साल गिरह में, माता पिता की स्मृति में , जन्म दिन पर ,किसी सामाजिक उत्सव के बहाने प्रतियोगी परीक्षा की पुस्तकें देकर विद्यालय के पुस्तकालय को ' थाती ' बनाएं। एस एम डी सी ,पालक , सेजेस के प्राचार्य एवम समस्त शिक्षकों की पहल से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए यह ग्रन्थालय नॉलेज सेंटर के रूप में कार्य करेगा। इसे समृद्ध बनाने के बाद प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों,तथा आम पालकों के लिए अवकाश के दिनों में भी इसे खोला जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सकें। पालकगण विद्यालय के प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए अपने बच्चों के जन्म दिन पर विद्यालय को पुस्तक भेंट कर रहे हैं। आने वाले दिनों में यह 'थाती ' सिंगपुर जैसे पिछड़े क्षेत्र के बच्चों के विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा।

प्रीतम सिन्हा को मिली भाजपा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर के अनुमोदन पर गरियाबंद क्षेत्र के वरिष्ठतम नेता प्रीतम सिन्हा को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।इसके पूर्व में छुरा मंडल कोषाध्यक्ष एवम महामंत्री, मंडल अध्यक्ष पांडुका, भाजपा आर टी आई प्रदेश कार्यकारणी सदस्य, गरियाबंद मंडल के प्रभारी साहित संगठन के पदों पर निष्ठा पूर्वक कार्य किए हैं। प्रीतम सिन्हा गरियाबंद जिला में पांडुका मंडल के अध्यक्ष रहते संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार संघर्ष किए। अपने मंडल कार्यकाल में युवा, महिलाओं, पूर्व शिक्षक एवम वरिष्ठ बुजुर्गों, छात्राओं एवम कवि का भी सम्मान कार्यक्रम अयोजित कर प्रदेश में पांडुका मंडल के नाम को शीर्ष पर पहुंचाया।

वही प्रीतम सिन्हा अपने तेज तर्रार छवि के लिए भी जानें जाते हैं।साथ ही संगठन का लम्बा अनुभव हैं। जिसका लाभ जिला भाजपा संगठन गरियाबंद को मिलेगा। नए पदाधिकारियों की नियुक्ति से पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। राजिम विधानसभा एवं जिले के सभी कार्यकर्ताओं ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी है। विधायक रोहित साहू एवं जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने मुंह मीठा कर बधाई दी तथा पार्टी की रीति नीति को अग्रसर करने की शुभकामनाएं दी। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को सांसद रुपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद व भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, बिंद्रानवागढ़ के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राम कुमार साहू, संजीव चंद्रकार, अंजू नायक, संदीप पाण्डेय, कमलेश साहू, किशन कंडारा, चंदन साहू, प्रकाश सिन्हा, ओमप्रकाश साहू, खिलेश्वर गोस्वामी, गुलशन सिन्हा, हेमंत निर्मलकर ने बधाई दिया।

तीन दिवसीय महासती मंदिर का मेला 5 से

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री महासती मंदिर का 73 वा वार्षिकोत्सव 5 अगस्त से 7 अगस्त तक मनाया जायेगा। 6 अगस्त द्वादश के दिन मुख्य कार्यक्रम में सुबह 9 बजे सुंदरकांड पाठ (पंचमुखी सुंदरकांड

समिति के द्वारा) दोपहर 12 बजे मुख्य गर्भगृह में छप्पन भोग व महाआरती होगी। दोपहर 2 बजे से रामराज्यभिषेक (पंडित सनत कुमार मिश्र चित्रकूट , पंडित नंदकिशोर वैष्णव भाटापारा , बिंदु सत्संग मंडल एवं श्याम मित्र मंडल के द्वारा संपन्न होने के बाद श्री राम दरबार की आरती व प्रसाद वितरण। रात 7 बजे पुनः मुख्य दरबार की आरती तथा रात्रि 8 बजे से जयपुर से पधार रही भजन प्रवाहिका श्री मति कोमल शर्मा का भजन कार्यक्रम होगा ज्ञात हो सतीयो के मंदिरों में श्री महासती मंदिर छत्तीसगढ़ की सर्वप्रथम मंदिर है जहां मुख्य गर्भगृह में तीन देवियां क्रमशः महालक्ष्मी जी , महासती जी , महादुर्गा जी विराजमान है । परिक्रमा की ओर में अनेक देवी देवताओं के मंदिर भी है। मंदिर में कुल सात अखंड ज्योत प्रज्जलवित है जिसमें गर्भगृह में दो, श्री हनुमान जी की एक तथा चार अखंड ज्योत श्री शिव जी के मंदिर में जल रही है। मंदिर स्थापना के समय से चित्रकूट के पंडित रामपाल जी त्रिपाठी अपनी सेवाएं देते रहे तत्पश्चात उनके निधन के बाद से वर्तमान में उनके पुत्र पंडित उमाकांत जी सेवाएं दे रहे है।

आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जन जागरूकता शिविर संपन्न

भाटापारा आयुक्त आयुष विभाग एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ.गोदावरी पैंकरा के मार्गदर्शन में निशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जन जागरूकता शिविर का आयोजन ग्राम खिलोरा के महामाया चौक में किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम की सरपंच अनीता साहू एवं जनपद सदस्य नर्मदा साहू जनप्रतिनिधि कुंभ साहू, लक्ष्मी नारायण वर्मा आदि के द्वारा भगवान धनवंतरी की पूजा के साथ हुआ।

गांजा तस्कर को कोर्ट ने सुनाई 12 साल की सजा

महासमुंद/नवप्रदेश। गांजा परिवहन करने के एक मामले में एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश सुश्री संघपुष्पा भतपहरी ने म.प्र के सिहोर के वार्ड नंबर 8 निवासी मुकेश बंजारा पिता उमराव बंजारा 39 साल को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) (।।) (सी) के तहत 12 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 1 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक साल का सश्रम कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार 12 जुलाई 24 को कोमाखान थाना क्षेत्र के पुलिस टीम रात पेट्रोलिंग एवं जुर्म पतासाजी के लिए घोयनाबाहरा, सुअरमाल, चंदरपुर की ओर रवाना हुए थे। उसी समय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नीले रंग के एसपी साइन मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 41 जेड ई 8624 में ओडिशा की ओर से अवैध रूप से गांजा रखकर विक्रय के लिए आ रहा है। सूचना पर टेमरी नाका पहुंचकर घेराबंदी किया गया। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए मोटरसाइकिल पहुंचा जिसमें एक व्यक्ति बैठा हुआ था और अपने साथ दो नग प्लास्टिक नीले रंग के बड़े ड्रंम को मोटरसाइकिल में बांधा हुआ था। उसे रोका गया तो उक्त व्यक्ति घबरा गया और अपना नाम मुकेश बंजारा बताया। पूछताछ करने पर बालूगुड़ा ओडिशा से मादक पदार्थ गांजा खरीदकर म.प्र में बिक्री के लिए ले जाना बताया। तौल करने पर गांजा 30 कि.ग्रा निकला जिसे जब्त की गई। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर से विशेष लोकअभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

महुआ शराब के साथ तीन गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पुलिस ने ग्राम धनसुली के तालाब किनारे से महुआ शराब बिक्री करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धनसुली निवासी नूनकर विश्वकर्मा (59), झलक गाड़ा (42), हेमलाल गाड़ा (31) से कुल 17 लीटर महुआ शराब व शराब बिक्री की रकम 600 रुपये जब्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। इसी तरह सांकरा पुलिस ने ग्राम चारभांठा में अजीत चौहान (40) के कब्जे से 6 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

उद्योग, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में किशोरों से काम लेते पाये जाने पर होगी जेल

■ **बाल श्रम निषेध कानूनों की दी जा रही जानकारी**

महासमुंद/नवप्रदेश। श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम के उन्मूलन के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिले में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से लोगों को बाल श्रम निषेध संबंधी कानूनों की जानकारी दी जा रही है। इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के नियोजन को पूर्णतः रोकना और 14 से 18 वर्ष की उम्र के किशोरों को खतरनाक क्षेत्र में कार्यों से दूर रखना है।

श्रम पदाधिकारी डी. एन पात्र ने बताया कि बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। वहीं 14 से 18 वर्ष के किशोरों का 107 अधिसूचित कार्यों एवं स्थलों में नियोजन गैरकानूनी है। इनमें मुख्य रूप से कारखाना, होटल, ढाबा एवं रेस्टोरेंट, घरेलू कार्य, ईंट भट्ठा, खपरेल निर्माण, ऑटोमोबाइल वर्कशॉप, गैरेज, भवन एवं अन्य निर्माण कार्य, विस्फोटक पदार्थ, पटाखा निर्माण, बिक्री, बीड़ी-तंबाकू उद्योग, अगरबत्ती निर्माण, कृषि कार्य जिसमें मशीनों का उपयोग हो, खाद्य सामग्री निर्माण, पत्थर खदान, कोयला खदान (भूमिगत/जलमग्न) आदि कार्य शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्थान उपरोक्त नियमों का उल्लंघन करते हुए बालक अथवा किशोर को कार्यरत पाता है, तो उसे न्यूनतम 06 माह से 02 वर्ष तक के कारावास या 20 हजार से 50 हजार रुपए तक का जुर्माना या दोनों सजाएं दी जा सकती हैं। साथ ही अधिनियम के तहत प्रत्येक संस्थान में बाल श्रम निषेध सूचना को प्रदर्शित करना अनिवार्य है। श्रम विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी स्थान पर बाल श्रमिक कार्यरत दिखाई दें, तो इसकी सूचना तत्काल श्रम विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800-233-2197 पर दर्ज कराएं, जिससे बच्चों को उनके अधिकार और सुरक्षित भविष्य मिल सके।

शिकायत के बाद पुलिस ने गुंडागर्दी करने वाला युवक को किया गिरफ्तार

कार में की तोड़फोड़

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। शहर में बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कड़ी कार्रवाई कर रही है। शहर में गुंडागर्दी करने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताया गया कि आरोपी शराब पीने के लिए पैसे मांग रहा था, मना करने पर उसने जान से मारने की धमकी दी और चाकू से हमला कर दिया। उसने घर के बाहर खड़ी कार में भी तोड़फोड़ की। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, नवापारा के बगदेही पारा वार्ड क्रमांक 18 निवासी

अनूप खरे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें अनूप ने पुलिस को बताया कि 27 जुलाई की रात करीब 9.15 बजे वार्ड का ही रहने वाला सत्यम विश्वकर्मा उसके घर पहुंचा और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। जब अनूप ने पैसे देने से इनकार किया तो सत्यम ने उसे अश्लील गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और चाकू मारने की कोशिश की। अनूप किसी तरह अपनी जान बचाकर घर के अंदर गया।

आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज

इसके बाद आरोपी सत्यम ने पड़ोसी अविजित ठाकुर के घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। जब अविजित के दामाद अमित ठाकुर ने उसे रोकने की कोशिश की तो आरोपी ने गुस्से में अमित ठाकुर पर रॉड से हमला कर दिया। अमित ठाकुर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सत्यम के खिलाफ 296, 351(2), 115(2), 119(1), 324(4) बीएनएस और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

गुंडे-बदमाश को सख्त चेतावनी

पुलिस ने दोनों मामलों में अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है और उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। नवापारा थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल ने कहा कि गुंडे-बदमाश सुधार जाएं। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि शहर को अपराध मुक्त बनाना है। अगर अपराध से संबंधित कोई भी शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

चाकू दिखाकर धमकाया बाइक लेकर भागा

बताया गया कि आरोपी सत्यम विश्वकर्मा आपराधिक प्रवृत्ति का है। आरोपी ने 27 जुलाई की रात करीब 8 बजे ग्राम दुलना-पटेवा रोड पर मारपीट की थी। प्रार्थी कोमल सोनवानी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमें पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ रात करीब 8 बजे पटेवा-दुलना रोड ग्राम पटेवा के तालाब के पास गुटखा खाने के लिए रुका था। आरोपी सत्यम ने कोमल सोनवानी को हंसिया और चाकू दिखाकर धमकाया और उसकी बाइक अपने घर ले गया।

स्कूल का समय बदलने का संघ ने किया विरोध

महासमुंद/नवप्रदेश। छग टीचर्स एसोसिएशन लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी नये समय सारिणी में शनिवार को शाला संचालन का समय सुबह 10 बजे से 4 बजे तक किए जाने का विरोध कर रहे हैं। शनिवार को शाला का संचालन पहले जैसे सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक करने की मांग की जा रही है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने कहा कि शनिवार सुबह स्कूल होने से पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना 'करें योग, रहें निरोग' का सुचारू संचालन होता है। 10 बजे से शाला संचालित करने पर बच्चे योगाभ्यास से दूर हो जाएंगे। व्यायाम, योगाभ्यास, खेलकूद के लिए सुबह का समय अच्छा होता है। मध्यान्ह भोजन खिलाया जाता है जिसका समय सभी शालाओं में 1:10 बजे हुआ करता था, जिसे बदलकर प्राथमिक शालाओं के लिए 1:45 बजे से कर दिया गया है जबकि माध्यमिक शालाओं के बच्चों को पूर्व की भांति 1:10 बजे ही मध्याह्न भोजन दिया जाएगा। नन्हे बच्चों को लगभग 1 घंटे अतिरिक्त समय तक भूखा रखने का कोई विशेष कारण समझ नहीं आता है। एसोसिएशन ने कहा कि नए दिशा निर्देश के कारण मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईयों को भी अब अलग अलग 2 बार वितरण करना पड़ेगा।

व्यस्ततम मार्ग में वाहनों के साथ की पेट्रोलिंग, यातायात बाधित न करने लोगों को किया जागरूक

एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एएसपी ट्रैफिक रामगोपाल करियारे ने यातायात पुलिस का किया वार्षिक निरीक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर नियमित रूप से अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के अनुशासन, कार्यकुशलता, दक्षता, कर्तव्यनिष्ठा और टर्न आउट आदि का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश एवं हिदायत दिया जाता है। साथ ही अच्छे कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईनाम और लापरवाह, कर्तव्यहीन, दायित्व के प्रति उदासीन, अकर्मण्य, अपेक्षा अनुरूप दक्ष नही होना और अनुशासनहीन अधिकारियों कर्मचारियों को निंदित की जाती है।

इसी क्रम में आज पुलिस परेड ग्राउंड पुलिस लाइन बिलासपुर में यातायात विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों का वार्षिक निरीक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल कार्यालय के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों का टोली बनाकर निरीक्षकों के द्वारा ड्रिल कराई गई एवं यातायात मैन्युअल अभ्यास सभी अधिकारियों कर्मचारियों का कराया गया। यातायात विभाग में उपयोग होने वाले समस्त वाहनों का रखरखाव, गाड़ियों में आपात स्थिति में रखे जाने वाले विभिन्न इमरजेंसी सामग्रियां, मेडिकल किट एवं वाहनों में रखे जाने वाले सुरक्षा उपकरण रस्सी, केन, जीवन रक्षक दवाईयाँ, व्हील लॉक आदि का अवलोकन किया गया। समस्त अधिकारियों कर्मचारियों के टर्नआउट का बारीकी से अवलोकन करते हुए अव्वल दर्जे का अनुशासन एवं उत्कृष्ट टर्न आउट धारण करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को इनाम दी गई। साथ ही लापरवाह एवं अनुशासनहीन अधिकारियों कर्मचारियों को निंदित की गई और उन्हें हिदायत दिया गया कि अपने कार्य दक्षता में सदैव पारंगत बनने का प्रयास करें अन्यथा सेवा के अनुकूल आचरण, व्यवहार, अनुशासन एवं कार्य कुशलता का अभाव पाए जाने पर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। इस दौरान 25 अधिकारी कर्मचारी को बेहतर टर्न आउट के लिए इनाम दी गयी।

इस दौरान यातायात बिलासपुर के पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा शारीरिक यातायात संकेतो के प्रदर्शन कराते हुए उसका जायजा लिया गया तथा प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी को यातायात नियमों, संकेतों, निर्देशों तथा दिशा सूचक मार्गदर्शक चिन्हों का ज्ञान अनिवार्य रूप से होने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दी गई।

लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग व सतर्क रहने किया प्रेरित

नागरिकों को सरल, सुगम, सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुचारु आवागमन उपलब्ध कराए जाने हेतु सदैव अपने कर्तव्य स्थल पर पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ काम करने हेतु हिदायत एवं समझाइश दी गयी। इस दौरान उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सजग एवं सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। प्रायः यह भी देखने में आया है कि यातायात विभाग में काम करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को कई प्रकार के शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है लंबे समय तक खड़े रहने के कारण कई कर्मचारियों के पैरों में सृजन एवं वेरीकोज वेन और सड़कों के धूल और अन्य कारणों से स्वांस सम्बन्धी व्याधियों भी देखने को मिलती है लंबे समय तक खड़े होने से उनके पैरों की नसों में खून का प्रवाह अवरुद्ध होने लगता है।

यातायात विभाग के विभिन्न तकनीकी यंत्रों का भी भौतिक मुआयना किया गया। उपस्थित समस्त अधिकारी- कर्मचारियों को विषम परिस्थितियों के बाउजूद भी आम जनता के साथ शालीनता और विभागीय गरिमा और तहजीब के साथ पेश आने और व्यवहार करने की सिख दी गयी। उपस्थित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों का कुशल क्षेम पूछा गया एवं उनके शारीरिक मानसिक और व्यक्तिगत परेशानियों पर गभीरतापूर्वक ध्यान देते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय भेजे जाने आस्वस्थ किया गया।

न्यूज गैलरी

3 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में अतिरिक्त कोचों की स्थाई सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं में निरंतर वृद्धि करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 3 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों में वातानुकूलित श्रेणी की अतिरिक्त कोचों की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। विवरण इस प्रकार है - गाड़ी संख्या 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 एवं एसी-2 कोच की सुविधा दुर्ग से 1 अगस्त से तथा अम्बिकापुर से 2 अगस्त से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 18756/18755 अम्बिकापुर-शहडोल-अम्बिकापुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 एवं एसी-2 कोच की सुविधा अम्बिकापुर से 2 अगस्त से तथा शहडोल से 2 अगस्त से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 22867/22868 दुर्ग-निज़ामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा दुर्ग से 1 अगस्त से तथा निज़ामुद्दीन से 2 अगस्त से स्थायी रूप से उपलब्ध रहेगी । इन कोचों की उपलब्धता से इन गाड़ियों में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्रियों को कन्फर्म बर्थ की सुविधा सुनिश्चित होगी।

बिलासपुर मंडल की स्वास्थ्य जागरूकता के लिए बेहतरीन पहल

स्टेशन परिसर में हेल्थ कियोस्क से यात्रियों को मिल रही चिकित्सीय जांच की बेहतरीन सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर मंडल ने बेहतर स्वास्थ्य जागरूकता की बेहतरीन पहल की शुरुआत की है। इसी क्रम में, बिलासपुर रेलवे स्टेशन परिसर में हेल्थ कियोस्क की स्थापना की गई है, जो यात्रियों को आवश्यक चिकित्सीय जांच की सुविधा प्रदान कर रही है।

यह हेल्थ कियोस्क आधुनिक तकनीक से सुसज्जित है और यात्रियों को ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, विजन टेस्ट, कलर ब्लाइंडनेस टेस्ट, एचबी टेस्ट, हार्ट रेट, कान की जाँच आदि की जांच की सुविधा कम समय में किफायती दर पर उपलब्ध करवा रहा है। इसके अलावा 99 रुपए में 31 प्रकार की जांच, 129 रुपए में मातृत्व देखभाल पैकेज, 139 रुपए में बच्चों का स्वास्थ्य चेकअप, 349 रुपए में डायबिटीज़ केयर पैकेज, 399 रुपए में वरिष्ठ नागरिक वेलनेस पैकेज, 749 रुपए में समग्र स्वास्थ्य जांच पैकेज के साथ ही बाजार से काफी किफ़ायती दर में 64 प्रकार की स्वास्थ्य जांच की तुरंत रिपोर्ट जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध है। यह कियोस्क अत्याधुनिक उपकरणों और डिजिटल तकनीक से लैस होने के फलस्वरूप यात्रियों को त्वरित और सटीक रिपोर्ट प्रदान कर रही है । बिलासपुर रेलवे स्टेशन परिसर में हेल्थ कियोस्क से यात्रियों एवं आमजनों को चिकित्सीय जाँच की सुविधा मिल रही है। यह हेल्थ कियोस्क बिलासपुर स्टेशन परिसर में स्थित रेल कोच रेस्टोरेन्ट के सामने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के बगल में स्थित है, जो प्रतिदिन सुबह 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक लोगों की सुविधा हेतु खुली रहती है। रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस पहल को साकार किया गया है। हेल्थ कियोस्क न केवल आकस्मिक स्वास्थ्य समस्याओं की शीघ्र पहचान में सहायक है, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता को भी बढ़ावा देने का माध्यम बन रहा है।

रेलवे में यात्रियों की बढ़ रही विश्वसनीयता : सिंह

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि मंडल द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल यात्रियों की सुविधा में वृद्धि कर रहा है बल्कि रेलवे के प्रति उनकी विश्वासनीयता को भी मजबूत कर रहा है। हेल्थ कियोस्क की इस सेवा से यात्रियों को मेडिकल जांच के लिए समय बचाने और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने में सहायता मिल रही है। यात्रियों के लिए यह सेवा स्वास्थ्य सुरक्षा और जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है । साथ ही यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के दौरान अपने स्वास्थ्य की निगरानी करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष ने की तुंगन नाला में ऊंचे पुल बनाने की मांग

■ **कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

सीपत/नवप्रदेश। ग्राम झलमला स्थित तुंगन नाला पर बने पुराने और नीचले पुल ने एक मासूम की जान ले ली और अब यह जनप्रतिनिधियों की प्राथमिकता में आ गया है। भारतीय जनता पार्टी सीपत मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कलेक्टर संजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते हुए यहां ऊँचा व चौड़ा पुल निर्माण की तत्काल आवश्यकता जताई है। दीपक शर्मा ने बताया कि वर्ष 1994-95 में बना यह पुल अब जानलेवा बन चुका है। बरसात में इसकी ऊँचाई इतनी कम पड़ जाती है कि 6 से 7 फीट तक पानी बहता है, जिससे आवागमन ठप हो जाता है और दुर्घटनाओं का खतरा मंडराने लगता है। यह पुल सीपत को बेलतरा व अन्य गांवों से जोड़ता है और स्कूली बच्चों, मरीजों, ग्रामीणों के लिए यही एकमात्र मार्ग है। बारिश में यह रास्ता मौत का फंदा बन जाता है।

> यह पुल केवल एक रास्ता नहीं, बल्कि हजारों लोगों की जीवनरेखा है। अगर समय रहते ऊँचा पुल नहीं बना, तो हादसे और बढ़ सकते हैं।
>
> **दीपक शर्मा**
> मंडल अध्यक्ष, भाजपा सीपत

तीन साल का तेजस बन गया शिकार

24 जुलाई को खम्हरिया निवासी मोहनलाल की कार झलमला नाले के तेज बहाव में बह गई, जिसमें तीन वर्षीय तेजस साहू की मौत हो गई। दीपक शर्मा ने इस हृदयविदारक हादसे को ज्ञापन में विशेष रूप से उल्लेख करते हुए इसे नीचले पुल की लापरवाही का प्रत्यक्ष परिणाम बताया।

सीयू में स्नातक स्तर पर प्रवेश के लिए रिकॉर्ड अभ्यर्थियों ने किया पंजीयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक स्तर में प्रवेश के लिए रिकॉर्ड 32292 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सक्षम नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय नित नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है। अध्ययन-अध्यापन के लिए हरित परिसर देश के श्रेष्ठ उच्च शिक्षण केन्द्रों में से एक है।

पिछले वर्ष की तुलना में 13709 ज्यादा पंजीयन

सत्र 2025-26 के लिए 32292 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 13709 ज्यादा पंजीयन है। सत्र 2024-25 के लिए 18583 विद्यार्थियों ने प्रवेश हेतु पंजीयन किया था। सत्र 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26 हेतु प्रवेश के लिए पंजीयन कराने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 70 से ज्यादा है।

सीयू में सत्र 2025-26 के लिए 26 स्नातक कार्यक्रम तथा 01 डिप्लोमा कार्यक्रम हेतु 32292 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया है। जिसमें कला स्नातक (ऑनर्स) (मानव विज्ञान) में 349, कला स्नातक (ऑनर्स) (अर्थशास्त्र) में 679, कला स्नातक (ऑनर्स) (हिंदी) में 180, कला स्नातक (ऑनर्स) (इतिहास) में 672, कला स्नातक (ऑनर्स) (पत्रकारिता एवं जनसंचार) में 607, कला स्नातक (ऑनर्स) (राजनीति विज्ञान) में 851, कला स्नातक (ऑनर्स) (अंग्रेजी) में 831, बीबीए में 1245, वाणिज्य स्नातक (ऑनर्स) (वाणिज्य) में 1098, बीसीए में 1295, बीए एलएलबी में 2531, बीकॉम एलएलबी में 1050, फार्मेसी स्नातक में 2580, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (मानव विज्ञान) में 864, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (जैव प्रौद्योगिकी) में 4271, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (वनस्पति विज्ञान) में 1892, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (रसायन विज्ञान) में 1395, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (कंप्यूटर विज्ञान) में 259, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (इलेक्ट्रॉनिक्स) में 324, विज्ञान स्नातक विज्ञान (ऑनर्स) (भौतिकी) में 807, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (फोरेंसिक विज्ञान) में 2584, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (वानिकी) में 1225, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (गणित) में 829, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (ग्रामीण प्रौद्योगिकी) में 464, विज्ञान स्नातक (ऑनर्स) (प्राणी विज्ञान) में 2621, समाज कार्य स्नातक में 291, एवं डिप्लोमा फार्मेसी में 498 शामिल हैं।

जिले में अब तक 657.6 मि.मी. बारिश दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में चालू खरीफ मौसम में अब तक 657.6 मि.मी. बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले 10 वर्ष के औसत बारिश 498.1 मि.मी. से 159.5 मि.मी. अधिक है। जानकारी के अनुसार सबसे अधिक बारिश 793 मि.मी. बेलगहना तहसील में और सबसे कम बारिश 536.4 मि.मी. कोटा में रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार बिलासपुर तहसील में 788.1 मि.मी., बिल्हा तहसील में 641.3 मि.मी., मस्तूरी में 652.1 मि.मी., तखतपुर में 703.2 मि.मी. दर्ज की गई है।

विद्युत कार्यालय प्रांगण तिफरा में मनाया गया वन महोत्सव

बिलासपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा इस वर्ष वृक्षारोपण के तहत पूरे प्रदेश में स्थापित अपने विभिन्न कार्यालयों और उत्पादन संयंत्रों में 15 अगस्त 2025 तक 50 हजार फलदार एवं छायादार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में तिफरा स्थित विद्युत कार्यालय परिसर में कार्यपालक निदेशक (बि.क्षे.) ए.के. अम्बस्ट एवं कार्यपालक निदेशक (उपकेन्द्र) कल्पना घाटे, अतिरिक्त मुख्य अभियंता डी.के.भोजक अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगड़े, पी.आर.साहू, डी.पी. बारवा, स्मिता सूर्यवंशी एवं बड़ी संख्या में पॉवर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक पेड मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अभियान में विद्युत कंपनी लेडीज क्लब के रून्की अम्बस्ट, ज्योति भोजक, ममता साहू एवं साक्षी केनार ने भी वृक्षारोपण कर अपनी सहभागिता दी। कार्यपालक निदेशक ए.के.अम्बस्ट ने बताया कि बिलासपुर क्षेत्र के सभी कार्यालयों में पौधे रोपे जा रहें हैं, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे, साथ ही उन्होने कहा कि हम अपने भावी पीढ़ी के सुखद भविष्य के लिये अधिक से अधिक पौधों का संरक्षण भी करें।इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता पी.व्ही.एस. राजकुमार, बी.के.सरकार, रूपेन्द्र साहू, सुरेश जाटवर, सूर्यकांत जायसवाल, प्रीती रानि साव, सोनल दवे एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने पौधे लगाकर अपना योगदान दिया।

सिम्स में ऑपरेशन के दौरान सोनोग्राफी की मदद से निकाले लोहे के चार तार

10 वर्षीय बालक के पैर दर्द से मिली राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स बिलासपुर ने चिकित्सकीय क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। रेडियोलॉजी विभाग और सर्जरी विभाग के संयुक्त प्रयास से ऑपरेशन के दौरान सोनोग्राफी की मदद से एक 10 वर्षीय बालक के पैर में फंसे लोहे के चार तार को सफलतापूर्वक निकाला गया।

लमेर निवासी 10 वर्षीय आदित्य खांडे पिता दीप कुमार लगभग चार माह पूर्व साइकिल चलाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। हादसे में साइकिल का टायर फटने से बाहर निकला लोहे का तार उसके दाहिने पैर में घुस गया। तार पैर में टूटकर अंदर फंस गया और चार टुकड़ों में लगभग 2 से 5 सेमी लंबाई में मांसपेशियों में धंस गया। इसके बाद बच्चे को लगातार सूजन और दर्द की शिकायत बनी रही। तीन दिन पूर्व परिजन उसे सिम्स के सर्जरी विभाग में लेकर पहुंचे, जहां सर्जन डॉ. बी.डी. तिवारी ने जाँच करवाई। एक्सरे और सोनोग्राफी से यह पुष्टि हुई कि तार पैर की मांसपेशियों में गहराई तक धंसा हुआ है, और अंदर ही अंदर मवाद बन चुका है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डॉ. ओ.पी. राज एवं डॉ. बी.डी. तिवारी ने ऑपरेशन का निर्णय लिया। परंतु ऑपरेशन के दौरान चीरफाड़ को न्यूनतम रखने और तारों की सटीक जगह जानने के लिए रेडियोलॉजी विभाग की मदद ली गई। विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह के निर्देशन में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमन अग्रवाल ने ऑपरेशन थिएटर में ही लाइव सोनोग्राफी के माध्यम से लोहे के तारों की सटीक स्थिति चिन्हित की। इसके आधार पर सर्जनों ने बहुत ही कम चीरफाड़ कर सफलतापूर्वक सभी चारो तारों को निकाल दिया गाया मेल सर्जरी वर्ड मे इलाज जारी है। इस जटिल ऑपरेशन में सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. रघुराज सिंह, एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. भावना रायजादा, डॉ. मिल्टन, डॉ. श्वेता कुजूर, और डॉ. मयंक अग्रे का सराहनीय योगदान रहा।

संबलपुर स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य, कुछ ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में पूर्व तटीय रेलवे में संबलपुर मंडल के संबलपुर स्टेशन का यार्ड रिमॉडलिंग हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ गाडियाँ प्रभावित रहेंगी, जिसका विवरण नीचे दिया गया है। **रद्द होने वाली गाडियां-** 6 अगस्त से 14 अगस्त तक बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 58214 बिलासपुर-टिटिलागढ़ पैसेंजर रद्द रहेगी। 7 अगस्त से 15 अगस्त तक टिटिलागढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 58213 टिटिलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 6 अगस्त से 14 अगस्त तक टिटिलागढ़ से चलने वाली गाड़ी संख्या 58217 टिटिलागढ़-रायपुर पैसेंजर रद्द रहेगी। 7 अगस्त से 15 अगस्त तक रायपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 58218 रायपुर-टिटिलागढ़ पैसेंजर रद्द रहेगी।

कार्रवाई

निगम ने खमतराई, बिरकोना, सकरी में साढ़े 26 एकड़ के 8 प्लॉट पर की कार्रवाई

7 बुलडोजर, 8 डंपर से रोड, नाला और बाउंड्रीवाल किया ध्वस्त, दो मकान भी जमींदोज

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर में हो रहे अवैध प्लाटिंग पर नगर निगम ने आज बड़े पैमाने पर कार्रवाई किया है। एक साथ शहर के 8 अवैध प्लॉटिंग पर बड़ी कार्रवाई की गई है। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर निगम की टीम ने सुबह एक साथ यें कार्रवाई शुरू कि जो देर शाम तक जारी रहा। शहर के अलग-अलग हिस्सों में संचालित कुल साढ़े छब्बीस एकड़ के अवैध प्लाटिंग पर एक साथ कार्रवाई में निगम ने 7 बुलडोजर और 8 डंपर का उपयोग किया। कार्रवाई के तहत अवैध प्लॉट में बनाए गए बाउंड्रीवाल,रोड और नाला को तोड़ दिया गया है और कंस्ट्रक्शन मटेरियल को जब्त कर लिया गया है। नगर निगम सीमांतर्गत जोन क्रमांक 7 के खमतराई और बिरकोना मार्ग में संचालित अवैध प्लाटिंग जिसमें शिवा विहार नितेश यादव,खसरा नंबर 421/17, ललिता देवी शर्मा खसरा नंबर 391/12,ललिता देवी शर्मा खसरा नंबर 391/5,बत्तीसा देवी विश्वकर्मा खसरा नंबर 309/12, कुसुमलता बैसवाड़े खसरा नंबर 309/10,मनहरण दास मानिकपुरी खसरा नंबर 377। बिरकोना रोड में दुलौरिन धुरी के खसरा नंबर 559/77,559/79,559/81, 559/83,559/85, राधेश्याम धुरी खसरा नंबर 559/2,ज,झ,ञ, और क। बिरकोना रोड में मारूति विहार में दीपांशु श्रीवास खसरा नंबर 559/1,559/1 द,559/ 102, 559/88, मो. इकराम खसरा नंबर 559/1 ढ,559/116। इसी तरह श्रीराम पुरम कालोनी में गिरधारी लाल खसरा नंबर 9/3, बंशीधर पटेल खसरा नंबर 9/1, घनश्याम पटेल खसरा नंबर 8/2 पर कार्रवाई की गई है।

शनिचरी-गोल बाजार में 32 लोगों पर 1.25 लाख का जुर्माना

निगम ने शनिचरी और गोलबाजार एरिया में ऐसे 32 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 लाख 25 हजार रूपये जुर्माना वसूला गया और सामानों की जब्ती की गई। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर जोन क्रमांक 5 के शनिचरी बाजार और गोलबाजार एरिया में नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियाना चलाया। दुकान के बाहर फुटपाथ और सड़क पर सामान, बोर्ड रखने वाले दुकानदारों के सामान को जब्त किया गया और 32 लोगों के खिलाफ 1 लाख 25 हजार का जुर्माना भी ठोंका गया। इसके अलावा शनिचरी बाजार में गोविंद गुप्ता द्वारा अपने दुकान में बिना अनुमति के सामने की ओर अवैध निर्माण किया गया था, जिसे आज तोड़ दिया गया है।

कोटक म्युचुअल फंड ने लॉन्च किया 'कोटक एक्टिव मोमेंटम फंड'

मुंबई। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (कोटक म्युचुअल फंड) ने 'कोटक एक्टिव मोमेंटम फंड' लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो मोमेंटम थीम पर आधारित है। यह फंड कंपनी के इन-हाउस विकसित मॉडल के आधार पर उन शेयरों की पहचान करता है जिनमें अर्निंग्स मोमेंटम हो, यानी जिनकी आय में वृद्धि हो रही हो। यह स्कीम 29 जुलाई 2025 से 12 अगस्त 2025 तक सार्वजनिक निवेश के लिए खुली रहेगी।

मोमेंटम निवेश का सामान्यतः अर्थ है उन शेयरों में निवेश करना जिनकी कीमतों में तेजी हो, उम्मीद के साथ कि यह ट्रेंड जारी रहेगा। हालांकि, यह सिर्फ कीमतों तक सीमित नहीं होता। अर्निंग्स मोमेंटम उन शेयरों पर ध्यान केंद्रित करता है जिनमें आय में सुधार हो रहा हो और जिनके बारे में विश्लेषकों की राय सकारात्मक हो। कोटक एक्टिव मोमेंटम फंड ऐसे कंपनियों को लक्ष्य बनाता है जिनकी प्रति शेयर आय (ईपीएस) बढ़ रही हो, चाहे वो विश्लेषकों की ओर से मिला अपग्रेड से हो या अप्रत्याशित रूप से अच्छे तिमाही परिणामों से। यह फंड कोटक म्युचुअल फंड द्वारा विकसित विशेष मॉडल पर आधारित है, जो अर्निंग्स व बिक्री में वृद्धि और एनालिस्ट्स की रेटिंग्स के आधार पर मोमेंटम को मापता है।

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर नीलेश शाह ने कहा, ÷बाज़ार हमेशा अर्निंग्स के अधीन होते हैं।

टीवी इंडस्ट्री में बदल रही महिलाओं की स्थिति सराहनीय: नायरा बनर्जी

टेलीविजन अभिनेत्री नायरा बनर्जी ने छोटे पर्दे पर जेंडर भेदभाव से परे भूमिकाओं के बदलते स्वरूप पर बात की। उन्होंने महिला-केंद्रित शो की बढ़ती लोकप्रियता की सराहना की। हालांकि, अभिनेत्री का मानना है कि वास्तविक रूप से जिंदगी के गाड़ी के ये दोनों पहिए जरूरी हैं। नायरा ने कहा, सच्ची कहानियां दोनों जेंडर की भावनाओं को दिखाती हैं, क्योंकि परिवार और अच्छी कहानियां साझा अनुभवों पर बनती हैं। उन्होंने बताया, पहले फिल्मों में महिलाएं सिर्फ सजावटी किरदार थीं। अब टीवी पर स्थिति उलट है, महिलाएं मुख्य भूमिकाओं में हैं और पुरुष पृष्ठभूमि में।

न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छ.ग.)

क्रमांक: 347/प्रस्तुतकार/वि.अधि./2024-25

फार्म-अ

सार्वजनिक सूचना (विषय-6 देखिये)

सर्वसाधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक सोमवीर पिता चंद्रप्रकाश निवासी गांव जाट बहरोड़, तह. मुण्डावर राजधानी बैहरजाट अलवर पिन नं. 301714 आवेदिका प्रीती साहू पिता भरतलाल साहू निवासी 460 सुंदर नगर कोहका सुपेला भिलाई जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन नं. 490023 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 12.08.2025 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि. के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 19.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

(मुहर) **अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-04 जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202507104100009 /अ-19(3)/वर्ष 2024-25
ग्राम उरला प.ह.नं. 16

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदकगण समस्त सदस्यगण सोनकर समाज, पंजीयन क्रमांक- 3275 शाखा दुर्ग कार्यालय सोनकर धर्मशाला, बैजनाथ पारा दुर्ग (छ.ग.) के लिए वार्ड नं. 57, ग्राम उरला में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर- 94 का रकबा लगभग एक एकड़ भूमि चिन्हांकित किया गया है। उक्त चिन्हांकित भूमि छत्तीसगढ़ सोनकर समाज पंजीयन क्रमांक 3275 के लिये आबंटित हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि को आवंटन करने से कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 14.08.2025 को लिखित में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 16.07.2025

(मुहर) **नायब तहसीलदार दुर्ग-04 (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्रीमती रामदुलारी निर्मल | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400425/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती रामदुलारी निर्मल आ./पति श्री धनेश्वर कुमार निर्मल निवासी जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उरला प.ह.न. 16 तह. व जिला दुर्ग	649/25	0.0320 हें वर्गफीट 3500	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम श्री केशव कुमार राय | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400483/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री केशव कुमार राय आ./पति श्री पृथ्वीश चन्द्र राय निवासी 186 हुडको भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	1858	0.020 हें वर्गफीट 2400	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम बासोना राय | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400482/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका बासोना राय आ./पति श्री पृथ्वीश चन्द्र राय निवासी 186 हुडको भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तह. व जिला दुर्ग	1857	0.020 हें वर्गफीट 2400	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम समसाद बेगम अंसारी | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202507100400421/अ-2/ वर्ष 24-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती समसाद बेगम अंसारी आ./पति श्री मोहम्मद इस्माईल निवासी कुरुद भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 तह. व जिला दुर्ग	347/15	0.010 हें वर्गफीट 1100	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

(मुहर) **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

आम-सूचना

यह कि मैं अधिकृत अधिवक्ता जयराम भागवानी (जिला न्यायालय दुर्ग) आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता/करती हूँ कि मेरे पक्षकार रितेश कुमार विश्वकर्मा पिता कोमल विश्वकर्मा द्वारा दिये गये अधिकार उपरान्त विक्रेता श्रीमती सुलोचना देवांगन पति श्री राम लाल देवांगन निवासी लक्ष्मी नगर रिसाली भिलाई केता जनकलाल पिता स्व. अमृतलाल हुडको मिलाई मौजा धनोरा, प.ह.न. 53, रा.नि.म. उतई तहसील व जिला दुर्ग के खसरा नं. 770/13 रकबा 0.011 हे. 1200 वर्गफीट रजिस्ट्री दिनांक 22/09/2022 ग्रन्थ नं. 35840 पृष्ठ नं. 182-206 दस्तावेज नं. 4730, उप-पंजीयक दुर्ग की मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गया है उक्त मूल रजिस्ट्री स्टाम्प का कोई दुरूपयोग ना करे अतएव आम जनता जो कि' उक्त जमीन/मकान के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्व स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर पश्चात् किसी प्रकार की दावा आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा। सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रकाशित।

जयराम भागवानी
अधिवक्ता-जिला न्यायालय
दुर्ग, प्लाट नं. 20 पेट्रोल पंप के बाजू में न्यू आदर्शनगर दुर्ग
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9302838684

नाम-परिवर्तन

